रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 76] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 12, 2009/वैशाख 22, 1931
No. 76] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 12, 2009/VAISAKHA 22, 1931

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय

अधिसूचना

चेन्नै, 11 मई, 2009

(अध्यादेश-शैक्षणिक विषयों का निर्धारण)

फा. सं. आईएमयू/ईसी/ई एक्स ई सी/2009.—निम्नलिखित सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है :—

अध्याय-I

अध्ययन और विभागों/केन्द्रों के विद्यालय

(धारा 2 एवं 25 के साथ पठित परिनियम 18 एवं 19)

1. विश्वविद्यालय में निम्नलिखित अध्ययन के विद्यालय होंगे %

(i) नौ अध्ययन विद्यालय

(ii) समुद्री शिक्षा विद्यालय

(iii) समुद्री प्रबंधन विद्यालय

(iv) समुद्री विधि विद्यालय

(v) नौशिल्प विद्यालय

समय-समय पर अन्य विद्यालय विनिर्दिष्ट किए जायेंगे ।

2. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार द्वारा जुड़ते संस्थानों को सूची में यथा तथा जोड़ा जाए !

3. विश्वविद्यालय [illegible] महाविद्यालय/संस्थान के कार्यपालक परिषद् और सम्बन्धन बोर्ड एवं विश्वविद्यालय मान्यता के पूर्व अनुमति के बिना [illegible] पद्धति से अनुदेश रद्द नही किया जा सकता जिसको मान्यता उसे प्राप्त है। [परिनियम 34(1)(V)]

4. (i) निम्नलिखित [illegible] अध्ययन विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

   अ) [illegible]
   आ) [illegible]

   (ii) निम्नलिखित [illegible] अध्ययन विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

   अ) [illegible]
   आ) [illegible]

   (iii) निम्नलिखित [illegible] प्रबन्धन विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

   अ) [illegible]

   (vi) निम्नलिखित [illegible] विधि विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

   अ) [illegible]

   (v) निम्नलिखित [illegible] विद्यालय के समनुदिष्ट किए जायेंगे।

   अ) [illegible] /समय समय पर नए/प्रस्तुत विद्यालयों के अनुभाग/केन्द्र के समनुदिष्ट को सूचना दी जायेगी।

अध्याय – II विद्यालय बोर्ड

[(परिनियम 18(2)]

1. प्रत्येक विद्यालय [illegible] विद्यालय बोर्ड की समयावधि की समाप्ति पर परिनियम 18(2) के तहत निम्न लिखित सदस्य विद्यालय बोर्ड में होंगे।

   (i) विद्यालय [illegible])
   (ii) विद्यालय [illegible])
   (iii) विद्यालय [illegible]
   (iv) वरिष्ठ [illegible] पद्धति द्वारा हर विभाग से एक सह आचार्य और एक सहायक आचार्य
   (v) प्रत्येक [illegible] प्रतिनिधि, जिनका विद्यालय के साथ अंतःक्रिया हो, कुलपति द्वारा नामित किया जाय।
   (vi) कुलपति [illegible] विशेषज्ञ वरीयता प्राप्त शिक्षाविद, जिनकी संख्या दो से अधिक न हो।
   (vii) शैक्षिक [illegible] विशेषज्ञ जिनकी संख्या पाँच से अधिक नही हो अथवा संबंधित विषय में विशेषज्ञता और जो विश्वविद्यालय के या [illegible] संस्थान के कर्मचारी नहीं हो।

2. [illegible] पदावधि तीन सालों की होगी और वे पुनः नामांकन के पात्र भी होंगे।

3. विद्यालय के [illegible] सभापति होंगे और बोर्ड की बैठक का संयोजन करेंगे।

4. विद्यालय बोर्ड [illegible]

   (अ) विद्यालय [illegible] विभागों मे शिक्षण और अनुसंधान को सह आदिनत करना।
   (आ) ऐसी [illegible] जो शिक्षण और अनुसंधान के उस क्षेत्र में कार्य करते हों जिनकी सीमा विद्यालय के विभागों से बाहर है, गठन के साथ [illegible]
   (इ) विभाग [illegible] कार्यक्रम अनुसंधान उपाधियों सहित को अनुमोदित करना।
   (ई) कार्य [illegible] और अन्य शोध उपाधियों के लिए शोध प्रबंध के मूल्यांकन हेतु परीक्षकों के नाम की सिफारिश करना।
   (उ) विभाग [illegible] अथवा उन्मूलन के प्रस्ताव को शिक्षा परिषद को सिफारिश करना।
   (ऊ) [illegible] सुझावों को अभ्यर्थियों के अनुसंधान उपाधियों के संबंध में जिन्हें ऐसी उपाधियों के लिए उचित पाया गया हो, की सिफारिश [illegible] करना
   (ए) विद्यालय [illegible] सारिणी बनाना।
   (ऐ) विद्यालय [illegible] कल्याण के संबंध में किसी प्रस्ताव पर विचार एवं कार्य करना।

(ओ) शिक्षण और अनुसंधान की उन्नति की योजना पर विचार करने के लिए और इस संबंध में शैक्षिक परिषद् को प्रस्ताव का निवेदन करने के लिए।

(औ) अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा निर्धारित सभी कर्तव्यों का निर्वाहन करना और ऐसी सभी विषयों पर विचार करना जो कार्य परिषद, विद्या परिषद् अथवा कुलपति द्वारा उल्लेख किए गए हो।

(अं) संकाय अध्यक्ष, बोर्ड के किसी सदस्य या समिति को सामान्य या विशिष्ट शक्तियाँ कुलपति के निर्णय अनुसार प्रदान करना।

5. बोर्ड की बैठक साधारण अथवा विशेष हो सकती है। साधारण बैठक वर्ष में दो बार होगी जिसमें सैक्षणिक सत्र की पहली तिमाही में एक बैठक आयोजित की जाएगी।

6. विशेष बैठक का आयोजन संकाय अध्यक्ष निजी रूप से या कुलपति या एक पचौथी बोर्ड सदस्यों के लिखित निवेदन पर बुलाई जा सकती है।

7. बोर्ड की बैठक की गणपूर्ति कुल सदस्यता की एक तिहाई होगी।

8. बोर्ड की साधारण बैठक के लिए कम से कम निश्चित दिनांक से दस दिन पूर्व अथवा विशेष बैठक के लिए पाँच दिन पूर्व सूचना जारी की जाए।

9. इस संबंध में विनियम द्वारा निर्धारित नियम ही लागू होंगे।

अध्याय – III विभाग

धारा 2(j) के साथ पठि परिनियम 18(5)(C)

विभाग में:-

1. (a) परिनियम 18(5)(c)(v) से (iv) के अन्तर्गत गणना किए हुए सदस्यों के अतिरिक्त परिनियम 18 (5)(C)(V) के अंतर्गत निम्न सदस्य भी होंगे।

   (i) कुलपति द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए नामित विश्वविद्यालय का एक शिक्षक जो कि विभाग या केन्द्र के संबद्ध विषय में विशेषज्ञ हो, लेकिन ऐसे शिक्षक दो से अधिक विभाग या केन्द्र के सदस्य न हो।

   (ii) इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष दो छात्रों एक शोध छात्र और दूसरा स्नातकोत्तर छात्र को सदस्य के रूप में नामित कर सकते हैं।

2. विद्यालय के संकाय अध्यक्ष के सामान्य मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष निम्न कार्य करेंगे।

   (a) विभाग/केन्द्र में शिक्षण और अनुसंधान के कार्य को संगठित करें।

   (b) शिक्षण कार्य के आबंटन के अनुरूप विभाग/केन्द्र की समय सारणी बनायें।

   (c) शिक्षकों के माध्यम से कक्षा एवं प्रयोशाला में अनुशासन रखे?

   (d) विभाग/केन्द्र के शिक्षकों को प्रशासन की सही व्यवस्था बनाने के लिए काम समुनिदेशित करें और विभाग/केन्द्र में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों पर नियंत्रण के लिए कार्य समुनिदेशित करें।

   (e) संकाय अध्यक्ष, शैक्षिक परिषद्, कार्य परिषद् और कुलपति द्वारा निर्दिष्ट अन्य कार्यों का निर्वहन करें।

अध्याय – IV स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड

(परिनियम 19)

1. प्रत्येक विभाग के लिए स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड होंगे।

2. स्नातकोत्तर अध्ययन बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य होंगे:

   (i) सम्बद्ध विभाग का विभागाध्यक्ष ही पदेन अध्यक्ष होगा, जैसा मामला हो।

   (ii) विभाग के सभी आचार्य।

   (iii) वरिष्ठता के आधार पर धूर्णन पद्धति द्वारा हर विभाग से एक सह आचार्य और एक सहायक आचार्य।

   (iv) विद्यालय के भीतर ही अन्य विभागों से एक शिक्षक जिनका संबद्ध विभाग में सामान्य विषय ही हो।

   (v) चार से अधिक शिक्षक संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान में स्नातकोत्तर स्तर पर न पढ़ायें, कुलपति द्वारा विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ शिक्षकों को पारी से नामित किया जाए।

   (vi) विद्यालय बोर्ड द्वारा विशेष ज्ञान रखने वाले संबद्ध विभाग और जो विश्वविद्यालय या किसी भी संबद्धित महाविद्यालय/संस्थान के कर्मचारी जिनकी संख्या तीन से अधिक नहीं हो।

   (vii) कुलपति के पूर्व अनुमोदन से अध्यक्ष को यह शक्ति प्रदान है कि वे किसी भी विशिष्ट बैठक में प्रेक्षक के रूप में विशेषज्ञ को सहयोजित करें।

3. अध्ययन बोर्ड के सदस्यों की कार्यावधि तीन वर्ष होगी और वे पुनः नियुक्ति के योग्य होंगे।

4. बोर्ड की शक्तियां एवं क्रिया इस प्रकार है --

(अ) अनुसंधान की विभिन्न उपाधियों और अनुसंधान उपाधियों की अन्य आवश्यकताओं के लिए विषयों का अनुमोदन करना;

(आ) विभाग या महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पेश किए गए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अध्ययन पाठ्यक्रमों की सिफारिश विद्यालय बोर्ड से करना;

(इ) विद्यालय बोर्ड को सिफारिश करना, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए परीक्षक की नियुक्ति अनुसंदान उपाधियों को, विश्वविद्यालय के प्रावधान और परीक्षा शासी विनियम के अनुरूप;

(ई) संबद्ध विभाग के आवेदन पत्र पर विचार एवं सिफारिश, एम.फिल., पीएच.डी. तथा अन्य अनुसंधान कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त करने के लिए और साथ में विद्यालय बोर्ड के अनुसंधान विद्वान के पर्यवेक्षक की नियुक्ति की सिफारिश करना।

(उ) विभाग के स्नातकोत्तर शिक्षण और अनुसंधान, संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान के सुधार हंतु कदम की सिफारिश विद्यालय बोर्ड से करना।

(ऊ) विद्यालय बोर्ड, शैक्षिक परिषद्, कार्य परिषद् और कुलपति द्वारा निर्धारित अन्य कार्य का निष्पादन।

5. बैठक का संयोजन बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे।

6. बोर्ड की बैठक की सूचना बैठक के निर्धारित दिनांक से 14 दिन पूर्व दी जानी चाहिए।

7. बोर्ड की बौठक की गणपूर्ति कुल सदस्यता की एक तिहाई होगी।

8. बोर्ड की बैठन का कार्यवृत्त बोर्ड के अध्यक्ष स्वयं रखेंगे।

9. इस संबंध में विनिमय द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

अध्याय – V स्नातक शिक्षण बोर्ड

परिनियम 19(1) और (4)

1. स्नातक स्तर के प्रत्येक विषय/विधा के लिए स्नातक शिक्षण बोर्ड होगा।

2. बोर्ड के गठन में कम से कम नौ सदस्य होंगे। बोर्ड का गठन निम्नलिखित ढंग से होगा।

(i) विषय को पढ़ाने वाले विभागाध्यक्ष पदेन अध्यक्ष होंगे।

(ii) विभाग के आचार्य।

(iii) वरिष्ठता के आधार पर घूर्णन पद्धति द्वारा विभाग में एक सहायक आचार्य।

(iv) कुलपति द्वारा विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ शिक्षकों के पारी से नामित किये जाने वाले संस्थान ने स्नातक स्तर पर पढाने वाले छः से अधिक अध्यापकों की संख्या।

(v) विभागाध्यक्ष के परामर्श से कुलपति बाहर से दो विशेषज्ञ नामित करें।

यदि विश्वविद्यालय विभाग/विद्यालय में पढ़ाये न जाने वाले विषय/धारा हो तो स्नातक शिक्षण बोर्ड में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :--

(अ) संबद्ध विषय के प्राचार्य या विभागाध्यक्ष शिक्षण बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होंगे, जैसा मामला हो।

(आ) कुलपति द्वारा छः से ज्यादा शिक्षकों को संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान में नामित नहीं किया जाना चाहिए साथ ही अन्य विभिन्न शिक्षण विभागों को देखते हुए।

(इ) कुलपति द्वारा तीन से अधिक विषय विशेषज्ञ को नामित नहीं किया जाना चाहिए।

3. स्नातक शिक्षण के बोर्ड के सदस्य की कार्यावधि दो वर्ष की होगी और पुनः नियुक्ति के भी पात्र होंगे।

4. बोर्ड की शक्तियाँ एवं क्रिया इस प्रकार है :--

(अ) विश्वविद्यालय परीक्षा विनियमन के नियम के अनुसार कार्य परिषद् को परीक्षक, प्रश्न पत्र बनाने वाले आदि में प्रयुक्त नाम की सिफारिश करना।

(आ) यथावश्यक पाठ्यपुस्तक की सिफारिश करना।

(इ) विशेषज्ञ जो बोर्ड के सदस्य नहीं हों उनसे यथावश्यक परामर्श करना।

(ई) विषय की पद्धति एवं परीक्षा के पाठ्यक्रम के बारे में शैक्षिक परिषद् को सिफारिश करना।

(उ) विद्यालय बोर्ड को सिफारिश करना, स्नातक पाठ्यक्रम और शिक्षण के विषय में स्तर में सुधार के लिए शैक्षिक परिषद् द्वारा आवश्यक कदम उठाना और इस संबंध में कार्य परिषद्, शैक्षिक परिषद् और संकाय के अध्यक्ष द्वारा निर्देशित कार्य पर विचार एवं रिपोर्ट करना।

कुलपति के पूर्व अनुमोदन से अध्यक्ष को यह शक्ति प्रदान है कि वे किसी भी विशिष्ट बैठक में प्रेक्षक के रूप में विशेषज्ञ को सहयोजित करें।

5. बोर्ड की बैठक का संयोजन बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे।

(i) बोर्ड की बैठक की सूचना बैठक के निर्धारित दिन से तीन सप्ताह पूर्व जारी किया जाए।

(ii) बोर्ड के चार सदस्य गणपूर्ति बनायेंगे।

(iii) बोर्ड के अध्यक्ष बैठक के कार्यवृत्त को रखेंगे।

(iv) इस संबंध में विनियम द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

अध्याय – VI अध्ययन के विद्यालय के संकाय अध्यक्ष

परिनियम 7(3)

1. विद्यालय के संकाय अध्यक्ष

(a) विभागाध्यक्ष के माध्यम से विद्यालय में शिक्षण और अनुसंधान कार्य का समन्वय और सामान्य रूप से पर्यवेक्षण करेंगे।

(b) विभागाध्यक्ष के माध्यम से कक्षाओं में अनुशासन बनाना।

(c) सत्र के कार्य और विद्यार्थियों की लेक्चर, ट्यूटोरियल या सेमिनार जहाँ भी निर्दिष्ट हो की उपस्थिति की जाँच का रिकार्ड रखें।

(d) शैक्षिक परिषद् द्वारा निर्देशित विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय परीक्षा की व्यवस्था करना।

(e) विद्यालय के बोर्ड की बैठकों में भाग लेकर संयोजन करना और बैठक का कार्यवृत्त रखना।

(f) शैक्षिक परिषद, कार्य परिषद या कुलपति द्वारा निर्दिष्ट अन्य कार्यों को पूरा करना।

अध्याय - VII

विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार से महाविद्यालय/संस्थान में भर्ती

[धारा 27 और 30(1)]

1. प्रावधान के अधिनियम और परिनियम तथा विश्वविद्यालय के अन्य नियमों के पूर्वाग्रह के बिना कोई भी विद्यार्थी स्नातक या स्नातकोत्तर शिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया जा सकता जब तक कि उन्होंने निर्धारित पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की हो।
2. विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतू आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में पाठ्यक्रम की अंतिम तिथि से पूर्व विद्यालय के संकाय अध्यक्ष तक पहुँच जाता चाहिए।
3. प्राप्त आवेदन पत्र को संकाय अध्यक्ष द्वारा विद्यालय/विभाग की प्रवेश समिति को कुलपति के आदेशानुसार अग्रेषित किया जायेगा।
4. प्रवेश की कार्यवाही प्रत्येक पाठ्यक्रम के संबंध में संबद्ध प्रवेश समिति द्वारा निर्धारित क्रिया और सिफारिश की गई अभ्यर्थियों की सूची को कुलपति को अनुमोदन के लिए अग्रेषित किया जाए।
5. सारे प्रवेश प्रारम्भ में तदर्थ रूप से होंगे और कुलपति द्वारा निर्धारित समय सीमा के बाद तय किए जायेंगे। कोई भी अभ्यर्थी अधिकार के रूप में 'प्रवेश का दावा नहीं' कर सकता।
6. विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार से महाविद्यालय/संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश।
7. भारत सरकार द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले दिशा निर्देश के अनुसार विदेशी नागरिकों का प्रवेश विनियमित किया जायेगा।
8. पीएच.डी. कार्यक्रम के विभिन्न विषयों/धाराओं में दोनों पार्ट-टाइम और फुलटाइम प्रवेश/नामांकन लिए जा सकते है जिनमें समय समय पर नियमित पीएच.डी. उपाधि के लिए बाह्य पंजीकरण और विवरण शामिल है।

अध्याय – VIII मेट्रिकुलेट्स का पंजीकरण

1. विश्वविद्यालय द्वारा मेट्रिकुलेट्स का रजिस्टर बनाया जाए जिनमें निम्नलिखित श्रेणी के व्यक्ति पंजीकृत हों।

(अ) विश्वविद्यालय के अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय दसवीं, बारहवीं, पूर्व-नामांकन उपाधि या अन्य परीक्षा जो इसके समतुल्य हो।

(आ) विश्वविद्यालय के अध्ययन पाठ्यक्रम में उपर्युक्त (a) के अलावा किसी प्रकार की उपाधि, सम्मान, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट धारक।

(इ) (अ) या (आ) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के अलावा जिन्हें उपस्थिति प्रमाण-पत्र में छूट के साथ या बिना छूट के पहली बार विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रस्तुत होने की अनुज्ञा-प्राप्त हुई हो।

(ई) (अ), (आ) या (इ) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के अलावा जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त हुआ हो।

अध्याय – IX छात्रों का प्रवास एवं स्थानांतरण

1. निम्नलिखित शर्तों के आधार पर यह महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य का निर्णय होगा जिसमें वे ऐसे छात्र को प्रवेश दे सकते हैं जिसने विश्वविद्यालय के क्षेत्र के अंतर्गत किसी अन्य महाविद्यालय में उपस्थिति दी हो और उसी शैक्षिक वर्ष में दूसरे महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश चाहता हो।

(i) विषय एवं शिक्षा माध्यम दोनों महाविद्यालय/संस्थान में समान हो।

(ii) संबद्ध अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए महाविद्यालय/संस्थान में रिक्ति हो।

(iii) इस प्रकार के जोड़े जाने वाली उपस्थिति का शुल्क छात्रों से लिया जाए।

(iv) संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए।

नोट :- उपस्थिति का जोड़ स्वीकार्य नहीं है यदि :

(अ) फाऊंडेशन पाठ्यक्रम या कोर पाठ्यक्रम के वैकल्पिक विषय की भाषा में कोई बदलाव है।

(आ) यदि स्वीकृत संख्या से अधिक प्रवेश हो।

2. अन्य विश्वविद्यालय से स्थानांतरित छात्र जो विश्वविद्यालय की संबद्ध शाखा में प्रवेश चाहते हो, ध्यान दें कि,

(अ) पाठ्यक्रम का समतुल्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित है।

(आ) अंतिम संस्था प्रमुख से प्रस्तुत करना, जिसनें अंतिम पढाई किया हो।

(इ) अपने संस्थान प्रमुख से आवश्यक उपस्थिति एवं निर्धारित प्रगति को विश्वविद्यालय छोडने की तारीख तक प्राप्ति का प्रमाण-पत्र में अंकित करते हुए जारी करना।

(ई) प्रवेश के आवेदन पत्र के साथ ही मूल विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान निर्धारित परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के पर्याप्त वृत्त प्रस्तुत करने होंगे।

(उ) इस प्रकार के प्रवास के लिए विश्वविद्यालय को निर्धारित शुल्क का भुगतान करेंगे।

(ऊ) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित बाकी अध्ययन पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हो कर अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति संतोषजनक करना।

(ए) वे वर्गीकरण के पात्र होंगे लेकिन संबद्ध विश्वविद्यालय परीक्षा में किसी प्रकार की पदवी के नहीं।

अध्याय – X शिक्षा का माध्यम

धारा 30(1) (c)

1. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार से महाविद्यालय/संस्थान में प्रविष्ट सभी पाठ्यक्रमों का शिक्षा माध्यम अंग्रेज़ी ही होगा।

अध्याय – XI छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान को देय शुल्क

धारा 30(1) (e)

1. छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान को देय शुल्क को समय समय पर कार्य परिषद् द्वारा संशोधन के साथ विभिन्न कार्यों के लिए अपेन्डिक्स I में दिया जाएगा।

2. (a) विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय ही सभी छात्र यहाँ तक कि एम.फिल./पीएच.डी. विद्वानों को भी पूरा शुल्क जमा करना होगा, और आनेवाले सेमिस्टर का शुल्क सेमिस्टर की प्रारंभ के दस दिनों के भीतर। परीक्षा शुल्क के संबंध में निर्धारित तिथि पर या पूर्व देय है।

3. शुल्क को नकद, मनी ऑर्डर या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से कुलपति, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के नाम पर जमा किया जाए या विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी अन्य माध्यम से भी किया जा सकता है।

4. (1) यदि कोई छात्र समय पर शुल्क अदा नहीं करता तो देरी अदायगी इस प्रकार है :

(i) पहले दस दिनों के लिए रु. 5.00 प्रतिदिन

(ii) महीने के अंत तक रु. 10.00 प्रतिदिन उसके उपरांत

(2) संकाय अध्यक्ष की सिफारिश पर कुलपति या उनकी ओर से जिन्हें अधिकार प्राप्त हो, शुल्क की अदायगी में रियायत दे सकते हैं।

(3) अगले महीने के पहले दिन ही चूक करने वाले के नाम को विश्वविद्यालय की पंजी से हटा दिया जाएगा।

(4) जिस छात्र का नाम पंजी से हटा दिया गया हो वे विद्यालय/विभाग/केन्द्र के संकाय अध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/संयोजक की सिफारिश पर शुल्क की पूरी रकम और अन्य बकाए के साथ पुन: प्रवेश शुल्क रु. 1000/- और विश्वविद्यालय उन्नति निधि के लिए रु. 500/- के साथ पुन: पंजीकृत हो सकते हैं।

(5) जब भी कोई छात्र अपना नाम वापस लेने का प्रस्ताव रखता है, तो उन्हें संबद्ध विभागाध्यक्ष/केन्द्र के माध्यम से अपना नाम वापस लेने की तिथि को आवेदन संकाय अध्यक्ष को देना है। यदि ऐसा करने में असफल होते है तो विश्वविद्यालय की पंजी में अधिकतम एक महीने तक नाम रहेगा या जिस महीने तक नाम रहेगा या जिस महीने तक का शुल्क अदा किया गया हो। उस अवधि के दौरान प्रयुक्त सभी शुल्क/प्रभार की अदायगी आवश्यक है।

5. नेत्रहीन छात्रों के लिए ट्यूशन शुल्क में छूट प्राप्त है।

6. (1) विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देश के आधार पर एक समिति का गठन होगा जिसमें नि:शुल्कता के प्रतिशत के अनुदान की सिफारिश निम्नलिखित होगी :

(i) कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के एक संकाय अध्यक्ष को नामित करना -- अध्यक्ष

(ii) कार्य परिषद द्वारा तीन विभागाध्यक्ष/केन्द्रों को नामित करना - सदस्यों

(iii) कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के तीन छात्रों को नामित करना - सदस्यों

(2) यदि नि:शुल्कता के लिए आवेदन की संख्या प्रस्तुत संख्या से ज्यादा है तो उपखण्ड (1) में दी गई समिति आधी नि:शुल्कता कुछ आनेदकों को देने की सिफारिश कर सकती है यह ध्यान में रखते हुए कि नि:शुल्कता की कुल संख्या निर्धारित सीमा को पार न करे।

(3) शुल्क में रियायत हेतु आवेदन निर्धारित प्रपत्र में संबद्ध विद्यालय के संकाय अध्यक्ष को विभागाध्यक्ष/केन्द्र के माध्यम से 31 अगस्त के भीतर संकाय अध्यक्ष तक पेश हो जाना चाहिए जिसके बाद सामान्यत: इस पर कार्य नही होगा।

(4) प्रत्येक विद्यालय रजिस्ट्रार को आवेदन प्रेषित करेगा, जो आगे खण्ड 5(1) में दिए अनुसार समिति के सामने आवश्यक सिफारिश के लिए रखेंगे।

(5) छात्र की नि:शुल्कता पर विचार करते समय इन प्रमुख बातों पर ध्यान दिया जायेगा :

(i) विद्यार्थी का शैक्षिक अभिलेख

(ii) उसका/उसकी वित्तीय दशा

(iii) अन्य कोई मद जिससे छात्र के या उनके परिवार की वित्तीय दशा का पता चलता है।

साधारणत: 30 सितम्बर तक छूट पानेवाले छात्रों की सूची दर्शा दी जायेगी।

(6) निशुल्क अनुदान जो प्रस्तुत या पिछले शैक्षिक वर्ष में प्राप्त है स्वयं ही अगले वर्ष में नवीकृत नहीं होगा। जरूरतमंद छात्रो को फिर से आवेदन प्राप्त नए आवेदनों के साथ जमा करना होगा।

(7) निशुल्कता का अनुदान छात्र के व्यवहार या अध्ययन में प्रगति के आधार पर यदि असंतोषजनक हो या वित्तीय सुधार जिससे रियायत की कोई आवश्यकता न हो तो ऐसी स्थिति में नि:शुल्कता को रद्द किया जा सकता हैं।

(i) बकाया की कटौती के उपरांत छात्र के आवेदन पर विश्वविद्यालय छोड़ते समय प्रतिभूति जमा, पुस्तकालय प्रतिभूति राशि प्रतिदाय है।

(ii) यदि कोई छात्र प्रतिदाय की राशि का दावा, विश्वविद्यालय छोड़ने के एक वर्ष के अंदर नहीं करता/कर पाता है तो उस राशि को स्टूडेन्ट्स ऐड फंड में दान किया हुआ समझा जायेगा।

एक वर्ष का समय परीक्षा परिणाम की घोषणा की तिथि या विश्वविद्यालय के पंजी से नाम हटाया जाने की तिथि जो भी पहले हो।

(iii) सेमिस्टर के प्रारम्भ होने के बाद 45 दिनों के भीतर यदि कोई अभ्यर्थी विश्वविद्यालय छोड़ना चाहता है तो उसे पंजीकरण, मेट्रिकुलेशन, पहचान एवं विश्वविद्यालय उन्नति निधि की जमा राशि के अलावा अन्य सभी शुल्क का भुगतान हो जायेगा।

(iv) यदि नाम वापसी का आवेदन 45 दिनों के बाद प्राप्त होता है तो छात्र को केवल प्रतिभूति जमा राशि ही प्राप्त होगी।

(v) यदि विश्वविद्यालय की संपत्ति पर छात्र द्वारा किसी प्रकार की हानि हुई तो उसे बकाया ट्यूशन शुल्क और जुर्माना, यदि कोई, के साथ प्रतिभूति जमा में से काट लिया जाएगा।

(8) छात्रों को परीक्षा प्रवेश पत्र या परीक्षा में बैठने की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि वे अपनी बकाया राशि, निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के साथ 'नो-ड्यू' प्रमाण पत्र जारी नहीं करेंगे।

अध्याय – XII छात्रवृत्तियाँ, अध्ययन-वृत्ति, अधिछात्रवृत्ति, पदकों, वृत्तिदान इत्यादि के पुरस्कार

धारा 5 (xxviii)

1. सुयोग्य और सुपात्र छात्रों को अनुसंधान और अध्ययन में वित्तीय समस्या से जूझने से बचाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति, अध्येतावृत्ति, निःशुल्कता की सहायता केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैसे पदक एवं पुरस्कार भी प्रदान किए जायेंगे।
2. विश्वविद्यालय/संबद्ध महाविद्यालय के प्रत्येक विषय के लिए विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति नियोक्ति की जायेगी।
3. मेरिट के आधार पर प्रत्येक विषय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी जिसकी संख्या समय समय पर विश्वविद्यालय तय करेगा।
4. कुलपति द्वारा निर्धारित समिति विश्वविद्यालय स्तर पर सभी प्रकार की छात्रवृत्ति की देखरेख करेगा।
5. अनुसंधान या अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय में अध्येतावृत्ति की व्यवस्था कार्य समिति या अन्य निधि प्रदान करने वाली एजेन्सियों द्वारा समय समय पर अनुमोदन के अनुसार किया जाएगा।
6. सुयोग्य छात्रों को विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान में उनके विभिन्न विश्वविद्यालय परीक्षा में बेहतर निष्पादन के लिए दिया जायेगा।
7. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार समय समय पर विन्यास प्रदान करने का अधिकार विश्वविद्यालय को प्राप्त है।
8. कुलपति द्वारा एक समिति का गठन किया जायेगा जो प्रत्येक विन्यास के कार्यान्वयन और उसकी देखरेख का कार्य करेगी।
9. विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए ऐसे विन्यास के बारे में कार्य परिषद् निगरानी रखेगा जिसके संबंध में समय समय पर विस्तृत मार्गदर्शन निर्धारित किये जायेंगे।

अध्याय – XIII छात्रों में अनुशासन

परिनियम 5 (XXXV) के साथ पठित परिनियम 32 व 33

1. विश्वविद्यालय के छात्रों के संबंध में अनुशासन और अनुशासन से संबंधित सभी कार्रवाई की शक्तियाँ कुलपति को प्रदान है।
2. महाविद्यालय या संस्थान के छात्रों में अनुशासन और अनुशासन संबंधी कार्रवाई की शक्तियाँ यदि विश्वविद्यालय द्वारा नहीं व्यवस्थित की जाती तो ये शक्तियाँ मामले के अनुसार प्राचार्य/संस्थान प्रमुख के हाथ में होंगी।
3. सभी अनुशासनिक कार्रवाई विश्वविद्यालय के छात्रों के संबंध में समय समय पर दिए गए अधिनियम और विनियम के अनुसार होगा।
4. विश्वविद्यालय परीक्षा के समय किसी प्रकार के अनुशासनहीन कार्य करने पर विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी उस छात्र पर किसी प्रकार का दंड दे सकता है क्योंकि संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान का अनुशासनिक क्षेत्राधिकार विश्वविद्यालय है।
5. छात्र के वे कार्य जो विश्वविद्यालय या महाविद्यालय या संस्थान की गरिमा को घटाते हों वे सख्त अनुशासनिक कार्रवाई के पात्र है।
6. कुलपति द्वारा ऐसी अनुशासन समिति का गठन किया जाये जो समय समय पर कुलपति द्वारा प्रतिनिधित कार्यों का निष्पादन करें।
7. प्रधानाचार्य या संस्थान प्रमुख निम्नलिखित दंड प्रदान कर सकते है:

   (i) निलंबन

   (ii) निष्कासन

   (iii) विनिष्कासन

   (iv) महाविद्यालय/संबंधित संस्थान में अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश देने से इनकार।

   (v) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय या संस्थान द्वारा अनुरक्षित छात्रावास में प्रवेश देने से इनकार।

   (vi) निःशुल्कता या छात्रवृत्ति देने से इनकार

   (vii) निविष्ट दंड शुल्क आदेश अनुसार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्देशित राशि, मामले के अनुसार। साथ ही किसी भी प्रकार का दंड देने से पूर्व प्रधानाचार्य/संस्थान प्रमुख दंड की आवश्यकता की देखते हुए छात्र को भी अपना पक्ष सुनाने के लिए पूरा मौका दें।

   (viii) छेडछाड -- निषेध और दंड

1. इस अध्यादेश में छेडछाड का अर्थ वरिष्ठ छात्रों की ऐसे व्यवहार से है जो वे कनिष्ठ या नवीन रूप से नामांकित छात्रों के साथ उन्हें अपने से छोटा या तुच्छ समझने की भावना से करते है जिसमें

   (a) किसी प्रकार का शारीरिक चोट या धमकी

(b) कन्या छात्राओं के मान-मर्यादा का हनन

(c) अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों की मान-मर्यादा का हनन

(d) छात्रों का हँसी मजाक उड़ाना उनके सम्मान को ठेस पहुँचाना

(e) अनुचित शब्दों का प्रयोग अशिष्ठ मुद्राएं और अभद्र व्यवहार।

2. किसी अकेले या गुट के साथ छेड़छाड़ करना पूरी तरह से अनुशासनहीनता है और इस अध्यादेश में सख्ती से लिया जायेगा।

3. छेड़छाड सख्त रूप से निषिद्ध है चाहे वह महाविद्यालय/विभाग या संस्थान परिसर में हो या भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय का कोई भी भाग जिसमें लोक यातायात भी शामिल है।

4. महाविद्यालय के प्रधानाचार्य या विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष या संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान के प्राधिकारी या विश्वविद्यालय छात्रावास के वार्डन छेड़छाड़ की सूचना प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई करें और उसकी रिपोर्ट कुलपति को भेजें।

5. उपर पैरा (4) में उल्लिखित प्राधिकारी छेड़छाड़ की घटना की जाँच करा कर उन छात्रों की पहिचान और घटना की प्रकृति सहित कुलपति को रिपोर्ट भेज सकता है।

6. यदि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य या संस्थान के विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय के प्राधिकारी या विश्वविद्यालय छात्रावास के प्राधिकारी किसी कारण वश लिखित रिपोर्ट से संतुष्ट हो तो जाँच की आवश्यकता नहीं है, तद्नुसार कुलपति को सलाह दी जा सकती है।

7. यदि कुलपति जाँच नहीं करना चाहते तो प्रस्तुत तथ्य तथा घटनाक्रम के आधार पर निर्णय ले सकते है और उसे अंतिम माना जाएगा।

8. रिपोर्ट के खण्ड (4) या (5) या खण्ड (6) में संबंधित प्राधिकारी की खण्ड (1) में छेड़छाड़ की घटना की जानकारी के आधार पर कुलपति छात्र या छात्रों को निर्दिष्ट वर्षों के लिए निलंबित कर सकते हैं।

9. छेड़छाड़ के अन्य मामलों में कुलपति के निदेश अनुसार छात्र या छात्रों को निश्चित अवधि के लिए निलंबित, महाविद्यालय या विभागीय परीक्षा में एक या अधिक वर्षों के लिए रोक, या संबद्ध परीक्षा या परीक्षाओं के नती जे को रद्द कर सकते हैं।

10. किसी मामले में यदि किसी छात्र को भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय की उपाधि प्राप्त है और वह इस अध्यादेश के परिनियम 15 के तहत दोषी पाया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा दी गई उपाधि को वापस लिया जा सकता है।

11. अध्यादेश के नाते किसी भी प्रकार का कार्य जो छेड़छाड़ की श्रेणी में हो उसे छेड़छाड़ ही करार दिया जाएगा।

12. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय प्रणाली के अंतर्गत आनेवाले सभी संस्थान जारी किए गए अध्यादेश का पालन करें और अध्यादेश के उचित कार्यान्वयन के लिए कुलपति को सहायता प्रदान करें।

अध्याय – XIV परीक्षाएँ

धारा 30 (g)

1. विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ, डॉक्टरेट परीक्षाओं को छोड़कर, नियमित छात्रों के लिए होगी अर्थात् वे छात्र जिन्होंने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान के विशेषाधिकार द्वारा निर्दिष्ट अवधि के अध्ययन पाठ्यक्रम को नियमित पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ा हो।

2. छात्र/छात्रा द्वारा निर्दिष्ट अवधि में नियमित पाठ्यक्रम का अध्ययन मान्य तभी होगा जब वे निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ती करेंगे

(a) सभी अभ्यर्थी कम से कम 80% की उपस्थिति प्रत्येक सेमिस्टर/वर्ष जैसा मामला हो, में देना आवश्यक है। उपस्थिति को कार्य दिवस के आधार पर देखा जाएगा विषय के आधार पर नहीं।

(b) संबंद्ध महाविद्यलय/संस्थान और विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष को अधिकार प्रदान है कि वे 10 प्रतिशत तक की उपस्थिति की कमी को नकार सकते है यह मानकर को महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सामान्यतः 90/180 कार्यदिवस प्रत्येक सेमिस्टर/वर्ष में अवश्य चलता है। कमी की भरपायी के रूप में शुल्क महाविद्यालय/संस्थान के प्रधानाचार्य और विश्वविद्यलय के संकाय अध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा लिया जा सकता है और उपरांत विश्वविद्यालय को लौटाया जाता है।

(c) सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्रवेश लेने से पूर्व उपस्थिति प्रमाणपत्र, संतोषजनक व्यवहार प्रमाण पत्र, प्रगति प्रमाणपत्र विद्यालय के संकाय अध्यक्ष या महाविद्यालय संस्थान के प्रमुख से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

3. निजी अध्ययन, अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश के पात्र और निर्धारित छूट शुल्क अदा करने के बाद निम्नलिखित अभ्यर्थी भी विश्वविद्यालय की परीक्षा देने योग्य हैं;

I. बोनाफाइड शिक्षक:

अभ्यर्थी जिन्होंने प्रस्तुत वर्ष की 31 जुलाई तक कम से कम तीन वर्ष तक पूर्ण कालीन शिक्षा के रूप में सेवा की हो--

(i) भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, चेन्नई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय

(ii) राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रारम्भिक या माध्यमिक था उच्च या हायर सेकेण्डरी या प्राच्य विद्यालय

या

(iii) कनिष्ठ तकनीकी विश्वविद्यालय या तकनीकी हायर सेकेण्डरी विद्यालय या पॉलिटेक्निक राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

(iv) विश्वविद्यालय क्षेत्र में स्थित विद्यालय और सीबीएससी, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

या

(v) विश्वविद्यालय क्षेत्र में स्थित विद्यालय और काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थित।

II. बोनाफाइड लाइब्रेरियन:
बोनाफाइड लाइब्रेरियन जिसके पास प्रमाणपत्र या लाइब्रेरियनशिप में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा और उपर्युक्त (I) के अधीन मान्य विश्वविद्यालय या आई.एम.यू. का कोई परिसर।

III. डिफेन्स सर्विस पर्सोनल:
भारतीय सेना शिक्षण कोर में कार्यरत शिक्षक और सेना विभाग के कर्मचारी भारत संघ में कहीं भी कार्यरत लेकिन तीन वर्ष (36 महीने) से कम सेवा भारतीय सेना शिक्षण कोर या सेना विभाग में 31 जुलाई तक पात्रता होने पर आई.एम.यू. में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के पात्र है।

4. आवेदन देने की विधि, प्रमाणपत्र/टेस्टिमोनिलय को आवेदन-पत्र, छूट या परीक्षा शुल्क के साथ समय समय पर निर्धारित शर्तों के साथ भेजना।

5. परीक्षा देने हेतु आवेदन को शुल्क, टेस्टिमोनियल आदि के साथ निर्धारित अवधि तक पहुँच जाना चाहिए। ऐसा करने में असमर्थ होने पर परीक्षा में उपस्थित न होने पर परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

6. अभ्यर्थी जिनका आवेदन स्वीकार हो गया है उन्हें प्रवेश-पत्र किया जाएगा। उपर उदृत प्रवेश पत्र की प्रस्तुति पर ही परीक्षा के लिए प्रवेश दिया जायेगा।

7. परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्र अंग्रेजी में ही बनाए और उत्तर दिए जायेंगे।

8. विश्वविद्यालय को सीमा के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित विभिन्न केन्द्रों में परीक्षा कराई जायेंगी।

9. विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर विभिन्न परीक्षाओं की अनुसूची, परीक्षा की तारीख, परिणाम के प्रकाशन को तिथि की अधिसूचना दी जायेगी।

अध्याय – XV विश्वविद्यालय परीक्षाओं में छात्रों का अनुशासन

1. परीक्षा के मुख्य अधीक्षक का अनुशासनिक नियंत्रण

(a) परीक्षा के समय अभ्यर्थी, केन्द्र के मुख्य अधीक्षक के अनुशासनिक नियंत्राधीन होगा और आवश्यक निर्देश जारी किया जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी आदेश का उल्लंघन करे या पर्यवेत्रक कर्मचारी या केन्द्र के अन्वीक्षक के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करता पाया गया तो उस सत्र की परीक्षा से उसे निर्लंबित किया जायेगा।

(b) मुख्य अधीक्षक तत्काल ही वस्तुस्थिति को पूरे विवरण के साथ परीक्षा नियंत्रण अधिकारी को दे जो इस विषय को परीक्षा अनुशासन समिति तक पहुचायेंगे। यह समिति आवश्यकतानुसार कुलपति को सिफारिश करेंगे।

2. प्रतिदिन परीक्षा के प्रारंभ होने से पहले अन्वीक्षक सभी अभ्यर्थी से उनके मेज कुर्सी आदि की खोज के लिए कहेंगे और कागज, किताब या किसी प्रकार का संदर्भ आदि जो परीक्षा सभा में निमिथ है, को अन्वीक्षक को सौंप दिया जाना चाहिए। यदि कोई देरी से आये तो उसे चेतावनी ही जानी चाहिए। इस बात का भी ध्यान रखा जाय की अभ्यर्थी के पास पहचान पत्र और प्रवेश पत्र अवश्य हो।

3. अनुचित माध्यम का प्रयोग:
अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के अनुचित माध्यम का प्रयोग न करें। निम्नलिखित को अनुचित माध्यम माना जायेगा।

(a) यदि परीक्षा के विषय से संबंधित किसी भी प्रकार की वस्तु पायी जाये।

(b) यदि प्राप्त वस्तु तथा पड़ोसी से नकल करते हुए पाया गया हो।

(c) उत्तर पुस्तिका की बदली करना।

(d) नकल करने हेतु अलग जगह पर बैठना

(e) अन्य अभ्यर्थियों की मदद करना

(f) पडौसी से परामर्श करना

(g) अन्य वस्तु या उत्तर पुस्तिका को फेरबदल करना

(h) किसी अन्य अभ्यर्थी की पंजीकृत संख्या को मुख्य उत्तर पुस्तिका पर लिखना

(i) पूर्व-लिखित उत्तर पुस्तिका को जोड़ना (मुख्य पृष्ठ या अतिरिक्त पृष्ठ)

(j) अन्वीक्षक को धमकी देना या तुच्छ व्यवहार करना, मुख्य अधीक्षक अथवा/या सभा अधीक्षक की रिपोर्ट अनुसार।

(k) परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निरीक्षक से सलाह लेना।

(l) वेष या व्यक्तिगत परिवर्तन के मामले।

(m) बड़ी संख्या में नकल करना
किसी या सभी परिक्षाओं के मामले में यदि अनुचित व्यवहार करता पाए तो कार्यकारी समिति परिलोप अधिनियम या आयोग की बैठक की घोषणा कर सकता है।

4. यदि कुलपति इस बात से संतुष्ट हो जाए कि बड़ी संख्या में नकल हो रही है या निश्चित केन्द्र (या केन्द्रों) में अवैध तरीका का बड़े पैमाने में इस्तेमाल हो रहा है तो वे संबंधित उम्मीदवारों की परिक्षा को रद्द कर सकता है और पुनः परिक्षा रखानों के आदेश जारी कर सकता है।

नोट : यदि प्रभारी निरीक्षक को यह लगेकि परिक्षा कक्ष में एक तिहाई या अधिक विद्यार्थी अवैध रूप से या नकल कर रहे हों तो अर्थ यह होगा कि यहाँ बड़े पैमाने पर नकल की जा रही है।

5. (a) परीक्षा केन्द्र के मुख्य अधीक्षक को बिना विलम्ब किये परीक्षा नियंत्रक को इसकी सूचना देनी चाहिए और हो सके तो उसी दिन, प्रत्येक सन्दिग्ध तथा प्रमाणित अवैध मामले जिस सन्दर्भ में सबूत मौजूद है या फिर उम्मीदवार बयान देने को तैयार हो, अन्य कोई, इस सन्दर्भ में उसे परीक्षा नियंत्रक तक पहुँचाया जाए।

(b) किसी भी उम्मीदवार को बयान देने के लिए बाध्य न किया जाए, हाँ यदि वह बयान देने से इनकार कर दे तो मुख्य अधीक्षक को अधिकार है की वह उसको रिकार्ड कर सकता है तथा उसे दो अन्य सर्वेक्षकों से घटना हेतु प्रमाणित करने हेतु हस्ताक्षर ले ले।

(c) किसी उम्मीदवार जो कि संदिग्ध या प्रमाणित हो उसे एक अलग उत्तर पत्रिका दी जाएगी जिसमें वह परीक्षा देगा। अनुचित रूप से इस्तेमाल की गई उत्तर पुस्तिका को मुख्य अधीक्षक द्वारा जब्द कर दी जाएगी; जिसे एक रिपोर्ट सहित परीक्षा नियंत्रक को अग्रप्रेषित किया जाएगा। यह उस उम्मीदवार के अन्य परीक्षाओं को प्रभावित नहीं करेगा।

(d) सभी अनुचित मामलों की जानकारी, मुख्य अधीक्षक, परीक्षक, पेपर-सेटर, मुल्यांकन कर्ता अनुसीमक, गणक या अन्य व्यक्ति जो विश्वविद्यालयी परीक्षा से सम्बधित है, वह सम्बंधित समग्री सहित परीक्षा नियंत्रक के समक्ष प्रस्तुत हो।

6. परीक्षा विनियम समिति:

(a) सभी अभिकथित मामलों को जिन्हें अवैध माना गया है उन्हें निम्न समिति जिसे परीक्षा विनियम समिति कहा जाता है उसे सौंप दिया जाए, जिसकी नियुक्ति उप-कुलपति करते है।

(b) उस समिति में विश्व विद्यालय के 5 सदस्य होगे जो मुख्यतः अध्यापक तथा अधिकारी होगे।

(c) प्रत्येक सदस्य को दो साल तक की अवधि तक नियुक्त किया जाएगा तथा उसको पुनः नियुक्त भी किया जा सकता है।

(d) कुल तीन सदस्य (कोरम) का निर्माण करेगे।

(e) साधारणतः, समिति द्वारा लिये गये सभी निर्णय बहुमत पर आधारित होंगे। यदि समान मत हो तो उसे कुलपति ही निर्णीत करेगा और वहीं अन्तिम निर्णय होगा।

(f) परीक्षा विनियम समिति द्वारा लिये गये समस्त निर्णयों को कुलपति के समक्ष स्वीकृति हेतु रखा जाएगा।

(g) उम्मीदवार, विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय के सन्दर्भ में एक महिने के अन्दर, अपने मामलों के अवलोकनार्थ कुलपति को लिखित रूप में दे सकता है। यदि कुलपति उसे प्रस्तुतीकरण से संतुष्ट हो तो वह उसे विचारणीय मानता है तो, परीक्षा विनियम समिति उस पर पुनः विचार करेगा।

7. परीक्षा विनियम समिति, अवैधानिक मामलों के लिए निम्नलिखित दण्ड की संस्वीकृति दे सकता है—

अवैध मामलों का प्रकार	दण्ड की परिसीमा
यदि उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा के (a) से (g) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	(i) उस सत्र के विश्वविद्यालयी परीक्षा के लिए यदि उम्मीदवार द्वारा पंजीकरण किया गया हो तो उसे रद्द किए जाए।
यदि उम्मीदवार उस गलती को जैसा की 3(a) से (g) तक को दोबारा दौहराता है	(ii) उस उम्मीदवार द्वारा विश्वविद्यालय सत्तीय परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी विषयों को रद्द किया जाएँ और अगली सत्तीय परीक्षा से वंचित रखा जाए। (अर्थात् सभी

तो	विश्वविद्यालयी परीक्षा से वंचित रखा गए)
यदि तीसरी बार भी उम्मीदवार उस गलती को दोहराता है जैसा की 3(a) से (g) में प्रदर्शित है तो--	(iii) उस उम्मीदवार के विश्वविद्यालयी परीक्षा के उस सत्र के पंजीकृत सभी विषयों को रद्द कर दिया जाए और दो साल त- विश्वविद्यालयी परीक्षाओं हेतु पंजीकृत करने या हाज़िर होने से वंचित रखा जाए।
यदि उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा (h) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	(iv) विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए मात्र उस सेमस्टर के समस्त विषयों हेतु पंजीकरण करने से उम्मीदवार को रद्द किया जाए।
यदि उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा (i) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	(v) विश्वविद्यालयी परीक्षाओं के उस सेसमस्टर के लिए पंजीकृत सभी विषयों को रद्द कर दिया जाए।
यद उम्मीदवार धारा तीन के उपधारा (j) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो-	(vi) उम्मीदवार द्वारा उस सत्र के विश्वविद्यालयी परीक्षाओं के लिए पंजीकृत समस्त विषयों को रद्द किया जाए या उसे दो साल तक विश्वविद्यालयी परिक्षाओं में पंजीकरण या उपस्थिति से वंचित रखा जाए।
यदि उम्मीदवार धारा 3 के उपधार (k) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो--	(vii) उस सत्र में परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा पंजीकृत समस्त विषयों को रद्द कर दिया जाए।
यदि उम्मीदवार धारा 3 के उपधारा (l) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो	(viii) उस सत्र में उम्मीदवार द्वारा विश्वविद्यालयी परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी विषयों को रद्द कर दिया जाए और दो वर्ष तक उसे संत्रीय परीक्षाओं हेतु पंजीकरण बिना हाज़िर होने से वंचित रखा जाए। अपेक्षाकृत, यदि कोई बाहरी व्यक्ति सम्बंधित हो तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।
यदि उम्मीदवार धारा 3 के उपधारा (m) के हिसाब से अनुचित माध्यम का प्रयोग करे तो	(ix) (अ) एकक माल में : उस विद्यार्थी को सम्बंधित परीक्षा लिखने से रोका जाए। अधीक्षक तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्बंधित निरीक्षक को परीक्षा के कार्यों जैसे निरीक्षण, प्रश्नपत्र तैयार करने मूल्यांकन करने आदि कार्यों से अगले 6 संत्रीय परीक्षाओं में वंचित रखा जाए। केन्द्र में: उस केन्द्र में उम्मीदवार की परीक्षा को रद्द कर दिया जाए। अधीक्षक तथा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सम्बंधित व्यक्ति को परीक्षा से संबंधित कार्यों जैसे निरीक्षण, प्रश्न पत्र तैयार करने से तथा मूल्यांकन करने आदि कार्यों से अगले 7 सत्रीय परीक्षाओं में वंचित रखा जाए तथा उस परीक्षा केन्द्र को 2 वर्ष तक रद्द कर दिया जाए।

अध्याय – XVI परीक्षक

धारा 30 (g)

1. कार्यकारी समिति द्वारा परीक्षकों की नियुक्ति होगी और समय-समय पर कार्यकारी समिति द्वारा सुनिश्चित नियमों के आधार पर परीक्षकों का चयन या नियुक्ति होगी।
2. किसी भी समय पर कार्यकारी समिति परीक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर सकता है।
3. कार्यकारी समिति द्वारा परीक्षकों की नियुक्ति की निम्नलिखित श्रेणियाँ है।
   (i) प्रश्न पुस्तिका तैयार करने वाले परीक्षक
   (ii) वे परीक्षक जा उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करते है।
   (iii) उसके कर्तव्य निम्नलिखित है--
      (a) मूल्यांकन कार्य का वितरण
      (b) मूल्यांकन के मानक तैयार करना
      (c) उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन
      (d) प्रश्न पत्र तैयार करना तथा परिक्षा विशेष का संचालक करना
      (e) परीक्षा के परिणामों की रिपोर्ट तैयार करना
      (f) परीक्षकों के कार्यों का पर्यवेक्षण

(g) कार्यकारी समिति द्वारा ऐसे कुछ कार्य जिन्हें सौंपा गया हो।

4. परीक्षकों के मूलतः दो बोर्ड होंगे, पहला वह जो प्रश्न पत्रिका तैयार करना तथा उनका अनुसीमन करते है (प्रश्न पत्रिका तैयार करने वाला बोर्ड) दूसरा वह जो उत्तर पत्रिका का मूल्यांकन करते है तथा परिणामों का सरिणीकरण करते है। (मूल्यांकन बोर्ड)
   -- प्रत्येक बोर्ड का एक अध्यक्ष होगा।
   -- परीक्षक बोर्ड समेकित परिणामों को परीक्षा नियंत्रक के समक्ष अग्रप्रेषित करेगी।
   -- परीक्षा नियंत्रक उन समेकित परिणामों को परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

5. प्रश्न पत्र तैयार कर्ता साधारण तथा बाहरी लोग ही होते हैं तथा वे उन महाविद्यालयों/संस्थानों में भी कार्यरत नहीं है, उस विश्वविद्यालय से सम्बंधित है।
प्रश्न पत्रिका तैयार करने वालों की नियुक्ति एक साल की अवधि के लिए होगी और वे पुनः नियुक्त हो सकने के लिए भी योग्य है।

6. साधारणतः निम्नलिखित व्यक्ति परीक्षक के रूप में नियुक्त होने योग्य है--
   (a) कम से कम चार साल तक किसी महाविद्यालय या संस्थान में सम्बंधित विषय में अध्यापन शिक्षण का अनुभव।
   (b) शिक्षक जिनके पास किसी महाविद्यालय या संस्थान में 7 साल का शिक्षण का अनुभव है और इससे पहले परीक्षा का कार्य से सम्बंधित न हो।
   (c) कार्यकारी समिति के सदस्य बशर्ते किसी मुख्य कारण के बजाय लिखित रूप में अपना मत दें परीक्षकों की नियुक्ति केवल एक साल तक की अवधि के लिए होगी और वे पुनः नियुक्ति हेतु भी योग्य हैं।

7. रजिस्ट्रार/परीक्षा नियंत्रक को प्रत्येक वर्ष प्रश्न-पत्र तैयार करने वाले तथा परीक्षकों की एक सूची तैयार करनी होगी जो पूर्ववर्ती रूप से पांच सालों तक उस विषय से संबंधित है।

8. धनराशी तथा अन्य भत्ते जो परीक्षकों और बोर्ड के अध्यक्षों को दी जाएगी। जिन्हे मूलतः धारा I के तहत नियुक्त किया गया है, उसे विश्वविद्यालय निर्धारित करेगी।

अध्याय – XVII परीक्षा समिति

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक परीक्षा समिति होगी।
2. इस समिति में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे--

(i) कुलपति या उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	--	अध्यक्ष
(ii) स्कूल के दो डीन, जिनकी नियुक्ति/चयन कुलपति करेंगे।	--	सदस्य
(iii) उस विश्वविद्यालय से चुने हुए महाविद्यालय/संस्थान के प्रधानाचार्य, जो कुलपति द्वारा नामांकित हैं।	--	सदस्य
(iv) शैक्षिक परिषद द्वारा दो व्यक्तियों को नियुक्त किया जाएगा	--	सदरस्य
(v) परीक्षा नियंत्रक	--	सदस्य सचिव (पदेन अधिकारी)

शैक्षिक परिषद द्वारा मनोनीत तथा नियुक्त सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा तथा वे पुनः मनोनय/पुनः नियुक्ति के पात्र होंगे।
समिति समेकित परिणाम जिसे विभिन्न परीक्षकों के बोर्ड द्वारा अग्रेषित किया गया है पर विचार करेगी, उसका अनुमोदन करेगी तथा विश्वविद्यालय परीक्षा-परिणामों की घोषणा की व्यवस्था करेगी।
समिति को यह अधिकार होगा कि निर्धारित नियमों के अंतर्गत ग्रेस अंक उपयुक्त परिस्थिति में प्रदान कर सके।
समिति प्रति वर्ष शैक्षिक परिषद को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी जिसमें विश्वविद्यालय परीक्षाओं की कार्य प्रणाली का ब्यौरा तथा प्रभावी सुधार हेतु सुझाव होंगे।
समिति इन विद्यार्थियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का सुझाव दे सकती है जिन्होंने परीक्षा के दौरान गलत साधनों का उपयोग किया हो अथवा परीक्षा के नियमों का किसी भी तरह से उल्लघंन किया हो।
शैक्षिक परिषद द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का यह समिति निर्वाह करेगी।
यद्यपि परीक्षा समिति अपने किसी एक या समस्त शक्तियाँ जिनका ऊपर उल्लेख किया गया, को विश्व विद्यालय के लिए किसी अधिकारी को हस्तांतरित कर सकती है।

अध्याय – XVIII डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र तथा अन्य उपाधियों प्रदान करना

(वर्ग 5(vi), वर्ग 28(i) अधिनियम 30 के साथ पढ़ें)

1. विश्व विद्यालय द्वारा उन विद्यार्थियों को डिग्रियों, डिप्लोमा तथा अन्य शैक्षिक उपाधियाँ प्रदान की जाएगी जिन्हें शैक्षिक परिषद् द्वारा इस प्रकार की योग्यता के लिए प्रमाणित किया जाएगा।

2. शैक्षिक परिषद को संस्तुति तथा उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों के दो तिहाई बहुमत होने पर, कार्यकारी परिषद् द्वारा आंगुतकों को मानद उपाधि प्रदान करने का प्रस्ताव रखा जा सकता है।

यद्यपि आकस्मिक परिस्थितियों में कार्यकारी परिषद् स्वयं इस तरह के प्रस्ताव का निर्णय ले सकती है। निम्न मानद डिग्रीयाँ उन लोगों को जिस आधार पर दिया जाएगा वह है, उनका प्रतिष्ठित पद पर होने का कारण और उनकी उपलब्धियाँ अथवा शिक्षा अथवा समाज की उन्नति हेतु उनको प्रभावी सेवाएं अथवा उनका अनुसंधान प्रक्रिया में योगदान आदि, ऐसे व्यक्तियों को जो मानद डिग्रियाँ दी जा सकती हैं वे हैं--

डॉक्टर ऑफ लॉ (एल.एल.डी.)

डॉक्टर ऑफ लेटरस

डॉक्टर ऑफ साइंस (डी.एससी.)

3. मानद उपाधियाँ पदवीदान समारोह में समक्ष अथवा अनुपस्थिति में प्राप्त की जा सकती है।

अध्याय – XIX प्रदत्त डिग्रीयों हेतु पदवीदान

(अधिनियम 35)

1. कुलपति के पूर्व स्वीकृति पर, निश्चित तिथि एवं स्थान के आधार पर कुलपति द्वारा डिग्रियाँ प्रदान करने हेतु सामान्यतः वर्ष में एक बार आयोजित किया जाएगा।

2. मानद उपाधियाँ प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष पदवीदान समारोह का आयोजन कार्यकारी परिषद् के निर्णय के अनुसार भी किया जा सकता है।

3. दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय का प्रधान निकाय शामिल होगा।

4. कुलाधिपति उपाधियों को प्रदान करने के लिए विश्व-विद्यालय के दीक्षान्त समारोहों की, उपस्थित होने पर, अध्यक्षता करेंगे। कुलाधिपति की अनुपस्थिति में, कुलपति दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

5. दीक्षान्त समारोह की अगली तिथि की कम से कम चार सप्ताहों की पूर्व-सूचना पंजीकार द्वारा दी जाएगी।

6. पंजीकार, उसमें पालन की जानेवाली कार्यविधि का एक कार्यक्रम नोटिस के साथ दीक्षान्त समारोह के प्रत्येक सदस्य को जारी कराएगा।

7. परीक्षार्थी प्रस्तुत वर्ष में अपनी-अपनी परीक्षाओं में जिन्होंने उत्तीर्ण की हो जिसके लिए दीक्षान्त समारोह सम्पन्न होनेवाला है, दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

   उपबंधित है कि यह प्रथम दीक्षान्त समारोह के लिए लागू नहीं होगा जिसमें सारे पूर्व वर्षों के परीक्षार्थी भी अपनी-अपनी उपाधि के लिए प्रविष्ट किये जाएँगे।

   उसका भी प्रावधान है कि यदि अमुक वर्ष में दीक्षान्त समारोह सम्पन्न नहीं किया जा सकता हो, तो औपचारिक दीक्षान्त समारोह की प्रतीक्षा किये बिना किंतु निर्धारित शुल्क के भुगतान पर, अपनी-अपनी उपाधि प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थियों को अनुमति प्रदान करने में उपकुलपति सक्षम होंगे।

   फिर भी उपाधि के ऐसे प्राप्तकर्ता जब दीक्षान्त समारोह समान्यतः सम्पन्न होता है पंजी में हस्ताक्षर करेंगे जो कि उनसे अपेक्षित है। इसकी भी व्यवस्था है कि एक अमुक वर्ष में जब दीक्षान्त समारोह सम्पन्न नहीं होता हो, तो कुलपति उन सभी पात्र परीक्षार्थियों को जो अपनी-अपनी सनदें आगामी दीक्षान्त समारोह में प्राप्त कर लेना चाहते हों, तो निर्धारित शुल्क के भुगतान पर उन्हें अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त कर लेने के लिए समारोह में उन्हें भाग लेने की अनुमति देने में सक्षम होंगे।

   आगे यह भी उपबंधित है कि जब दीक्षान्त समारोह नियमित रूप से सम्पन्न किया जाता हो उसमें अनुपस्थित होते हुए भी पात्र परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क अदा करने के बाद अपनी उपाधि प्राप्त कर सकता है।

8. दीक्षान्त समारोह में व्यक्तिगत रूप से जो परीक्षार्थी अपनी उपाधि प्राप्त कर लेना चाहता हो, तो निर्धारित शुल्क के साथ, उसके प्रयोजन के लिए नियत तिथि या उससे पूर्व भी उस परीक्षार्थी को अपना आवेदन पंजीकार के पास प्रस्तुत कर देना चाहिए।

9. एक दीक्षान्त समारोह में जो परीक्षार्थी स्वयं उपस्थित नहीं हो पाते हों वे कुलाधिपति द्वारा अथवा उनकी अनुपस्थिति में कुलपति द्वारा उनकी अनुपस्थिति में उनकी उपाधि प्रदान करा सकेंगे तथा उनके डिप्लोमा निर्धारित शुल्क के भुगतान एवं आवेदन पर पंजीकार द्वारा प्रदान कराये जाएँगे।

10. समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधि प्राप्त कर लेने के लिए शुल्क यथा निर्धारित लिया जाएगा।

11. सम्माननीय उपाधि केवल दीक्षान्त समारोह में ही प्रदान की जाएगी और उसे व्यक्तिगत रूप से अथवा उसमें अपनी अनुपस्थिति में प्राप्त किया जा सकता है।

12. दीक्षान्त समारोह में जिन व्यक्तियों को सम्माननीय उपाधियाँ प्रदान की जानेवाली हों उन व्यक्तियों की प्रस्तुती कुलपति अथवा उनके नामित द्वारा की जाएगी।

13. दीक्षान्त समारोह में अपनी-अपनी उपाधि के लिए कार्यकारी आदेशों द्वारा यथा निर्धारित उचित पोशाक-गाऊनों और हूडों को परीक्षार्थी पहन लेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित उपयुक्त शैक्षणिक पोशाक में नहीं रहनेवाले/रहनेवाली परीक्षार्थी को दीक्षान्त समारोह में प्रविष्ट होने नहीं दिया जाएगा।

14. दीक्षान्त में उपाधियों को प्रदान करने के लिए, उनकी अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त कर लेने के लिए कुलपति या उनकी अनुपस्थिति में कुलपति से निम्नप्रकार से परीक्षार्थी स्वयं परिचित कराये जाएँगे :

क्रमशः स्नातक, स्नातकोत्तर विभागों के प्रधान अपने-अपने छात्र-छात्राओं का परिचय कराएँगे। सम्बंद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं के प्रिंसिपाल लोग जो कि कुलपति द्वारा इस प्रयोजन हेतु नामित हैं, विभिन्न सनदों के लिए अपने-अपने छात्र-छात्राओं को परिचित कराएँगे।
पंजीकार अथवा कुलपति द्वारा नामित व्यक्ति द्वारा पदकों और पुरस्कारों को प्राप्त करनेवालों के नाम पढ़े जाएँगे।
पंजीकार अथवा इस प्रयोजन हेतु नियुक्त व्यक्ति अपनी अनुपस्थिति में अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त करनेवाले परीक्षार्थियों का परिचय देंगे।
दीक्षान्त समारोह के सम्पन्न हो जाने के उपरान्त कुलपति द्वारा यथा निर्धारित तरीके से परीक्षार्थीयों को उनके उपाधि-प्रमाण-पत्र संवितरित कराये जाएँगे।

15. कुलाधिपति, मुख्य अथिथि, कुलपति, निदेशक, पंजीकार, वित्त अधिकारी, परीक्षाओं के नियंत्रक, विद्यालयों के प्रधान, विभागाध्यक्ष तथा विश्व-विद्यालय प्राधिकारों के सदस्य विश्व-विद्यालय द्वारा निर्धारित विशेष रोबों को पहनेंगे और कार्यकारी आदेशों द्वारा दीक्षान्त-समारोह के संचालन के लिए अगली क्रिया-विधि विनिर्दिष्ट करायी जाएगी।

16. भारतीय संघ के कोई मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री, संघशासित प्रदेशों के मंत्री, लोक सभा/राज्य विधानों/संघशासित प्रदेशों के विधानों के अध्यक्ष, जब भी दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होनेवाले हों, उनके व्यक्तिगत मामलों में कुलपति द्वारा यथानिश्चित, उनके ओहदे के अनुरूप उन्हें विशेष रोबें प्रदान करायी जाएँगी, तथा विश्वविद्यालय के दूसरे प्राधिकारों/अधिकारियों के समान अपनी-अपनी शैक्षणिक रोबों को पहनते हुए वे दीक्षान्त-समारोह में विराजमान होंगे।

अध्याय – XX विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं दूसरे शैक्षणिक कर्मचारी वृंद की सेवाओं के वर्गीकरण, उपलब्धियाँ, योग्यताएँ और अन्यशर्तें

(संविधि 26 सहित धारा 28(घ) व (ङ) पठित)

लघुशीर्ष, विस्तार एवं प्रारम्भ

1. ये भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों फी सेवाओं की शर्तें कही जाएंगी।

(a) दि.14 नवम्बर, 2008 के भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय की धारा 2 (इज़ड़ बी) में यथा पारिभाषित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों के लिए ये अध्यादेश लागू होंगे।

(b) ये अध्यादेश इस विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए भी लागू होंगे। स्पष्टीकरण : शैक्षणिक कर्मचारी शब्द अपने सन्दर्भ के विपरीत हो जाने तक, विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी को शामिल कर लेगा जिससे विश्व-विद्यालय के विभागों, केन्द्रों, विद्यालयों और विश्वविद्यालय द्वारा संरक्षित अथवा सम्बद्ध अन्य संस्थाओं में प्रतिभाग लेने की अपेक्षा की जाती है।

(c) ये अध्यादेश जहाजरानी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के जहाजरानी विभाग द्वारा अनुमोदन की तिथि से लागू समझे जाएँगे।
उपबंधित है कि वेतन-मानों एवं भत्तों संबंधी अनुभाग/धारा ऐसे मदों के संबंध में ऐसी तिथियों पर लागू होगा जब भारत सरकार ने अधिसूचित करा दिया अथवा विश्वविद्यालय अधिसूचित करेगा।

आगे इसका भी प्रावधान है कि पहले ही सेवारत किसी शिक्षक की किसी शर्त को इन अध्यादेशों में कुछ भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं समझे जाएँगे।

2. वेतन-मान
शिक्षकों के विभिन्न वर्गों के वेतन-मान भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित वेतन-मानों के अनुरूप होंगे।

3. भर्ती और योग्यताएँ

(a) शिक्षण-पदों की समस्त नियुक्तियाँ संविधि 21(1) व (2) के अधीन विधिवत् गठित प्रवर समिति द्वारा अखिल भारतीय विज्ञापन द्वारा मैरिट के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा अथवा उसमें यथा उपबन्धित पदोन्नतियों द्वारा होंगी।
उपबंधित है कि जब कभी साक्षात्कार के लिए इन वर्गों के किसी में से व्यक्ति आते/आती हों, तो एस.सी./एस.टी. स्त्रियों और विकलांग व्यक्तियों का/की एक प्रतिनिधि शामिल कर लिये/ली जाएंगे/जाएँगी।

(b) लेकचररों, वरिष्ठ लेकचररों, सहायक प्रोफ़सरों, सह प्रोफ़सरों और प्रोफ़सर के पदों तथा पुस्तकालय, शारीरिक-व्यायाम शिक्षा में दूसरे समकक्ष पदों के लिए न्यूनतम योग्यताएँ समय-समय पर विश्व-विद्यालय द्वारा निर्धारित की जाएँगी तथा इस संबंध में आई.एम.यू. द्वारा जारी प्रत्येक आदेश अथवा स्पष्टीकरण जो भी हो इन अध्यादेशों का भाग समझा जाएगा और ऐसे आदेश में विनिर्दिश्ट तिथि से लागू होगा।

4. अनुसंधान को उपाधियों के लिए पुरस्कार:

(a) लेकचररों के रूप में नियुक्ति के समय पर उन लोगों के लिए जिनके पास क्रमशः पीहेच.डी. और एम.फ़िल. डिग्रियाँ है दो वेतन-वृद्धियाँ ग्राह्य होंगी। प्रस्तुत धारा के प्रयोजन हेतु, पीहेच.डी. के लिए डी.लिट., व डी.एससी., समकक्ष और एम.फ़िल. केलिए एम.लिट. समकक्ष समझे जाएँगे।

(b) वे शिक्षक जो कि एम.फ़िल. के साथ नियुक्त हैं और नियुक्ति के दो वर्षों के भीतर पीहेच.डी. की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें एक वेतन-वृद्धि मंजूर की जाएगी।

(c) सहायक प्रोफ़सर अथवा एक प्रवर श्रेणी लेकचरर के रूप में जब पदोन्नत होते हैं पीएच.डी. के साथ का एक लेकचरर दो अग्रिम वेतन-वृद्धियों के लिए पात्र होगा।

5. भूतपूर्व सेवा की गणना

(a) एक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, राष्ट्रीय प्रयोगशाला, अथवा सीएसआईआर, आईसीएआर, डीआरडीओ, यु.जी.सी., आई.सी.एस.एस.आर, आई.सी.एच.आर. जैसे किसी वैज्ञानिक/अनुसंधान संगठन में एक लेक्चरर या समकक्ष के रूप में और युजीसी अनुसंधान वैज्ञानिक के रूप में किसी भी ग्रेड के बिना की अनुपूर्व सेवा अगली उच्चतर श्रेणी में पदोन्नति के लिए गिनी जाएगी बशर्ते कि (i) ऐसी सेवा ऐसे एक पद में दी हुई हो जिसका वेतन-मान लेक्चरर का समकक्ष हुआ हो, (ii) उस पद के लिए योग्यताएँ, युजीसी द्वारा लेक्चररों के लिए निर्धारित से कम न हों; (iii) आवेदक का आवेदन विधिवत् भेजा गया हो (iv) युजीसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यताएँ आवेदक के पास विद्यमान हों; (v) उस संबंध में युजीसी द्वारा निर्धारित कार्य-विधि के अनुरूप पद भरागया हो और (vi) एक वर्ष की अवधि से कम समय की एक छुट्टी रिक्ति अथवा नियुक्ति तदर्थ की नहीं रही हो;

इसका प्रावधान है कि यदि ऐसी तदर्थ सेवा एक वर्ष से अधिक अवधि की रही हो और एक विधिवत् गठित प्रवर समिति की सफ़ारिश पर यदि पदस्थ नियुक्त किया गया हो और अगर तदर्थ सेवा की निरूतरता में सेवा में बिना किसी ब्रेक के पदधारी स्थाई पद के लिए चयनित किया गया हो, तो उसकी तदर्थ सेवा की गिनती में लिया जा सकता है।

6. परिवीक्षा एवं पुष्टि

(a) प्रत्येक शिक्षक परिवीक्षा पर 24 महीनों की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। जिसे जहाँ कहीं आवश्यक हो कार्यकारी परिषद् द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

इसकी व्यवस्था है कि उसकी परिवीक्षा-अवधि समाप्त होने की तिथि से कम से कम 40 दिन पूर्व प्रत्येक शिक्षक का मामला कार्यकारी परिषद के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जाएगा तथा संबंधित शिक्षक को उसकी परिवीक्षावधि से पूर्व 30 दिन बाद को नहीं कार्यकारी परिषद के निर्णय से अवगत करा दिया जाएगा।

(b) जहाँ पर परिवीक्षावधि के दौरान, परिवीक्षा पर नियुक्त कोई शिक्षक उस पद का धारण करने के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता हो, अथवा जब उसने सन्तोषजनक रीति से अपनी परिवीक्षावधि पूरी नहीं की हो, चाहे विस्तृत या नहीं, कार्यकारी परिषद् (i) यदि वह नियुक्ति पदोन्नति द्वारा की गयी हो, तो पदधारी को उसके द्वारा धारित पूर्व पद को परावर्तित कर सकती है; तथा (ii) अगर वह नियुक्ति सीधी भर्ती द्वारा की गयी हो, तो बिना किसी सूचना के विश्व-विद्यालय के अधीन उस शिक्षक की सेवाओं को समाप्त कर सकती है।

4. h) The Committee of Inspection shall submit its report in the Proforma prescribed for each category of colleges/courses incorporating norms prescribed to the Academic Council which in turn forward it to BAR with its recommendations.

4. i) The above report may be examined by the Board of Affiliation and Recognition and give its decision

4 j) The University shall make necessary arrangements to complete the process and intimate the decision of BAR to the sponsoring Body/Government Department concerned normally two months prior to the commencement of the next academic session.

5. a) On receipt of the permission to start the college/institution the sponsoring Body shall constitute the Governing Body/Advisory Committee and proceed to make appointment for the posts of Principal and other academic staff in accordance with the provisions of the Statutes, Ordinances and Regulations of the University about their composition, minimum qualifications, procedure for appointment.

5 b) Further, the Governing Body/Advisory Committee shall make necessary arrangements to fulfill all the conditions and recommendations made by the BAR in this regard

5 c) No person, who is not fully qualified as per the norms laid down by the University for the purpose, shall be appointed on the staff of the college or as Principal. In exceptional cases, however, if a fully qualified Principal is not readily available, one of the members of the staff, if existing, having the longest teaching experience at college level, may be designated as Vice-Principal and the post of Principal may be kept vacant until such time a fully qualified person in appointed as Principal.

5. d) The Governing Body/Advisory Committee of a college/institution or the Government Department, as the case may be shall at the earliest but not later than 15 days from the date of commencement of the academic session, inform the University about the staff in position with full particulars and also a clarification/acceptance regarding the fulfilment of the conditions, recommendations prescribed by the University.

6. Provisional affiliation of the college/course shall be granted for a period of one year initially may be extended to a further period as the University may deem fit and proper. Requests for renewal shall be submitted on or before 7th January of the preceding academic year.

7. The BAR may arrange for a review of the progress of the College/institution, its performance in general with particular reference to the course(s) started and then permit the renewal as per the recommendations of the Regional Council.

8 The College/institution which has been granted provisional affiliation for any course, may apply for permanent affiliation. The College/institution shall submit a detailed report well before the ensuing inspection to facilitate the process for grant of permanent affiliation. The procedure for this is same as that for the provisional affiliation

Provided that in exceptional or outstanding cases, this condition may be waived by the Executive Council on the recommendation of the BAR and permanent affiliation granted earlier as per usual procedure governing such permanent affiliation as special categories

9. No college shall be dissolved or closed by the Governing Body/Advisory Committee without making prior arrangement for admission of students in another affiliated College or Colleges and without making alternative arrangements for employment of the permanent members of the teaching staff and also without obtaining prior approval of the Government concerned, the University, the University Grants Commission, as may be necessary, regarding final settlement of any property including library books and laboratory equipment which might have been acquired by such a College with financial assistance from the University Grants Commission and/or Government

Provided that no College shall be dissolved or closed under any circumstances in the midst of an academic session.

10. The BAR may lay down new conditions of affiliation general or specific, regarding staff, buildings, equipment, library laboratories, finance or other relevant matters in consultation with Executive Council and specify the date by which the conditions so stipulated be satisfied , failing which the College/institution may not be allowed to enjoy the privileges of the University.

11. The report of the Inspection Committee of a College/institution shall not be communicated to the College/institution but shall be regarded as a confidential document until it has first been considered by the University. After a decision regarding affiliation has been taken, copies of the report may be sent, unless withheld under the orders of the Vice-Chancellor for any reason, to the college/institution for information, guidance and necessary action.

12. a) A sponsoring body/Government Department seeking permission to open a new college/institution or Colleges/institutions seeking to start new courses shall pay the fees/create the endowment at the rates as specified in the Annexure-II.

12. b) Such affiliated Colleges/institutions may levy such fees from students towards tuition fee etc., payable to the College and also to the University as may be prescribed/approved by the University from time to time, with the prior concurrence of the University.

13. a) The Executive Council shall have power to withdraw any affiliation or permission from a College/institution at any time whenever, on the basis of the recommendation of BAR that, such College/institution has failed to comply with the Rules, Regulations, Statutes, Ordinances or any other directives of the University, or if the College/institution authorities have failed to maintain order and discipline in the College/institution or the normal, regular and proper functioning of the College/Institution has become impossible due to mismanagement of the affairs of the College/Institution or any other valid reason. Provided that before any privileges are so withdrawn, the Governing Body of the college or institution concerned shall be given an opportunity to represent to the Executive Council why such action should not be taken.

14. Every College/institution should follow the norms laid down by the University in all matters relating to physical infrastructure and academic requirements in terms of teachers, classes, laboratories, workshops, library etc.

15. Any difficulty arising in interpretation of, or giving effect to any provisions of this ordinance, shall be referred to the Vice-Chancellor, whose interpretation or decision thereon, shall be final.

16 a) Without prejudice to the provisions of the Act and the Statutes, and other rules of the University, no student shall be eligible for admission to any undergraduate or post-graduate course of study in the University unless he/she has passed the examination or examinations prescribed by the University for admission to the concerned course or courses.

16 b) The procedure for admission to various courses of study will be notified by the University.

Part II

Board of Affiliation and Recognition

The Board of Affiliation and Recognition (BAR) would be placed in the Headquarters of IMU and will have the following members:

1. Vice Chancellor
2. 2 representatives from any of the campuses who are experts in the field to be nominated by VC
3. 2 experts from the industry to be nominated by Academic Council.
4. The Registrar of the University.
5. Two representatives of DGS, one each from Nautical and Engineering branches to be nominated by DGS with the consent of Vice Chancellor.

The Registrar is the Member Secretary of the BAR.

The BAR will have one Regional Council in each campus.

The Regional Council of the BAR will have the following members:

1. Director of the Campus
2. Two representations from the respective campuses to be nominated by Vice Chancellor
3. Two nominations from the industry to be nominated by Vice Chancellor.
4. One representative of DGS nominated by DGS with the consent of Vice chancellor.

The regional Council located at campuses would submit their recommendations on all matters referred to it, to the BAR.

IV. DATES PRESCRIBED FOR SUBMISSION OF DOCUMENTS:

(i) Last date for submission of application form in the prescribed format for grant of provisional affiliation for offering course/ courses.	1st April of the academic year
(ii) Last date for submission of No Objection Certificate of the respective State Govts.	31st March of the academic year
(iii) Last date for submission of Statutory Council's permission /recognition/approval	10th April of the academic year

Dr. RAMANAND YADAV, Asstt. Professor

[ADVT III/4/92-P/2009/Exty.]

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय
प्रशासनिक मामलों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश

प्रस्तुत अधिनियम, मूल रूप से अंग्रेज़ी में लिखित पृथक अधिनियम (Act) का हिन्दी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है, तो अंग्रेज़ी में लिखित अधिनियम ही मान्य होगा।

अध्याय -- 1

विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर सभी कर्मचारियों के सेवा-विनियम एवं शर्तों को नियंत्रित करने वाले अध्यादेश

भाग -- I अनुप्रयोग का कार्यक्षेत्र

1. इन नियमों को "भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (गैर-शिक्षक कर्मचारी सेवा नियम एवं शर्तें) नियम" कहा जा सकता है। माना जा सकता है कि ये नियम दि. 14 नवम्बर 2008 से अमल में आये।

2. अधि नियम एवं वैधानिकता अधिनियम के प्रावधानों के तहत तथा वैधानिकता के बशर्ते, विश्वविद्यालय शिक्षकों को छोड़कर भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों पर लागू होते हैं।

भाग -- II परिभाषाएँ तथा व्याख्याएँ

3. जब तक संदर्भ की अन्य प्रकार की अपेक्षा नहीं की जाती है, इन नियमों में व्यवहृत विभिन्न शब्दों के निम्नलिखित प्रकार के अर्थ होते हैं :

(i) 'औसत' का मतलब, औसत वेतन के परिकलन के लिए सन्निकट जिसकी आवश्यकता है, घटना घटने वाले महीने के सन्निकट पूर्ववर्ती 10 संपूर्ण महीनों के दौरान आर्जित, औसत वेतन है।

(ii) "काडर" का मतलब है, अलग इकाई के रूप में स्वीकृत सेवा की अथवा सेवा की क्षमता/संख्या है।

(iii) किसी कर्मचारी के "क्षतिपूर्ति भत्ता" का मतलब, कार्य-परिसर में विशेष परिस्थितियों में अपेक्षित व्यक्तिगत खर्च संभालने के लिए स्वीकृत किये जानेवाला भत्ता। इसमें यात्रा भत्ता भी शामिल है।

(iv) "ड्यूटी" के तहत, परिवीक्षा - अवधि पर सेवा शामिल है, बशर्ते कि, उस सेवा का उत्तरोत्तर स्थायी करण किया गया हो।

(v) "कर्मचारी (गैर-शैक्षिक) का मतलब विश्वविद्यालय के शैक्षिकेतर कर्मचारी है।

(vi) "शुल्क" का मतलब विश्वविद्यालय की निधियों को छोड़कर कर्मचारी को सीधे अथवा विश्वविद्यालय के मध्यवर्ती के द्वारा परोक्ष रूप से किये जाने वाला आवर्ती अथवा अनावर्ती भुगतान है, परन्तु साहित्यिक, कलात्मक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय प्रयासों से प्रतिभूतियों पर सम्पत्ति, डिविडेण्ड एवं ब्याज जैसे अनुपार्जित आय इसमें शामिल नहीं है।

(vii) मानदेय का मतलब है - किसी अवसरोचित अथवा आंतरायिक प्रकृति के विशेष कार्य के लिए मानदेय के रूप में विश्वविद्यालय की निधियों से कर्मचारी को स्वीकृत किये जाने वाला आवर्ती अथवा गैर-आवर्ती भुगतान।

(viii) "विदेशी सेवा" का मतलब है - ऐसी सेवा जिसमें कर्मचारी विश्वविद्यालय की निधियों को छोड़कर किसी अन्य स्रोत से विश्वविद्यालय की स्वीकृति के साथ अपना वेतन प्राप्त करता है।

(ix) "कार्यारंभ समय" का मतलब है - विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र के अन्दर एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र को स्थानान्तरण किये जाने वाले केन्द्र से अथवा केन्द्र को यात्रा करने के लिए कर्मचारी को दिये जानेवाला समय।

(x) अवकाश-वेतन का मतलब है छुट्टी में रहनेवाले कर्मचारी को विश्वविद्यालय के द्वारा भुगतान की जानेवाली मासिक रकम।

(xi) "लीन" का मतलब है -- तुरन्त अथवा पूर्ण रूप से अथवा अनुपस्थिति की अवधि अथवा अवधियों की समाप्ति पर, कार्यकाल (टेन्यूर) पद सहित स्थाई पद, जिस पद के लिए पूर्ण रूप से उनकी नियुक्ति हुई है, का ग्रहण करने के लिए कर्मचारी का स्वत्वाधिकार।

(xii) "महीना" का मतलब एक कैलण्डर महीना है। महीनों एवं दिनों के संबंध में अभिव्यक्त की गई अवधि के परिकलन के समय, पूर्ण कैलण्डर महीनों का, प्रत्येक में दिनों की संख्या को ध्यान में रखे बिना, पहले परिकलन किये जाना चाहिए तथा तत्पश्चात् दिनों की विषम संख्या का परिकलन किया जाना चाहिए।

(xiii) "स्थानापन्न" का मतलब है-- कोई कर्मचारी किसी पद पर कार्यवहन करते हुए, "लीन" का अधिकार प्राप्त किसी और कर्मचारी के पद के कार्यों का निष्पादन जब करता है। कर्मचारी ऐसे रिक्त पद का कार्यवहन कर सकता है जिसमें कोई दूसरा कर्मचारी "लीन" न रखता हो।

(xiv) "वेतन" का मतलब किसी कर्मचारी के द्वारा मासिक तौर पर निकाले जाने वाली रकम यथा :--

(अ) वेतन स्थाई रूप से अथवा स्थानापन्न रूप से उनके द्वारा धारण किये जानेवाले पद के लिए स्वीकृत किये गये उनकी व्यक्तिगत योग्यताओं की दृष्टि से विशेष वेतन अथवा उनके व्यक्तिगत योग्यताओं के लिए स्वीकृत किया गया वेतन को छोड़कर।

(आ) विशेष वेतन एवं व्यक्तिगत वेतन।

(xv) "व्यक्तिगत वेतन का मतलब किसी कर्मचारी को स्वीकृत किया गया अतिरिक्त वेतन :--

(अ) विशेष रूप से अथवा स्थाई पद के सन्दर्भ में, किसी कार्यकाल (टेन्यूर) के रूप में अथवा स्थानापन्न धारिता में उनके द्वारा वहन किये गये पद के लिए स्वीकृत किया गया अथवा किसी श्रेणी में उनके पद के कारण जिसके लिए वे अर्हता रखते हैं, उनके व्यक्तिगत अर्हताओं की दृष्टि से स्वीकृत किया गया वेतन के अतिरिक्त वेतन।

(xv) व्यक्तिगत वेतन का मतलब किसी कर्मचारी को स्वीकृत किये गये अतिरिक्त वेतन--

(अ) उनको अन्य पद को छोड़कर किसी स्थाई पद के संबंध में, ऐसे विधिवत् प्रस्तावित वेतन के वेतन परिवर्तन अथवा घटाव, अनुशासनिक कार्रवाई से भिन्न हो, के कारण स्थाई वेतन की हानि से बचाने के लिए,

अथवा

(आ) अन्य व्यक्तिगत प्रतिफल पर असाधारण परिस्थितियों में।

(xvi) परिवीक्षा : किसी पद में परिवीक्षा पर रहनेवाला व्यक्ति वह है जो उस पद के लिए घटनापूर्ण स्थाई नियुक्ति के लिए उनकी उपयुक्तता के निर्णय के लिए उस पद पर नियुक्त किया गया व्यक्ति।

(xvii) विशेष वेतन का मतलब है -

वेतन की प्रकृति के अलावा किसी पद के अथवा कर्मचारी के वेतनादि को,

(अ) कार्यों की विशेष श्रम साध्य प्रकृति अथवा

(आ) कार्य अथवा दायित्व की विशेष जोड़ के प्रतिफल में स्वीकृत वेतन की प्रकृति की जोड़।

(xviii) "स्थाई पद" का मतलब है, समय-सीमा के बिना स्वीकृत किये गये वेतन का निर्धारित दर पर रहनेवाला पद।

(xix) विशेष वेतन अथवा व्यक्तिगत वेतन के अतिरिक्त वेतन जिसके लिए स्थाई रूप से नियुक्त किये गये पद के कारण, कर्मचारी को प्राप्त होगा।

(xx) "जीवन निर्वाह अनुदान" का मतलब है किसी कर्मचारी जो कोई वेतन अथवा अवकाश वेतन नहीं पा रहा हो, को दिये जाने वाला मासिक अनुदान।

(xxi) अस्थाई पद का मतलब है किसी सीमित समय के लिए स्वीकृत किये गये निश्चित वेतन दर पर रहनेवाला पद।

(xxii) "टैम-स्केल-वेतन" का मतलब है न्यूनतम से उच्चतम तक सावधिक वेतन-वृद्धि के अनुसार बढ़नेवाला वेतन।

(xxiii) "यात्रा भत्ता" का मतलब है विश्वविद्यालय के हित में यात्रा करते समय किसी कर्मचारी के द्वारा उठाये जानेवाले खर्च की एवज में उनको दिये जानेवाला भत्ता।

(xxiv) "विश्वविद्यालय" का मतलब है भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय।

भाग -- III सामान्य सेवा नियम

4.(1) विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर पद, समय समय पर निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत किये जानेवाले सामान्य आदेश अथवा विशेष आदेश के अनुसार, ऐसे वर्गीकरण के बशर्ते, सरकार के माने जाएँगे (पाँचवीं केन्द्रिय वेतन आयोग के अनुसार):

क्रम संख्या	पदों का विवरण	पद वर्गीकरण
1.	रु. 13,500/- से कम न रहनेवाले उच्चतम से वेतन अथवा वेतनमान पर रहनेवाला पद	ग्रूप--'ए'
2.	रु. 9,000/- से कम नहीं परन्तु रु. 13,500/- से कमवाले उच्चतम से वेतन अथवा वेतनमान पर चलनेवाला पद	ग्रूप--'बी'
3.	रु. 4,000/- के अधिक परन्तु रु. 9,000/- से कम के उच्चतम पर वेतन अथवा वेतनमान पर रहनेवाले पद	ग्रूप--'सी'
4.	रु. 4,000/- अथवा उससे कम के उच्चतम के वेतन अथवा वेतनमान पर चलनेवाले पद	ग्रूप--'डी'

विधि 4(2) के तहत कुलसचिव (रजिस्ट्रार) की परिलब्धियाँ, सेवा-शर्तें तथा विनियम।

4.(1).(ए). 1. विश्वविद्यालय के कुलसचिव, एक पूर्णकालीन वेतनभोगी अधिकारी कुल सचिव--रहेंगे और उनको रु. 10,000 के ग्रेड वेतन के साथ रु. 37,400/- रु. 67,000/- के अनुज्ञेय अथवा कार्यकारिणी समिति के द्वारा समय समय पर परिवर्तित किये जानेवाले वेतन मान में वेतन एवं अन्य भत्ते प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को अनुज्ञेय भत्तों के वेतन भी प्राप्त करेंगे। उनका कार्यकाल अधिकतम पाँच वर्ष का होगा। प्रथम कुलसचिव का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

इस शर्त पर कि लेखा अधिकारी की नियुक्ति संघठित लेखा/लेखापरीक्षा सेवा/कैडर से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाएँगे। उनका वेतन प्रतिनियुक्ति के नियमों के अनुसार जिससे वे सम्बद्ध हैं, उस सेवा प्रतिनियुक्ति के नियमों के अनुसार उनके लिए जो वेतन अनुज्ञेय रहेगा, उसी प्रकार का रहेगा।

2. कुलसचिव अपने कार्यों एवं प्रकार्यों को, विश्वविद्यालय के कानून एवं अध्यादेशों में उल्लिखित प्रकार अपने कर्तव्य एवं प्रचार्यों का निष्पादन करेंगे।

3. कुलसचिव को विश्वविद्यालय के सज्जित नहीं किये गये ऐसी आवास-गृह की सुविधा दी जाएगी जिसके लिए वे सामान्य दरों पर किराये का भुगतान करेंगे।

4. कुलसचिव की सेवा के अन्य शर्तें एवं विनियम ऐसे ही रहेंगे जिनका "अधिकारियों की सेवा-संविदा "में उल्लिखित हैं तथा कार्यकारिणी समिति के द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाने वाले अन्य शर्तों के बशर्ते, कार्यकारिणी समिति के द्वारा अनुमोदित हैं।

5. कुलसचिव की "सेवा संविदा" पर विश्वविद्यालय की तरफ से वित्त अधिकारी के द्वारा हस्ताक्षर किये जाएँगे।

विधि 5(2) के तहत वित्त अधिकारी की परिलब्धियाँ, सेवा-शर्तें तथा विनियम।

4.(1).(3). 1. विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, एक पूर्णकालीन वेतनभोगी अधिकारी कुल सचिव--रहेंगे और उनको रु. 10,000 के ग्रेड वेतन के साथ रु. 37,400/- रु. 67,000/- के अनुज्ञेय अथवा कार्यकारिणी समिति के द्वारा समय समय पर परिवर्तित किये जानेवाले वेतन मान में वेतन एवं अन्य भत्ते प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को अनुज्ञेय भत्तों के वेतन भी प्राप्त करेंगे। उनका कार्यकाल अधिकतम पाँच वर्ष का होगा। प्रथम वित्त अधिकारी का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

2. वित्त अधिकारी अपने कार्यों एवं प्रकार्यों को, विश्वविद्यालय के कानून एवं अध्यादेशों में उल्लिखित प्रकार अपने कर्तव्य एवं प्रचार्यों का निष्पादन करेंगे।

3. वित्त अधिकारी को विश्वविद्यालय के सज्जित नहीं किये गये ऐसी आवास-गृह की सुविधा दी जाएगी जिसके लिए वे सामान्य दरों पर किराये का भुगतान करेंगे।

4. वित्त अधिकारी की सेवा के अन्य शर्तें एवं विनियम ऐसे ही रहेंगे जिनका "अधिकारियों की सेवा-संविदा "में उल्लिखित हैं तथा कार्यकारिणी समिति के द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाने वाले अन्य शर्तों के बशर्ते, कार्यकारिणी समिति के द्वारा अनुमोदित हैं।

5. वित्त अधिकारी की "सेवा संविदा" पर विश्वविद्यालय की तरफ से कुलसचिव के द्वारा हस्ताक्षर किये जाएँगे।

(2) नियुक्ति के लिए योग्यताएँ :

विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों की नियुक्ति के लिए उम्र, योग्यता तथा भर्ती की पद्धति संबंधित भर्ती-नियमों में उल्लिखित प्रकार अथवा समय समय पर कार्यकारिणी समिति के द्वारा निर्णय के अनुसार रहेंगे।

(3) उपयुक्तता :

(अ) 3 महीनों से अधिक अवधि के लिए प्रत्यक्ष भर्ती के द्वारा व्यक्तियों की नियुक्ति, विश्वविद्यालय के वैद्यकीय अधिकारी के द्वारा अथवा इस प्रयोजन के लिए अधिकृत किसी और वैद्यकीय प्राधिकारी के द्वारा अथवा सिविल सर्जन की श्रेणी से कम रहनेवाले वैद्यकीय अधिकारी के द्वारा वैद्यकीय दृष्टि से उपयुक्त पहचाने जाने की शर्त पर, रहेगी।

(आ) नियुक्त करनेवाले प्राधिकरण को जबतक उस व्यक्ति के अच्छे चरित्र एवं चाल-चलन के संबन्ध में संतुष्टि नहीं होगी तबतक किसी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की जाएगी।

(4) भर्ती की पद्धतियाँ :--

निम्नलिखित प्रकार से पदों की भर्ती की जा सकती है --

(i) प्रत्यक्ष भर्ती के द्वारा अथवा

(ii) पदोन्नति के द्वारा अथवा

(iii) स्थानान्तरण के द्वारा अथवा

(iv) सरकारी विभागों तथा अन्य संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पद्धति पर।

(5) पदोन्नति के द्वारा भर्ती :--

(i) पदोन्नति के द्वारा किसी श्रेणी में किसी पद के लिए, स्थाई रूप से अथवा स्थानापन्न हैसियत से, अगले निम्न श्रेणी के पदों में सेवारत कर्मचारियों में से, नियुक्ति की जाएगी।

(ii) पदोन्नति के द्वारा प्रत्येक नियुक्ति, वरीयता क्रम को उचित महत्व देते हुए उपयुक्तता के आधार पर, की जाएगी।

(6) नियुक्ति :--

(i) किसी पद पर नियुक्ति, कार्यकारिणी समिति के द्वारा अथवा समय समय पर प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिशों पर प्रयोजन के लिए, उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी के द्वारा, की जाएगी।

(ii) पद पर नियुक्ति के लिए उम्र, शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ तथा भर्ती की पद्धतियाँ, कार्यकारिणी समिति के द्वारा समय समय पर किये जाने वाले निर्णयों के अनुसार, रहेंगी।

(7) तदर्थ नियुक्तियाँ :--

उपर्युक्त नियम की शर्त के बावजूद, कार्यकारिणी समिति अपने एक सामान्य आदेश के द्वारा और ऐसे आदेश में उसके द्वारा विविर्दिष्ट की जानेवाली ऐसी शर्तों के तहत, विश्वविद्यालय मैं किसी प्राधिकरण को तदर्थ नियुक्तियाँ करने का अधिकार सौंप सकता है।

(8) पदच्युत अथवा बर्खास्त किये गये अथवा घटाये गये कर्मचारियों की जगह नियुक्तियाँ :

जहाँ कर्मचारी को सेवा में किसी कैडर से पदच्युत अथवा बर्खास्त अथवा घटाया जाता है, वहाँ सेवा में ऐसे कैडर में एतद्वारा अथवा तत्पश्चात होनेवाली किसी रिक्तता की भर्ती, ऐसे व्यक्ति के प्रतिकूल प्रभाव में स्थाई रूप से, ऐसी पदच्युति अथवा घटाव के खिलाफ उनके द्वारा यदि कोई अपील की गई हो तो, उस अपील पर निर्णय तक अथवा ऐसे निर्णद के अनुपालन के अलावा अथवा अपील पेश करने के लिए दी जानेवाली अवधि पूरी होने तक, यथा सन्दर्भ हो, नहीं की जाएगी।

(9) सेवा निर्वृत्ति--दिनांक के पार, सेवा में पुनःनियुक्ति इन नियमों में उल्लिखित बातों के बावजूद, कार्यकारिणी समिति को अधिकार होगा कि :

(i) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सेवाओं को सेवा निवृत्ति की उम्र के पार बढ़ाने का अधिकार;

(ii) केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ सीमा प्रान्त सरकार अथवा अन्य विश्वविद्यालयों के तहत काम कर चुके तथा "सेवानिवृत्ति" पर अथवा न मान्य कारणों को छोड़कर किसी अन्य कारणों से सेवा से अवकाश प्राप्त व्यक्तियों को पुनःनियुक्त करने का अधिकार।

(ii) विश्वविद्यालय मे प्रतिनियुक्ति पर रह चुके सरकारी कर्मचारियों को स्थाई रूप से आमेलित कर लेने तथा उनको पुनःनियुक्ति पद्धति पर रख लेने का अधिकार।

सेवाकाल बढ़ाना/पुनर्नियुक्ति करने के, कार्यकारिणी समिति के द्वारा निरस्त कर देने का लिहाज है कि वह विश्वविद्यालय के हित में होना चाहिए तथा निम्नलिखित दो शर्तों में किसी एक की पूर्ति होनी चाहिए:

(अ) निचली श्रेणी से पदोन्नति पर किसी व्यक्ति को सुलभ नहीं कर पाना अथवा ऐसी श्रेणी में अभाव रहना;

(आ) सेवा निवृत्त होनेवाले अधिकारी का उत्कृष्ट रहना। बशर्ते कि किसी भी अधिकारी को विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित सेवानिवृत्ति दिनांक से लेकर दो वर्षों से अधिक समय के लिए सेवा में नहीं रखा जाएगा।

(10) इन नियमों के अन्यथा शर्तों को छोड़कर, विश्वविद्यालय के कर्मचारी अपने पूरे समय में विश्वविद्यालय, जो उसे वेतन देता है, की हर ...ह की सेवा के लिए हाजिर रहेगा तथा उसे किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक के दावे के बिना उपयुक्त अधिकरण के द्वारा अपेक्षित प्रकार किसी भी प्रकार से नियुक्त किया जा सकता है।

5. (अ) विश्वविद्यालय का कर्मचारी की अपनी ड्यूटी से, छुट्टी पर हो अथवा विदेशी सेवा पर हो, अनुपस्थिति, उसको वरीयता, पदोन्नति तथा स्थाईकरण--अन्य या वह योग्य रहने पर, उनकी अनुपस्थिति के बशर्ते जिसे वह प्राप्त कर सकता है -- के सम्बन्ध में विशेषाधिकारों के लिए, उसे अनर्ह नहीं बनाएगी।

(आ) किसी भी स्थाई कर्मचारी को लगातार पाँच वर्षों से अधिक से बढ़कर किसी प्रकार की छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी;

(इ) कोई कर्मचारी के पाँच वर्षों की लगातार अवधि के लिए छुट्टी पर रहने के पश्चात् अपनी ड्यूटी का पुनरारंभ नहीं करेगा, अथवा विदेशी सेवा पर अथवा निलंबन के कारण को छोडकर अन्य प्रकार से कोई कर्मचारी अपनी छुट्टी की समाप्ति के बाद ड्यूटी से ग़ैर हाजिर रहेगा। अथवा उनको स्वीकृत की गई छुट्टी की अवधि पाँच वर्षों से अधिक हो जाने पर मामले की असाधारण परिस्थितियों को दृष्टि में अन्यथा निर्णय नहीं लिये जाने पर, उस कर्मचारी का पद त्याग माना जाएगा तथा तदनुसार वह विश्वविद्यालय-सेवा समाप्त कर लिया--माना जाएगा।

कार्यकाल

6. (1) विश्वविद्यालय में किसी पद पर नियमित रूप से नियुक्त किया गया प्रति व्यक्ति, परिवीक्षा पर अथवा सीधे भर्ती पद्धति पर हो, दो वर्षों के लिए परीवीक्षा अवधि पर रहेगा। बशर्ते कि, नियोक्ता प्राधिकरण, किसी व्यक्तिगत मामले में, अगले दो वर्षों से अधिक न होनेवाली अवधि के लिए परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है; उसका कारण लिखित रूप से लिपिबद्ध किया जाना चाहिए।

(2) विश्वविद्यालय में, परिवीक्षा पर कोई व्यक्ति नियुक्त किया जाता है, तो अपने परिवीक्षा की नियमित अवधि के दौरान अथवा परिवीक्षा की बढ़ाई गई अवधि के दौरान अनुपयुक्त पाये जाने पर अथवा अपनी परिवीक्षा अवधि को संतोष जनक ढंग से पूरा नहीं किया हो तो नियोक्ता प्राधिकारण;

(i) पदोन्नति पर नियुक्त किये गये व्यक्ति के सन्दर्भ में, उस व्यक्ति को उनकी पदोन्नति के तुरन्त पहले वाले पद को वापिस भेज सकते हैं।

(ii) सीधे भर्ती के द्वारा नियुक्त किये गये व्यक्ति के सन्दर्भ में, विश्वविद्यालय के तहत उनकी नियुक्ति की समाप्ति बिना पूर्व सूचना ही कर सकते हैं।

(3) विश्वविद्यालय के तहत किसी स्थाई पद पर नियुक्त किये जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति, पदोन्नति के द्वारा अथवा सीधे भर्ती के द्वारा, संतोष जनक पूर्ति उनकी परिवीक्षा अवधि की संतोषजनक समाप्ति पर उस पद पर स्थाईकरण के लिए अर्ह रहेंगे।

(4) किसी भी कर्मचारी को निम्नलिखित शर्तों पर किसी भी पद में स्थाई किया जाएगा:

(i) विश्वविद्यालय के तहत कर्मचारी की सेवा का अनुमोदन नियोक्ता प्राधिकरण के द्वारा किया जाना चाहिए।

7. नियम के अनुसार किसी पद को नियमित रूप से नियुक्त किये गये कर्मचारी की वरीयता क्रम का निर्धारण प्रारंभिक नियुक्ति के समय उल्लिखित विशेषता के क्रम में किया जाएगा बशर्ते कि सभी सीधी भर्तियों की सापेक्ष वरीयता पद ग्रहण के दिनांक से संबंध नहीं रखते हुए पिछले चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त किये जानेवाले व्यक्तियों के परवर्ती चयन के फलस्वरूप नियुक्त किये गये व्यक्तियों से वरिष्ठ रहने के संदर्भ में; गठित किये गये चयन प्राधिकरण के सिफारिश पर ऐसी नियुक्ति के लिए चयित किये गये गुण के क्रम के द्वारा किये जाएँ।

8. (i) कोई भी कर्मचारी विश्वविद्यालय के तहत किसी पद में स्थाई किये जाने तक विश्वविद्यालय को अस्थाई कर्मचारी रहेगा।

(ii) विश्वविद्यालय के तहत किसी पद में स्थाई किये गये कर्मचारी विश्वविद्यालय के स्थाई कर्मचारी रहेगा।

9. (1) किसी अस्थाई कर्मचारी की सेवा कुलपति/कार्यकारिणी समिति के द्वारा, कर्मचारी को किसी भी समय, कोई कारण बताये बिना ही, एक महीने की लिखित नोटिस के द्वारा सेवा समाप्ति के तुरन्त पहले जो वेतन वह पा रहा था -- उन्हीं दरों पर नोटिस की अवधि के लिए उनके वेतन एवं भत्ते की रकम के बराबर की रकम के उनको भुगतान -- जैसी परिस्थिति, हो, ऐसी अवधि के लिए जो नोटिस एक महीने से कम पडती हो।

(2) जिस पद पर उनको स्थाई किया गया था, उस पद के रद्द किये जाने पर, किसी स्थाई कर्मचारी की सेवाओं को कुलपति/कार्यकारिणी समिति के द्वारा किसी भी समय में, तीन महीनों की नोटिस के द्वारा अथवा तीन महीनों से कम पड़ने पर, ऐसी अवधि की उनकी सेवा की समाप्ति के तुरन्त पहले उनके द्वारा पाये गये वेतन एवं भत्ते के भुगतान करके अथवा उनकी सेवा की समाप्ति की जाने के तुरन्त पहले उनके द्वारा पाये गये तीन महीनों के वेतन एवं भत्ते के भुगतान पर, नोटिस के बिना, समाप्त किया जा सकता है।

(3) किसी कर्मचारी को, जिसे अनुच्छेद (2) के तहत सेवा-समाप्ति की नोटिस दी जाती है, नोटिस की अवधि के दौरान, उनके लिए मान्य जो भी हो, अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है तथा जहाँ अवकाश मान्य है और तीन महीनों से अधिक की स्वीकृति दी गई है, ऐसी छुट्टी की समाप्ति पर उनकी सेवाएँ समाप्त की जाएँगी।

10. (1) नियम में उल्लिखित बातों के अन्यथा नहीं रहने पर, विश्वविद्यालय का हरेक कर्मचारी अपनी 60 साल की उम्र प्राप्त करने के महीने के अन्तिम दिन के अपराहन को सेवा निवृत्त होंगे बशर्ते कि किसी कर्मचारी का जन्म दिनांक किसी महीने का पहला दिन हो, तो वह अपनी 60 वर्ष के उम्र पर पहुँचने के पिछले महीने के अंतिम दिन के अपराहन को सेवानिवृत्त होंगे।

(2) 60 साल की उम्र के बाद किसी भी कर्मचारी की सेवाएँ बढ़ाई नहीं जाएँगी (कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन से विशेष संदर्भों में--देखें) 'बहरहाल', सेवा आवश्यकताओं के सन्दर्भ में, 'सेवानिवृत्ति' की उम्र के बाद किसी कर्मचारी की सेवाओं की आवश्यकता रहे, तो ऐसे कर्मचारी को, "एकमुश्त टुकड़ा" पद्धति पर दो वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए अथवा ऐसी आवश्यकताएँ समाप्त होने तक, इनमें जो भी अवधि कम हो, ऐसे समय तक, कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन के साथ "पुनः नियुक्ति के नियम एवं शर्तों" पर, सेवा में चालू रहने की अनुमति दी जा सकती है।

(3) इस नियम में उल्लिखित बातों के बावजूद, कुलपति, अपने विचार के अनुसार विश्वविद्यालय के हित में ऐसा करना उचित समझते हों, तो किसी कर्मचारी को उनको कम से कम तीन महीनों की लिखित नोटिस देकर अथवा ऐसी नोटिस की एवज में तीन महीनों के वेतन एवं भत्ते के भुगतान करके सेवानिवृत्त करने का संपूर्ण अधिकार रखते हैं।

(i) अगर वह ग्रुप "ए" अथवा ग्रुप "बी" सर्विस अथवा पद पर रहता हो तथा उन्होंने पैंतीस साल की उम्र प्राप्त करने के पहले अथवा उनके, पचपन साल की उम्र पर पहुँचने के पश्चात्, विश्वविद्यालय सेवा में प्रवेश किया हो, तो

(ii) किसी अन्य सन्दर्भ में पचपन वर्षों की उम्र प्राप्त करने के बाद

(4) कोई कर्मचारी अगर वह ग्रुप-ए अथवा ग्रुप-बी सेवा में अथवा पद पर रहे, और पैंतीस साल की उम्र प्राप्त करने के पहले तथा उनके पचपन वर्षों की उम्र पर पहुँचने के बाद अन्य सभी संदर्भों में, विश्वविद्यालय की सेवा में प्रवेश कर चुका हो तो पचपन वर्ष की उम्र प्राप्त करने पर कुलपति को लिखित रूप में कम से कम तीन महीनों की नोटिस देकर सेवा निवृत्त हो सकता है।

बशर्ते कि इस अनुच्छेद के तहत सेवा निवृत्ति माँगनेवाले निलंबन में रहनेवाले कर्मचारी की अनुमति को रोक रखने के लिए कुल पति को स्वतंत्रता रहेगी।

(5) पैंतीस वर्षों की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद, किसी भी समय--

(अ) वह सेवा निवृत्त हो सकता है, अथवा

(आ) विश्वविद्यालय के हित में सेवा निवृत्त होने के लिए नियोक्ता प्राधिकरण के द्वारा अपेक्षित रहेगा तथा ऐसी सेवा निवृत्ति के संदर्भ में सेवानिवृत्त होनेवाले व्यक्ति के लिए कर्मचारी हकदार होगा।

बशर्ते कि

(अ) किसी भी कर्मचारी को, जिस दिन से वह सेवानिवृत्त होना चाहता है, उस दिनांक से कम से कम तीन महीनों के पहले कुलपति को लिखित रूप में नोटिस देना होगा।

(आ) कुलपति भी किसी कर्मचारी को, विश्वविद्यालय के हित में जिस दिन से उनको सेवानिवृत्त होना होगा, उस दिन से कम से कम तीन महीनों के पहले लिखित नोटिस दे सकते हैं अथवा ऐसी नोटिस की एवज में तीन महीनों का वेतन एवं भत्ते का भुगतान कर सकते हैं।

बशर्ते कि इस उपनियम की धारा (अ) के तहत नोटिस देनेवाला कर्मचारी निलंबन में रहते हो कुलपति इस नियम के तहत सेवा निवृत्त होने के लिए उस कर्मचारी की अनुमति को रोक रखने को स्वतंत्र होंगे।

(6) (i) कोई कर्मचारी, पच्चीस वर्षों की अपेक्षित सेवा पूरी करने के पश्चात किसी भी समय, कुलपति को लिखित रूप से कम से कम तीन महीनों की नोटिस देकर, सेवा निवृत्त हो सकता है।

(ii) उपनियम (I) के तहत ऐच्छिक रूप से सेवा निवृत्ति की नोटिस के लिए कुलपति की स्वीकृति अपेक्षित है।

बशर्ते कि ऐसा नोटिस में निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पहले सेवानिवृत्ति के लिए अनुमति मना नकरें, तो ऐसी सेवानिवृत्ति उक्त अवधि की समाप्ति दिनांक से अमल में आएगी।

(iii) किसी कर्मचारी ने इस नियम के तहत सेवा निवृत्ति का चयन किया हो, तथा कुलपति को इस आशय की अपेक्षित नोटिस दिया तो उसे राज्य प्राधिकरण के विनिर्दिष्ठ अनुमोदन के बिना नोटिस वापस लेने नहीं दिया जाएगा।

बशर्ते कि उद्दिष्ट सेवा निवृत्ति के दिनांक के पहले वापस लेने की उनकी प्रार्थना, की जाय।

11 कोई भी स्थाई/अस्थाई कर्मचारी, कुलपति के द्वारा त्यागपत्र की स्वीकृति के लिए, कुलपति को लिखित रूप से तीन महीनों/एक महीने की नोटिस, जैसा मामला हो, अथवा उसकी एवज में वेतन के भुगतान करके विश्वविद्यालय की सेवा से पद त्याग कर सकते हैं :

बशर्तें कि कुलपति, अगर किसी भी संदर्भ में उन्हें उचित लगे तो किसी स्थाई/अस्थाई कर्मचारी को तीन महीनों/एक महीने से कम समय की नोटिस देकर सेवा से पद त्याग करने की अनुमति दे सकते हैं।

भाग -- IV फुटकर

12. विश्वविद्यालय के तहत किसी पद पर रहनेवाला व्यक्ति, इन नियमों के प्रारंभ के बाद परन्तु इन नियमों के प्रकाशन के पहले, इन नियमों प्रावधानों के तहत नियुक्त किये गये माने जाएँगे तथा इन नियमों के जारी किये जाने के तुरन्त पहले उनके द्वारा प्राप्त किये गये वेतन प्राप्त करेगा।

13. (i) विश्वविद्यालय कार्यकारिणी समिति के द्वारा निर्धारित किये जाने के रूप में प्रत्येक कर्मचारी के लिए एक सेवा बही चालू रखेगा।

(ii) कर्मचारी के सेवा बही में इन्दराज, कुलपति के द्वारा इस प्रयोजन के लिए अधिकृत किये अधिकारी के द्वारा किये जाएँगे।

14. (i) विश्वविद्यालय के ऐसे अधिकारी -- यथा कार्यकारिणी समिति के द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाते हैं, विश्वविद्यालय के द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में -- तुरन्त पिछले वित्त वर्ष में कम से कम तीन महीनों की अवधि के लिए उनके अधीन कार्य करनेवाले कर्मचारी के कार्य एवं व्यवहार के बारे में गोपनीय रिपोर्ट देंगे।

(ii) पुनरीक्षण अधिकारी, अगले उच्च अधिकारी, जिन प्रतिकूल रिपोर्टों अथवा उनके खण्डों के उस अधिकारी, जिनके खिलाफ रिपोर्ट की गई हो, को सूचित किये जाने लायक वजनदार होने का निर्णय लेने का विवेकाधिकार रखते हैं। सभी प्रतिकूल इन्दजारों को संबंधित अधिकारियों को विनिर्दिष्ट अवधि के अन्दर ही सूचित किया जाना चाहिए। प्रतिकूल टिप्पणियों के खिलाफ कोई प्रतिनिधायन दो महीनों के अन्दर किया जाना चाहिए तथा पुनरीक्षण अधिकारी के अगले उच्च अधिकारी के पास रहेगा।

15. विश्वविद्यालय कर्मचारियों से, कार्यकारिणी समिति के विनिर्देशानुसार ऐसे विभागीय तथा अन्य जाँचों अथवा परीक्षाओं में उत्तीर्णता की अपेक्षा की जाएगी, कार्यकारिणी समिति इन जाँचों को पास किये जाने की अवधियों, जाँचों की अनुत्तीर्णता तथा अन्य सजातीय मामलों के परिणामों के संबंध में नियम निर्धारित कर सकती है।

16. कर्मचारी के सेवा नियमों से संबंधित ऐसे किसी मामले, जिसके लिए इन नियमों में कोई प्रावधान नहीं रहा हो, का निर्णय कार्यकारिणी समिति के द्वारा किया जाएगा।

17. इन नियमों से संबंध नहीं रखे बिना, कुलपति, अगर उन्हें असाधारण स्थिति की उपस्थिति की संतुष्टि हुई हो तो, कम से कम 90 दिनों की अवधि के लिए अपरिहार्य माने जानेवाली सेवाओं को संभाले रखने के लिए कुछ कर्तव्य निभाने के लिए यथा वे जरूरी समझते हैं, कुछ संवर्गों तथा कर्मचारियों की संख्या अनुसूचित कर सकते हैं। ऐसी ड्यूटी संभालने से इनकार करना-उनको, सेवा से पदच्युति सहित भारी दण्ड के लिए बाध्य बना देगा।

18. इन नियमों में उल्लिखित बातों के बावजूद, किसी कर्मचारी के सन्दर्भ में कार्यकारिणी समिति, ऐसे प्रावधानों का प्रचालन से होनेवाले किसी प्रकार के अनुचित कठिनाई से उन्हें मुक्त करने के लिए अथवा विश्वविद्यालय के हित में इन नियमों के प्रावधानों को शिथिल कर सकती है।

19. जब इन नियमों के प्रावधानों के अनुप्रयोग की व्याख्या के संबंध में कोई संदेह होता हो, तो मामले को कार्यकारिणी समिति को भेजा जाएगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

भाग -- V वेतन एवं भत्ते

20. विश्वविद्यालय सेवा में बनाये गये पदों के लिए मानक वेतनमान निम्नलिखित प्रकार होंगे :

वर्गीकरण	वेतन मान	
	परिवर्तन के पहले	परिवर्तित
(1)	(2)	(3)
ग्रूप-ए	रु. 16400-450-20900-500-22400	पी.बी. 37400-67000 ग्रे.पे. 8900
ग्रूप-ए	रु. 12000-420-18300	पी.बी. 37400-67000 ग्रे.पे. 7600
ग्रूप-ए	रु. 8000-275-13500	पी.बी. 15600-39100 ग्रे.पे. 5400
ग्रूप-बी	रु. 6500-200-10500	पी.बी. 9300-34800 ग्रे.पे. 4200
ग्रूप-सी	रु. 5500-175-8000	पी.बी. 9300-34800 ग्रे.पे. 4200
ग्रूप-सी	रु. 5000-150-8000	पी.बी. 9300-34800 ग्रे.पे. 4200
ग्रूप-सी	रु. 4500-125-7000	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 2800
ग्रूप-सी	रु. 4000-100-6000	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 2400
ग्रूप-सी	रु. 3200-85-4900	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 2000
ग्रूप-सी	रु. 3050-75-3950-80-4590	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 1900
ग्रूप-सी	रु. 2750-70-3800-75-4400	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 1800
ग्रूप-डी	रु. 2650-65-3300-70-4000	पी.बी. 4400-7440 ग्रे.पे. 1650
ग्रूप-डी	रु. 2550-55-2660-60-3200	पी.बी. 4400-7440 ग्रे.पे. 1300

टिप्पणी : सक्षम अधिकारियों की अनुमति से वर्तमान पदाधिकारियों को वितरित किये जानेवाले परन्तु सरकार के द्वारा अनुमोदित किये गये वेतन-मानों से भिन्न वेतन-मान, उन पदों के वर्तमान पदाधिकारियों को, उनके परिवर्तन के पहलेवाले वेतनमान में ग्रेड की सुविधाएँ पहले से पाते रहने को मानते हुए, व्यक्तिगत रूप में दिये जा सकते हैं। एक बार पदाधिकारी पद का त्याग किये जाने पर उनके वेतनमान अनुमोदित माप तक प्रदान किया जाएगा जो कि सरकार में चालू रहता है।

उपर्युक्त प्रकार का छाड़कर, वेतनमान में किसी पद का सृजन नहीं किया जाएगा।

21. कोई कर्मचारी, वेतन के एक टाइम स्केल पर किसी पद पर नियुक्त किये जाने पर, नियोक्ता प्राधिकरण के द्वारा उनके लिए किसी उच्चतर स्तर पर वेतन पाने के पक्ष में निर्णय किये जाने तक टाइस स्केल पर न्यूनतम वेतन पाएगाः

बशर्ते कि, जब ऐसी नियुक्ति पदोन्नति पर की जाती है --

(i) कर्मचारी का वेतन पहले निम्नतर स्केल पर एक वेतनवृद्धि से बढ़ाई जाएगी, और तब अगले ऊपर के स्तर पर उच्चतर वेतन मान में निर्धारित किया जाएगा। कर्मचारी, को बहरहाल, अपने वेतन को पदोन्नति के दिनांक से तीन महीनों के अन्दर लिखित रूप से प्रकट करने का विकल्प रहता है कि अपना वेतन पदोन्नति के दिनांक से उच्चतर वेतन मान पर निर्धारित किया जाय अथवा अपने अगली वार्षिक वेतन-वृद्धि के देय दिनांक से किया जाए। विकल्प एक बार इस्तेमाल किये जाने पर वही अंतिम होगा।

(ii) अगर उसने इसके पहले उसी पद पर अथवा विश्वविद्यालय के तहत किसी और पद पर उसी वेतन टाइप-स्केल अथवा समरूप वेतन टाइम स्केल पर काम किया हो तथा उससे अधिक तहत स्वीकार्य वेतन से अधिक वेतन पाता रहा हो, तो वह वह अधिकतर वेतन पाएगा तथा ऐसे वेतन पर एसे पद पर उनकी नियुक्ति की अवधि भी उच्चतर पद में वेतन वृद्धि के प्रयोजन के लिए गिनती में ली जाएगी।

(iii) पुनः नियुक्त किये गये पेंशनधारियों का वेतन-निर्धारण, पेंशन दे दिये गये तथा अंशदायी भविष्य निधि पर सेवा निवृत्त तथा राज्य सरकार, रेलवे, तथा अन्यों और की सेवा से सेवा निवृत्त अधिकारियों सहित विशिवविद्यालय में पुनः नियुक्त पेंशनधारी का प्रारंभिक वेतन, जिस पद पर वह पुनः नियुक्त किया गया है, उस पद के लिए निर्धारित वेतन मान के न्यूनतम चरण पर निर्धारित किया जाना चाहिए। अलावा इसके, उसको, उनका स्वीकृत किये गये पेंशन को अलग तौर पर प्राप्त करने की तथा सेवा निवृत्ति सुविधा (सामान्य भविष्य निधि, पेंशन का ग्रेच्युटी परिवर्तित मूल्य आदि) के किसी भी रूप के रखे रहने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि प्रारंभिक वेतन की कुल राशि के साथ पेंशन की रकम तथा/ अथवा सेवा निवृत्ति सुविधाओं के अन्य रूपों की पेंशन समतुल्य राशि निम्नलिखित राशि से अधिक न हो:--

(1) उनकी सेवा निवृत्ति के पहले उनके द्वारा प्राप्त किया गया वेतन (सेवानिवृत्ति के पहले का वेतन) अथवा

(2) रु. 26,000/- इनमें जो भी कम हो

टिप्पण : (1) सभी मामलों में, जहाँ इसे सीमाओं में किसी को पार किया गया हो तो पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति सुविधाएँ पूर्ण रूप से भुगतान की जाएँगी तथा वेतन और सेवानिवृत्ति सुविधिओं का योग निर्धारित सीमाओं के अन्दर रहने का सुनिश्चियन करने के लिए वेतन में आवश्यक समंजन किये जाएँगे। न्यूनतम पर अथवा उच्चतर चरण पर, अथवा उपर्युक्त समंजनों के परिणाम स्वरूप न्यूनतम के नीचे, वेतन निर्धारित किये जाने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष के बाद वेतन में बढ़ती--न्यूनतम पर अथवा उच्चतर चरण पर, जैसा सन्दर्भ हो, प्रकार वेतन निर्धारित किये गये जैसे, स्वीकार्य वेतन वृद्धि दर पर -- स्वीकृत की जा सकती है।

टिप्पणी : (2) सेवा निवृत्ति के पहले प्राप्त किया गया वेतन स्थाई वेतन और साथ ही विशेष वेतन, कोई हो तो, के रूप में माना जाएगा, स्थानापन्न नियुक्ति में पाया गया वेतन -- सेवानिवृत्ति के कम से कम एक वर्ष पहले लगातार वह वेतन लिया गया हो तो -- हिसाब में लिया जा सकता है।

जहाँ पुनः नियुक्त किये गये अधिकारी के पद का न्यूनतम वेतन उनके द्वारा अंतिम रूप से प्राप्त किये गये वेतन से अधिक है, संबंधित अधिकारी को, पद के निर्धारित वेतनमान का न्यूनतम, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति सुविधाओं के बराबर की पेंशन को घटाकर, की स्वीकृति की जा सकती है।

उपर्युक्त प्रकार निर्धारित पुनः नियुक्त पेंशन द्वारा को प्रारंभिक वेतन का निर्धारण किये जाने पर, उनको नियुक्त किये गये पद का टाइम स्केल पर सामान्य वेतन वृद्धियाँ पाने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि वेतन तथा थोक पेंशन/सेवानिवृत्ति सुविधाओं के बराबर के पेंशन समतुल्य किसी भी समय में रु. 26,000/- से अधिक न हो।

55 वर्षों की उम्र के पहले सेवा निवृत्त होनेवाले ग्रूप-ए पद पर रहनेवाले अधिकारियों के सन्दर्भ में, रु. 1500/- को पहली पेंशन को, पुनः नियुक्ति पर उनके प्रारंभिक वेतन के निर्धारण में नजरन्दाज किया जाएगा।

दि. 1.1.96 के अनुसार, जो लोग पुनः नियुक्ति में विश्वविद्यालय की सेवा में रहे तथा जो परिवर्तन के पहले वाले वेतनमान पर वेतन पाते रहे, विश्वविद्यालय के पुनःनियुक्त ऐसे कर्मचारियों का प्रारंभिक वेतन ओ.एम. नं. 3/12/97 स्थापन दि. 19-11-1997 कर्मचारी एवं प्रशिक्षण ओ.एम. विभाग, भारत सरकार, में उल्लिखित प्रकार निर्धारित किया जाएगा।

पूर्वगामी अनुच्छेदों में उल्लिखित बातों के बावजूद, कुलपति को विशेष परिस्थितियों में, उच्चतर चरण पर पुनःनियुक्त पेंशनदार का वेतन निर्णय करने का और नियुक्त किये गये पद पर टाइम स्केल में सामान्य वेतनवृद्धि पाने को अनुमति दे सकते हैं।

22. (i) कर्मचारी का आचरण अच्छा नहीं रहने पर अथवा उनका कार्य संतोषजनक नहीं रहने के कारण जब तक सक्षम अधिकारी के द्वारा रोक रखा जाता है, तब तक वेतन वृद्धि, एक क्रम के रूप में साधारण तौर पर पाया जाएगा।

(ii) टाइम-स्केल पर जब योग्यता वर्जन का निर्धारण किया गया है, उस वर्जन के ऊपर के अगली वेतन वृद्धि कुलपति की विशेष स्वीकृति के बिना किसी कर्मचारी को नहीं दी जाएगी।

23. (अ) वेतन के टाइम-स्केल पर किसी पद पर रहनेवाले पूरी ड्यूटी को उस टाइस-स्केल में वेतन वृद्धि के लिए गिनती में लिया जाएगा।

(आ) समरूप अथवा उच्चतर पद में सेवा, विदेशी सेवा और सेवा में शामिल होने के लिए अवधि, वेतन वृद्धि के लिए गिनती में लिये जाएँगे।

(इ) निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए स्वीकृत किया गया असाधारण अवकाश, स्वायत्त रूप से अतिरिक्त मंजूरी के बिना पेंशन और वेतन वृद्धि के लिए उपयुक्त सेवा मानी जाएगी:-

(i) विश्वविद्यालय कर्मचारी की "सिविल कम्मोशन" के कारण सेवा में भर्ती होने अथवा पुनःभर्ती होने में असमर्थता के कारण स्वीकृत किया गया असाधारण अवकाश।

(ii) उच्च तकनीकी तथा वैज्ञानिक अध्ययनों को जारी रखने के लिए विश्वविद्यालय कर्मचारी को स्वीकृत किया गया असाधारण अवकाश

24. (1) निलंबन के तहत कोई कर्मचारी, निलंबन के तुरन्त पहले उनके लिए देय वेतन के आधे दर के बराबर के जीविका-भत्ता तथा उस वेतन के आधार पर स्वीकार्य महंगाई भत्ते के अतिरिक्त और ऐसे भत्ते को पाने के लिए निर्धारित किये गये अन्य शर्तों को पूराकरने के शर्ते, निलंबन के दिनांक उनके द्वारा पाये गये वेतन के आधार पर समय समय पर स्वीकार्य ऐसे क्षतिपूति भत्ते प्राप्त करेंगे।

बशर्ते कि जब निलंबन की अवधि तीन महीनों से अधिक हो जाती है, वह प्राधिकरण -- जिसने निलंबन का आदेश जारी किया हो अथवा जिसको निलंबन आदेश जारी किया समझा जा रहा है-- निम्नलिखित प्रकार से पहले तीन महीनों की अवधि की उत्तर वर्ती अवधि के लिए जीविका-भत्ता की राशि बदलने के लिए सक्षम रहेगा:-

(i) अगर, उपर्युक्त प्राधिकरण की राय में, ऐसे कारणों से जिनको लिखित रूप से लिपिबद्ध किया जाना है, कर्मचारी पर सीधे अभियोज्य नहीं; जो निलंबन की अवधि बढाई गई हो, तो जीविका-भत्ते की रकम, पहले तीन महीनों की अवधि के दौरान स्वीकार्य जीविका-भत्ते की 50% से अधिक न रहनेवाली उपयुक्त राशि से बढाई जा सकती है।

(ii) प्राधिकरण की राय में, ऐसे कारणों से, जिनको लिपिबद्ध कि योजना चाहिए, कर्मचारी पर सीधे अभियोज्य नहीं, निलंबन की अवधि बढाई गई हो, तो जीविका भत्ते की रकम से, जो पहले तीन महीनों की अवधि के दौरान स्वीकार्य जीविका-भत्ते की 50% से अधिक न हो, घटाया जा सकता है।

(iii) महंगाई भत्ते का दर, उपर्युक्त उप धारा (i) तथा (ii) के तहत स्वीकार्य जीविका भत्ते की बढी हुई अथवा घटाई गई (जैसा मामला हो) रकम के आधार पर रहेगा।

(2) निलंबन की अवधि के दौरान, किसी अन्य नौकरी, व्यापार, पेशा अथवा व्यवसाय में नहीं लगे रहने की घोषणा जब तक प्रस्तुत नहीं करेगा, उपनियम (i) के तहत कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। इस शर्त पर कि सेवा से पदच्यूत किये गये, समाप्त कर दिये गये अथवा अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त किये गये किसी कर्मचारी के संदर्भ में, जिसको निलंबन में रखे गये माने जाते हो अथवा निलंबन के तहत चालू रहते हों, यथा मामला हो, ऐसी अवधि अथवा अवधियों के दौरान उनका उपार्जन जीविका भत्ते तथा उनके लिए अन्यथा स्वीकार्य हों, अन्य भत्ते से कम पडता हो, रकम के लिए अर्हता रखेंगे; जहाँ उनके लिए स्वीकार्य जीविका-भत्ता तथा अन्य भत्ते उनके द्वारा उपार्जित रकम के समान अथवा उससे कम है, इन प्रावधानों के तहत उनके लिए कुछ भी लागू नहीं होगा।

(3) जीविका भत्ते से स्वीकार्य कटौतियाँ निम्नलिखित प्रकार के दो संवर्गों में रहेंगी

(अ) अनिवार्य कटौतियाँ

(आ) वैकल्पिक कटौतियाँ

अनिवार्य कटौतियाँ:

(i) आयकर और सूपर-कर (बशर्ते कि जीविका भत्ते के सन्दर्भ में कर्मचारी की परिकलित वार्षिक भत्ता कर-योग्य हो)

(ii) घर किराया तथा अन्य प्रभार अर्थात बिजली, पानी, फर्नीचर आदि

(iii) विश्वविद्यालय से, कुल सचिव के द्वारा निर्णय किये जानेवाले दरों पर, भविष्य निधि को छोडकर, ली गई अन्य ऋण और अग्रिमों की वापसी।

वैकल्पिक कटौतियाँ:

इस संवर्ग के तहत पड़नेवाली कटौतियाँ, कर्मचारी की लिखित सहमति के बिना नहीं की जानी चाहिए:

(i) जीवन बीमा पॉलिसियों पर बकाया प्रीमिया (किस्तें)

(ii) सहकारी भण्डार तथा सहकारी उधार संघों को बकाया रकम

(iii) भविष्य निधि से लिये गये उधार की वापसी

निम्नलिखित प्रकार की कटौती जीविका-भत्ते से नहीं की जा सकती है:

(i) भविष्य निधि को चन्दा

(ii) विश्वविद्यालय को हानि, जिस के लिए कर्मचारी बाध्य है, की पुनः प्राप्ति

25. विश्व विद्यालय कर्मचारी को, जिन्हें विशेष परिस्थितियों में, ऐसे विशेष वेतन, व्यक्तिगत वेतन, मानदेय अथवा ऐसी परिस्थितियों में विनियमों के द्वारा यथा निर्धारित किया जाता है, शुल्क स्वीकृत कर सकता है।

26. (i) कर्मचारी, यदि उस दिन के पूर्वाह्न में भर्ती होते हों, अन्याय उसके अगले दिन से, पद-भार संभालने के नियुक्ति दिनांक से, उनकी नियुक्ति के पद का वेतन पाने के लिए हकदार बनते हैं।

(ii) विशेष परिस्थितियों की दृष्टि से, कुलपति जब तक आदेश जारी नहीं करते, किसी महीने का वेतन महीने के अंतिम कार्य-दिन पर देय होगा; मार्च महीने के छोड़कर जिस महीने के लिए अप्रैल के प्रथम कार्य-दिन को ही वेतन वितरित किया जाएगा।

(iii) निर्धारित प्रकार की नोटिस दिये बिना विश्वविद्यालय की सेवा से इस्तीफा देनेवाले कर्मचारी को जब तक कुलपति अन्य था निर्देश नहीं देंगे, तब तक वेतन, बकाया परन्तु निकाला नहीं गया, को निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

27. (i) उच्चतर पद की बाध्यताओं के पूर्ण अतिरिक्त चार्ज बहन करने के लिए नियुक्त किया गया कर्मचारी उच्चतर पद का वेतन प्राप्त करेगा।

(ii) अपने निजी मूलभूत पद के समतुल्य हैसियतवाले पद की पूरी जिम्मेदारियों का प्रभारी रखा गया कर्मचारी, उस अतिरिक्त पद के अनुमानित वेतन को 10% के दर पर भत्ते प्राप्त करेगा।

(iii) एक पद पर रहनेवाले किसी कर्मचारी को, अपनी मूलभूत पद के बराबर हैसियतवाले पद की चालू बाह्यताओं के प्रभारी बना दिये जाने पर, कोई भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। संबन्धित कर्मचारी अपनी मूलभुत पद में वेतन मात्र पाएगा।

(iv) एक पद पर रहनेवाला कर्मचारी निम्नतर पद की चालू बाध्यताओं के प्रभारी बनादिये जाने पर अतिरिक्त कार्य के लिए कोई भत्ता नहीं प्राप्त करेगा।

टिप्पणी:(1) अतिरिक्त वेतन अथवा भत्ते को स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

(2) एक ही समय पर छः महीनों से अधिक अवधि के लिए अतिरिक्त वेतन अथवा भत्ते की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

28. विश्ववि द्यालय के कर्मचारी समय-समय पर अमल में रहनेवाले नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय के द्वारा स्वीकृत प्रकार तथा इन भत्तों की प्राप्ति के लिए निर्धारित शर्तों के बशर्ते महंगाई भत्ता, घर किराया भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, यात्रा भत्ता तथा अन्य भत्ते प्राप्त करने के लिए अर्हता रखेंगे।

29. यदि भारतीय समुद्री विश वविद्यालय अधिनियम विधियों, अध्यादेशों, में किसी प्रकार की प्रतिकूल बात नहीं रही हो, तो, आधारभूत नियमों तथा अनुपूरक नियमों के संशोधनों को इन नियमों के संबद्ध प्रावधानों को संशोधन के रूप में माना जाएगा अथवा पहले ही केन्द्र सरकार के द्वारा जारी किये गये/जारी किये जाने वाले किसी प्रशासनिक आदेश अथवा किसी प्रशासनिक निर्देश को केन्द्र सरकार के द्वारा अमल में लाये गये ऐसे परिवर्तनों, आदेशों के अमल में लाये गये दिन से इननियमों के तहत आदेश अथवा प्रशासनिक निर्देश अमल में रहने को माना जाएगा।

अध्याय -- 2

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के आचरण को नियंत्रित करने वाले अध्यादेश

भाग -- I - अनुप्रयोग का कार्यक्षेत्र

1. (1) इन नियमों को "भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (आचरण) नियम" कहा जाएगा।

(2) ये नियम 14 नवम्बर 2008 से अमल में आये-माना जाएगा।

2. इस अध्याय में, स दर्भ की अन्यथा अपेक्षा न रहने पर,

(अ) 'कर्मचारी' का मतलब विश्वविद्यालय के शैक्षिक और शैक्षिकेतर कर्मचारी है।

(आ) किसी कर्मचारी के संबंध में "परिवार के सदस्य" में शामिल हैं:

(i) कर्मचारी की पत्नी अथवा उसके पति यथा मामला हो, उनके साथ वास करता/करती हो या नहीं, परन्तु पत्नी अथवा पति, यथा मामला हो, जो कर्मचारी से, सक्षम न्यायालय के अधिदेश अथवा आदेशों के द्वारा, अलग किये गये हों, को शामिल नहीं किया जाएगा;

(ii) उस कर्मचारी पर पूरी तरह से निर्भर रहने वाला पुत्र या पुत्री अथवा सौतेला पुत्र या सौतेली पुत्री; परन्तु कर्मचारी पर किसी भी प्रकार से अब जो निर्भर रही हैं अथवा किसी विधि के द्वारा अथवा विधि के तहत कर्मचारी की अभिरक्षा से वंचित किया गया है तो से शामिल नहीं किया जाएगा;

(iii) रक्त के द्वारा अथवा कर्मचारी के साथ अथवा कर्मचारी की पत्नी अथवा पति के साथ विवाह के द्वारा संबद्ध तथा कर्मचारी पर पूरी तरह से निर्भर रहनेवाला कोई अन्य व्यक्ति।

(इ) "निर्धारित प्राधिकरण" का मतलब है कुलपति अथवा इन नियमों के प्रयोजन के लिए कार्यकारिणी समिति के द्वारा निर्धारित किया गया प्राधिकरण।

भाग -- II

3. (1) सभी समयों में प्रत्येक कर्मचारी :

(i) परिपूर्ण निष्ठा रखेगा;

(ii) ड्यूटी के प्रति निष्ठा दिखाएगा तथा

(iii) ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे कि वह विश्वविद्यालय का कर्मचारी नहीं रह सकता हो।

(2) (i) पर्यवेक्षी पद पर रहनेवाला प्रत्येक कर्मचारी अपने नियंत्रण तथा अधिकार के तत्काल रहनेवाले सभी कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रतिनिष्ठा एवं श्रद्धा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव सदम उठायेंगे;

(ii) (अ) कोई भी कर्मचारी, अपनी बाध्यताओं के निष्पादन में, अथवा उनका प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग में, अपने अधिकृत उच्चाधिकारी के निर्देश के तहत जब कार्य करता हो, ऐसे समय को छोड़कर, अपने उत्तम निर्णय के विपरीत कार्य नहीं करेगा।

(आ) अधिकारिक उच्चाधिकारी के निर्देश सामान्यतया लिखित रहेंगे। अधीनस्थ कर्मचारी को मौखिक निदेश यथा संभव छोड़ दिये जाना चाहिए। जहाँ मौखिक निदेश की जारी अपरिहार्य बन जाती है, अधिकृत उच्चाधिकारी, को, तुरन्त तदनन्तर लिखित रूप से, उसको लिखित पुष्टि करनी चाहिए;

(इ) अपने अधिकृत उच्चाधिकारी से मौखिक निदेश प्राप्त करनेवाले कर्मचारी को, यथा शीघ्र उसकी लिखित पुष्टि माँगकर ... लेना चाहिए, जिसपर निदेश का लिखित रूप से पुष्टीकरण करना अधिकृत उच्चाधिकारी की बाध्यता हो जाएगी।

(iii) नियुक्ति की शर्तों तथा संविदा में निश्चित रूप से अन्यथा उल्लेख नहीं किये जाने पर, प्रत्येक पूर्णकालीन कर्मचारी को ऐसी ड्यूटी को, जो सक्षम अधिकारी के द्वारा अनुसूचित कार्य समय के अतिरिक्त और बन्द रहनेवाले अवकाश के दिन तथा रविवारों में, करने के लिए कहा जा सकता है।

(iv) कर्मचारी, कार्य के नियत घंटों का अनुपालन करेगा जिस समय में उनको अपनी ड्यूटी के स्थल पर उपस्थित रहना चाहिए।

(v) विधिमान्य कारणों तथा/अथवा अप्रत्याशित घटनाओं को छोडकर, अगर कोई भी कर्मचारी 90 दिनों की अविच्छिन्न अवधि के लिए अनुमति के बिना ड्यूटी से अनुपस्थित रहे, तो उनको "ड्यूटी से फरार हो गया" माना जाएगा और उनकी सेवाओं को समाप्त समझा जाएगा।

स्पष्टीकरण : उपनियम 3.2 की धारा (ii) में उल्लिखित किसी भी बात को, वरिष्ठ अधिकारी अथवा प्राधिकरण से, अधिकार एवं जिम्मेदारियों के वितरण की योजना के तहत जब ऐसे निर्देशों की जरूरत नहीं है, तब प्रयास द्वारा निर्देशों को अथवा अनुमोदन प्राप्त करके अपनी जिम्मेदारियों से बच निकलने में की अधिकृति के रूप में अर्थ निकाला नहीं जा सकता।

4. (1) (i) कोई कर्मचारी, विश्वविद्यालय के साथ आधिकारिक संबंध रखनेवाली किसी कम्पनी अथवा फर्म में अपने परिवार के किसी सदस्य के लिए नौकरी प्राप्त कर लेने के लिए प्रत्यक्ष रूप से अथवा परोक्ष रूप से अपने पद अथवा प्रभाव का प्रयोग नहीं करेगा।

(ii) कोई भी कर्मचारी, अपने सर्विस व्यक्ति में किसी भी ऐसे कार्य में लिए नहीं होगा या ऐसा प्रतिबंध को संस्तुति नहीं देगा जिसमें वह फर्म या कम्पनी, हो जिसमें उसके परिवार के लोग कार्य कर रहे हों, पर किसी भी प्रकार संबंधित हों।

5. (1) कोई भी कर्मचारी, राजनीति में भाग लेने वाले किसी राजनैतिक दल अथवा किसी संगठन का सदस्य नहीं रहेगा अथवा वैसे तो संबद्ध नहीं रहेगा अथवा किसी राजनैतिक आन्दोलन अथवा क्रियाकलाप की सहायता में अंशदान अथवा किसी अन्य प्रकार से सहायता नहीं करेगा।

(2) कोई भी कर्मचारी अपने परिवार के किसी भी सदस्य को स्थापित किये गये कानून के अनुसार सरकार के अथवा विश्वविद्यालय के प्रति विध्वंसक प्रवृत्ति के आन्दोलन अथवा कार्य में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप में भाग लेने सहायता में अंशदान देने अथवा सहायता करने से रोकने का प्रयास करेगा तथा जब कोई कर्मचारी अपने परिवार के सदस्य को ऐसे आन्दोलन अथवा कार्यक्रम में भाग लेने, अथवा सहायता में अंशदान देने, किसी और प्रकार से सहायता करने से रोक नहीं पाता है, तो उस कर्मचारी को विश्वविद्यालय को इस प्रभाव की रिपोर्ट करनी चाहिए।

(3) किसी दल के राजनैतिक पार्टी होने के अथवा किसी संगठन के राजनीति में भाग लेने के अथवा किसी आन्दोलन अथवा कार्यक्रम के उपनियम 5.2 की परिधि में आने के संबंध में कोई प्रश्न उठे, तो उस पर विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा।

(4) कोई भी कर्मचारी, किसी विधान सभा को अथवा स्थानीय प्राधिकरण के लिए चुनाव के लिए प्रचार अथवा अन्य प्रकार से हस्तक्षेप नहीं करेगा अथवा उसके संबंध में अपने प्रभाव का प्रयोग नहीं करेगा अथवा भाग नहीं लेगा:

बशर्ते कि :

(i) ऐसे चुनाव के लिए मतदान करने के लिए योग्य बनने पर, कोई कर्मचारी अपना मत दे सकता है परन्तु जब वह ऐसा करता है, वह जिस दल के पक्ष में अपना मत देना चाहता है अथवा दिया है -- उसका कोई संकेत नहीं देगा।

(ii) प्रदत्त बाध्यताओं के निष्पादन में चुनाव चलाने में सहायता करने के कारण ही अथवा तत्काल चालू रहनेवाले कानून के तहत भाग से कर्मचारी के द्वारा इस उपनियम के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

स्पष्टीकरण : अपने ऊपर, वाहन या घर पर किसी चुनावी चिह्न का प्रदर्शन इस उपनियम के तात्पर्य के अन्तर्गत चुनाव के संबंध में अपने प्रभाव के प्रयोग के बराबर होगा।

6. कोई कर्मचारी किसी संघ, भारत के पूर्ण स्वराज्य तथा समग्रता के, लोक-व्यवस्था, शिष्टता अथवा नैतिकता के हित के क्षतिकारक रहनेवाले उद्देश्य अथवा कार्यक्रमों में शामिल हो अथवा सदस्य के रूप में चालू नहीं रह सकता है।

7. कोई कर्मचारी,

टिप्पणी :* कर्मचारीगण जो प्रथम श्रेणी/एसी 3-टीयर, स्लीपर/एसी चेयरकार के द्वारा दौरा/अन्तरण पर, यात्रा करने की अर्हता रखते हैं, के जहाँ संबंधित यात्रा के शुरूवाले और गन्तव्य स्टेशनों को जोडने वाली रेलगाडियों से यात्रा कि लिए इन तीनों श्रेणियों की सुविधा नहीं प्रदान करने वाली है, लघुतम मार्ग के द्वारा, अपने विवेक से, यात्रा कर सकते हैं।

(ii) राजधानी एक्सप्रेस गाडियों से यात्रा

वेतन-वर्ग	यात्रा अर्हता
रु. 16,400/- और उससे अधिक	ए/सी प्रथम श्रेणी
रु. 8,000/- और उससे अधिक परन्तु रु. 16,400/- से कम	II ए/सी 2-टीयर स्लीपर
रु. 8,000/- से कम वेतन पानेवाले	ए/सी 3-टीयर

(iii) शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाडियों से यात्रा

वेतन-वर्ग	यात्रा अर्हता
रु. 16,400 और उससे अधिक	एक्सक्यूटिव श्रेणी
रु. 16,400 से कम वेतन पानेवाले सभी कर्मचारी	एसी कुर्सीयान

टिप्पणी : विभिन्न वर्गों के सभी कर्मचारी किराये के अतिरिक्त सीट के लिए (दिन की यात्रा के लिए) तथा स्लीपर बर्थ (रात्रि की यात्रा) के लिए आरक्षण प्रभार की प्रतिपूर्ति के लिए अर्हता रखते हैं।

20. (i) कुलपति अपने विवेक के अनुसार हवाई यात्रा कर सकते हैं। दूरी 500 कि.मी. से अधिक रहने पर तथा यात्रा रातों रात सीधे रेल सेवा/सीधी स्लीपर कोच व्यवस्था से निष्पादित नहीं की जानेवाली हो; रु. 12,300/- और रु. 16,400 के बीच का वेतन पानेवाले कर्मचारीगण भी कुलपति के विवेकाधिकार पर हवाई यात्रा कर सकते हों, देश के अन्दर रु. 16400/- तथा उससे अधिक वेतन पानेवाले अधिकारी गण अपने विवेकाधिकार से दौरे पर देश के अन्दर हवाई यात्रा कर सकते हैं।

(ii) प्रथम श्रेणी से अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा के सन्दर्भ में, कुलपति को हवाई यात्रा करने की अर्हता रहेगी।

(iii) मुख्य सचिव के वेतन तथा समतुल्य ओहदे के कर्मचारी गण बिजिनस/क्लब क्लास के लिए अर्हता रखेंगे बाकी सब समचारी इकॉनमी क्लास को।

(iv) बाकी सभी कर्मचारी एकानमी क्लास के द्वारा यात्रा के लिए अर्हता रखेंगे।

21. दौरे पर हवाई यात्रा के लिए अर्हता रखनेवाला व्यक्ति, इन नियमों के अनुसार, यात्रा के एक मानक हवाई किराये और साथ ही साथ दैनिक भत्ते के लिए अर्हता रखेंगे बशर्ते कि हवाई यात्रा के किसी भी छोर पर उनको रेल अथवा सडक मार्ग से सम्बद्ध यात्रा करनी पड़े इन नियमों में उल्लिखित प्रकार से ऐसी यात्रा के लिए स्वीकार्य मील-दूरी भत्ता वे प्राप्त कर सकते हैं।

बशर्ते और कि हवाई यात्रा के भाग बननेवाले और हवाई यात्रा के लिए किराये में शामिल होनेवाले सतही यात्रा के सम्बन्ध में कोई भत्ता प्राप्त नहीं कर सकते।

22. यदि उपलब्ध हो, तो जब किसी व्यक्ति को, वापसी टिकट उपलब्ध होने की समयावधि के अन्दर ही वापसी यात्रा करने की प्रतीक्षा है, तब घटाये दरों पर वापसी टिकटें खरीद जाने चाहिए। जब ऐसे वापसी यात्रा टिकटें उपलब्ध है, अग्रगामी और वापसी यात्रा के लिए मील-दूरी भत्ता, बहरहाल, पालसी टिकट की वास्तविक लागत का रहेगा।

23. सड़क मील -दूरी की दरें निम्नलिखित प्रकार रहेंगी :--

वेतन-वर्ग	यात्रा अर्हता
(i) रु. 16,400 और उससे अधिक	किसी भी प्रकार के सार्वजनिक बस, ए-सी सहित बस के द्वारा वास्तविक किराया (अथवा) जब कभी ए.सी. टैक्सी के द्वारा वास्तव में यात्रा निष्पादित की गई हो ए-सी टैक्सी की निर्धारित दरें (अथवा) आटो रिक्शा/निजी स्कूटर/ मोटर साइकल/मोपेड आदि के द्वारा यात्रा के लिए आटोरिक्शा के लिए निर्धारित दरें।
(ii) रु. 8000/- और उससे अधिक परंतु रु. 16,400/- से कम	उपयुक्त (i) के अनुसार -- इस अपवाद से कि ए.सी. टैक्सी की यात्रा स्वीकार्य नहीं।
(iii) रु. 6,500/- और उससे अधिक परन्तु रु. 8,000/- से कम	उपर्युक्त (ii) के अनुसार; इस अपवाद से ए.सी. बस की यात्रा स्वीकार्य नहीं होगी।
(iv) रु. 4,100/- और उससे अधिक परन्तु रु. 6,500/- से कम	ए.सी. बस को छोडकर किसी भी प्रकार के सार्वजनिक बस दूवारा वास्तविक किराया; (अथवा), आटो रिक्शा/निजी स्कूटर/मोटरसाइकल, आटो-रिक्शा के लिए निर्धारित दरें।
(v) रु 4,100/- के नीचे	सिर्फ साधारण सार्वजनिक बस का वास्तविक किराया आटोरिक्शा/निजी स्कूटर/मोटरसाइकल/मोपेड आदि से यात्रा के लिए निर्धारित आटो

	किराया।

टिप्पणी: संबंधित राज्य अथवा पड़ोसी राज्य सरकार के यातायात निदेशक के द्वारा निश्चित दरों के निर्णय के अभाववाली जगहों में, सड़क यात्रा केलिए मील-दूरी भत्ता का विनियमन निम्नलिखित दरों पर किया जाएगा।

(i) नीजी मोटरकार/टैक्सी के द्वारा की गयी यात्रा के लिए रु. 8/- प्रति कि.मी.

(ii) आटो रिक्शा/निजी स्कूटर आदि से की गई यात्रा केलिए रु. 4/- प्रति कि.मी.

23. (अ) पैदल और द्विचक्र वाहन से की जानेवाली यात्राओं के लिए मील-दूरी भत्ता:

दौरे पर अथवा स्थानान्तरण पर पैदल अथवा बाइसाइकल पर यात्रा के लिए मील-दूरी भत्ता प्रति कि.मी. 60 पैसे रहेगा।

24. रेल से जोड़े जानेवाले दो स्थलों के बीच और जहाँ रेल साधारण यातायात माध्यम रहता है जब कभी सडक की यात्रा की जाती है; नियम 23 में उल्लिखित प्रकार की रेल-मील-दूरी से सीमित रोड-मील-दूरी भत्ता स्वीकार्य होता है।

25. जब प्रभार के बिना यातायात माध्यम की सुविधा दिये गये कर्मचारी अपने मुख्यालय को उसी दिन वापिस आ जाता है, तो वह सिर्फ दैनिक भत्ता प्राप्त कर सकता है और उसको कोई माइलेज देय नहीं रहेगा।

26. दैनिक भत्ता मुख्यालय से अनुपस्थिति के प्रत्येक दिन के लिए एक रूप भत्ता है, जो किसी कर्मचारी के द्वारा, ऐसी अनुपस्थिति के फलस्वरूप, लगनेवाले सामान्य दैनिक खर्च के आप्लावित करने को अपेक्षित है।

27. यदि किसी भी हालत में, इन नियमों में स्पष्टतः अन्यथा शर्त लगाया नहीं गया हो, तो, प्रत्येक कर्मचारी, जिनकी बाध्यताएँ ऐसी अपेक्षा करती हैं कि उसको यात्रा करनी चाहिए, ड्यूटी पर, दौर पर, रहते समय, दैनिक भत्ता प्राप्त कर सकता है तथा दौरे पर रहते समय को छोडकर, प्राप्त नहीं करेगा।

28. ऐसे किसी भी दिन के लिए, जिस दिन कर्मचारी ड्यूटी पाइन्ट, अर्थात् प्रधान कार्यालय पर अपने रोजगार-स्थल/कार्यालय से अथवा उसी प्रकार के पाइन्ट से वहाँ को वापसी, से आठ किलोमीटर (सवारी भत्ता प्राप्त करनेवालों के सन्दर्भ में 16 किलोमीटर) के व्यासार्थ के बाहरवाले पाइन्ट पर पहुँचता नहीं, दैनिक भत्ता की निकासी नही की जा सकती है।

टिप्पणी-1 "आठ किलोमीटर का व्यासार्थ" शब्दों की व्याख्या लघुतम व्यावहारिक मार्ग से साधारण यातायात माध्यम से अपने गन्तव्य तक कोई यात्री पहुँच सकता है, ऐसी 8 किलोमीटर की दूरी के अर्थ में करना चाहिए।

टिप्पणी-2 "स्थानीय यात्राओं (अर्थात् कर्मचारी के प्रधान कार्यालय स्थल में उसी अथवा समीपस्थ नगरपालिका आदि के अन्दर ही 8 किलोमीटर से पारवाली) के लिए कोई भी कर्मचारी, शामिल हुई यात्रा के लिए मील-दूरी भत्ता तथा इसके अतिरिक्त नियम 31 में निर्धारित पदों पर परिकलित दैनिक भत्ते की 50% भी प्राप्त करेगा अर्थात मुख्यालय से उनकी अनुपस्थिति 12 घंटों से कम परन्तु 6 घंटों से अधिक रही हो, वह 60% अथवा 70% दैनिक भत्ता प्राप्त करेगा।

29. दौरे पर पड़ाव के दौरान अथवा दौरे के दौरान होनेवाले अवकाश-दिनों के लिए दैनिक भत्ता भी प्राप्त नहीं करेगा।

टिप्पणी-1 दौरे पर रहते समय, कोई कर्मचारी छुट्टी लेता हो, तो ऐसी छुट्टी के दौरान वह दैनिक भत्ते केलिए हकदार नहीं होगा,

टिप्पणी-2 किसी दिन केलिए, अगर रविवार हो अथवा अवकाश का दिन हो, अधिकारी वास्तव में तथा कैम्प में रचनात्मक ढंग से मात्र नहीं हों (खास का रविवार अथवा अवकाश-दिन के कम से कम अंश नाम में खर्च करता हो) ऐसे दिन के लिए दैनिक भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।

30. निम्नलिखित स्केलों पर दैनिक भत्ता स्वी कार्य/देय होगा :

(अ) कुलपति को देय दैनिक भत्ते का निर्णय, कार्यकारिणी समिति से, समय समय पर किया जाएगा।

(आ) जब कर्मचारी किसी होटल में नहीं ठहरता हो अथवा अपनी निजी व्यवस्था कर लेता हो, तो।

वेतन वर्ग	खण्ड 3,4 एवं 5 में बताये नहीं गये अन्य स्थल*	बी-1 श्रेणी शहरें एवं खर्चीले स्थल	'ए' क्लास शहरें एवं खर्चीले स्थल	ए-1 क्लास शहरें
1	2	3	4	5
रु. 16400 और उससे अधिक	रु. 135	रु. 170	रु. 210	रु. 260
रु. 8000 और उससे अधिक, परन्तु रु. 16400 से	रु. 120	रु. 150	रु. 185	रु. 230
रु. 6500 और उससे अधिक, परन्तु रु. 8000 से कम	रु. 105	रु. 130	रु. 160	रु. 200
रु. 4100 और उससे अधिक, परन्तु रु. 6500 से कम	रु. 90	रु. 110	रु. 135	रु. 170
रु. 4100 से नीचे	रु. 55	रु. 70	रु. 85	रु. 105

* सरकार से समय समय पर निर्धारित किये जाने के अनुसार।

30. (इ) नियत दरों पर बोर्डिंग और/या लॉड्जिंग प्रदान करनेवाले होटल अथवा अन्य स्थापनों में जब कर्मचारी ठहरता है--

वेतन	खण्ड 3,4 एवं 5 में बताये नहीं गये अन्य स्थल*	बी-1 श्रेणी शहरें एवं खर्चीले स्थल	'ए' क्लास शहरें एवं खर्चीले स्थल	ए-1 क्लास शहरें
1	2	3	4	5
रु. 16400 और उससे अधिक	रु. 335	रु. 425	रु. 525	रु. 650
रु. 8000 और उससे अधिक, परन्तु रु. 16400 से	रु. 225	रु. 320	रु. 405	रु. 505
रु. 6500 और उससे अधिक, परन्तु रु. 8000 से कम	रु. 200	रु. 280	रु. 305	रु. 380
रु. 4100 और उससे अधिक, परन्तु रु. 6500 से कम	रु. 130	रु. 160	रु. 195	रु. 245
रु. 4100 से नीचे	रु. 65	रु. 85	रु. 100	रु. 125

* सरकार के द्वारा समय समय पर निर्धारित किये जाने प्रकार।

टिप्पणी 1 : (अ) जब कोई कर्मचारी नियत दरों पर बोर्डिंग और/या लॉड्जिंग सुविधा प्रदान करनेवाले होटलों अथवा अन्य संस्थाओं में ठहरता है, उसके द्वारा होटल रसीद प्रस्तुत किये जाने पर ही मानक दर की 90% प्रतिशत और साथ ही साथ प्रतिदिन के लिए वास्तविक लाड्जिंग प्रभार (नाश्ता/भोजन को छोड़कर) परन्तु दोनों का योग होटल में ठहरने के लिए निर्धारित दरों के अनुरूप दर से अधिक नहीं होना चाहिए।

(आ) जब कोई कर्मचारी सरकार के अथवा पब्लिक सेक्टर के अतिथि गृह में ठहरता है और उपर्युक्त तालिका (आ) के तहत, संबंधित स्थलों में उनके लिए देय दैनिक भत्ते की 25% से अधिक आवास प्रभार का भुगतान करता है, तब उनको निम्नलिखित प्रकार से दैनिक भत्ता देय रहेगा।

(i) तालिका (आ) में दिखाये गये संबंधित स्थलों के लिए दैनिक भत्ते की संबंधित दर को 25% प्रतिशत घटाया जाएगा तथा कर्मचारी के द्वारा प्रत्येक कैलण्डर दिन के लिए सरकारी पब्लिक सेक्टर अतिथि गृह प्राधिकरण को भुगतान किये जानेवाले आवास प्रभार भी उस पर जोड़ा जाएगा।

(ii) उपर्युक्त (i) में परिकलित रकम के बराबर का दैनिक भत्ता, उपर्युक्त तालिका (इ) के अनुसार संबंधित स्थल के लिए कर्मचारी को देय होटल दर को अधिक रहने पर, उसके परवर्ती दर पर सीमित किये जाने की शर्त पर, संबंधित कर्मचारी को स्वीकार्य होगा।

टिप्पणी 2 : कर्मचारी के दौरे पर रहनेवाले दिनों में जब उसे निःशुल्क आवास और भोजन की सुविधा दी जाती है, उन दिनों के लिए वह सिर्फ (¼) एक चौथाई दैनिक भत्ता प्राप्त करेगा। यदि उसको सिर्फ निःशुल्क आहार-व्यवस्था (बोर्डिंग) दिया गया हो, तो उस दिन/उस दिनों के लिए वह ½ दैनिक भत्ता प्राप्त करेगा। अगर उसको निःशुल्क आवास सुविधा (लाड्जिंग) मात्र दिया गया हो, तो वह उस दिन (उन दिनों) के लिए वह ¾ दैनिक भत्ता प्राप्त करेगा।

टिप्पणी 3 : यात्रा में बिताये गये समय के लिए, तालिका (आ) में बताये गये दैनिक भत्ते की सामान्य दर मात्र के लिए स्वीकार्य होंगे। जब प्रधान कार्यालय से कर्मचारी को कुल अनुपस्थिति का समय स्थानीय यात्रा/सामान्य जब हों में आंशिक रूप में और खर्चीले स्थलों में आंशिक रूप में बिताया गया हो तो, पहले निम्नलिखित नियम 31 के अनुसार दैनिक भत्ते की कुल संख्या का परिकलन किया जाएगा। इससे, खर्चीले स्थानों में ठहरने के लिए दैनिक भत्ते की संख्या, जिसके लिए विशेष दरों पर दैनिक भत्ता स्वीकृत किया गया है, घटाई जाएगी। दैनिक भत्ते के बाकी दिनों की संस्था उपर्युक्त तालिका-आ के खण्ड 2 में उल्लिखित सामान्य दरों पर परिकलित किये जाएँगे।

टिप्पणी 4 : जब कोई कर्मचारी प्रधान कार्यालय को उसी दिन वापस आ जाता है, स्वीकार्य दैनिक भत्ता आमतौर पर किसी खर्चीले स्थान को यात्रा के सम्बन्ध रखे बिना सामान्य दरों पर स्वीकार्य रहेगा।

31. प्रधान कार्यालय से पूरी अनुपस्थिति के लिए दैनिक भत्ता को निम्नलिखित प्रकार से नियंत्रित किया जाएगा:

अर्धरात्रि से अर्ध रात्रि तक हिसाब की गई अनुपस्थिति के प्रत्येक संपूर्ण कैलण्डर दिन के लिए पूरा दैनिक भत्ता स्वीकृत किया जा सकता है। 24 घंटों की अवधि से कम समय के लिए प्रधान कार्यालय से अनुपस्थिति के लिए, निम्नलिखित दरों के अनुसार दैनिक भत्ता स्वीकार्य रहेगा :--

(i) प्रधान कार्यालय से 6 घंटों से अधिक समय की अनुपस्थिति में	शून्य
(ii) यदि प्रधान कार्यालय से अनुपस्थिति 6 घंटों से अधिक परन्तु 12 घंटों से अधिक नहीं रहे, तो	70%
(iii) यदि प्रधान कार्यालय से अनुपस्थिति 12 घंटों से अधिक रहे तो	पूरा

प्रधान कार्यालय से अनुपस्थिति की अव धि दो कैलण्डर दिनों में पड़ती हो, तो उसे दो दिनों के रूप में गिना जाता है और उपर्युक्त प्रकार प्रत्येक दिन के लिए दैनिक भत्ता परिकलित किया जाता है। उसी प्रकार, प्रधान कार्यालय से प्रस्थान तथा आगमन के दिनों के लिए दैनिक भत्ता भी नियंत्रित किया जाएगा।

32. प्रधान कार्यालय से निरंतर अनुपस्थिति के सन्दर्भ में, पहले 180 दिनों के लिए पूरा दैनिक भत्ता स्वीकार्य होगा। 180 दिनों के बाद कोई दैनिक भत्ता देय नहीं रहेगा।

33. (अ) (i) विश्वविद्यालय के हित में स्थानान्तरण पर रहने वाला कोई कर्मचारी अपने लिए तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए स्वीकार्य 'स्केल' पर वास्तविक यात्रा भत्ता प्राप्त करेगा, परन्तु आश्रित बाल बच्चों के सन्दर्भ में, दावे को, दि. 1.1.99 से लेकर, सिर्फ दो बच्चों तक सीमित किया जाएगा।

(ii) यह उन कर्मचारियों को, जिनके, दि. 1.1.99 के पहले दो से अधिक बच्चे हों, लागू नहीं होगा।

(iii) सिर्फ दो बच्चे के लिए दावा-प्रतिबंध, उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिनकी अब कोई सन्तान नहीं तथा परवर्ती गर्भधारण से बच्चों की संख्या दो से अधिक के परिणाम में अनेक शिशु होते हों।

(आ) रेल/सड़क/हवाई/स्टीमर द्वारा अपने द्वारा और अपने परिवार--दोनों के द्वारा दौर पर यात्रा के लिए, यात्रा भत्ता की ग्राह्यता--जैसी रहेगी, रेल से जुड़े नहीं गये दो स्थलों के बीच, अगर यात्रा बस के द्वारा की जाय, तो उस कर्मचारी को तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य को वास्तविक बस किराया स्वीकृत किया जाएगा। यात्रा सार्वजनिक बस को छोडकर अन्यथा की गई हो, तो समुचित दर पर सडक मील-दूरी निम्नलिखित प्रकार से स्वीकृत होगी :

अपने (स्वयं) के लिए अथवा अपने और परिवार के एक अतिरिक्त सदस्य के लिए एक मील-दूरी, परिवार के दो सदस्य रहे तो दो मील-दुरियाँ तथा परिवार के दो सदस्यों से अधिक सदस्य साथ चलें तो तीन मील-दुरियाँ।

(इ) स्थानान्तरण पर जानेवाले कर्मचारी, एक दूसरे से 20 कि.मी. से अधिक दूरी पर स्थित केन्द्र के स्थानान्तरण के सन्दर्भ में, एक महीने के मूल वेतन के बराबर के संयोजित स्थानान्तरण अनुदान के लिए अधिकारी होगा। पहलेवाले केन्द्र से उसी शहर के 20 कि.मी. से कम दूरी के स्टेशन को स्थानान्तरण के सन्दर्भ में, आवास के परिवर्तन वास्तव में इसमें शामिल हुआ हो, तो संयोजित स्थानान्तरण अनुदान मूलवेतन की एक तिहाई तक सीमित किया जाएगा।

(ई) स्थानान्तरण पर जानेवाला कोई भी कर्मचारी निम्नलिखित विवरण के अनुसार व्यक्तिगत माल-भत्ता के परिवहन की लागत के लिए अधिकारी होगा :

(i) रेल द्वारा व्यक्तिगत माल-भत्ता का परिवहन :

वेतन-वर्ग	यात्रा अर्हता
रु. 16,400 और उससे अधिक	पूरा चतुष्चक्र वैगन (4 व्हीलर वैगन) अथवा माल-गाडी अथवा एक डबल कन्टेनर के द्वारा 6000 कि.ग्राम
रु. 8,000 और उससे अधिक परन्तु रु. 16,400 से कम	पूरे चतुष्चक्र वैगन (4 व्हीलर वैगन) अथवा माल-गाडी अथवा एक एकल कन्टेनर के द्वारा 6000 कि.ग्राम
रु. 4,100 और उससे अधिक परन्तु रु. 6,500 से कम	माल-गाडी द्वारा 1500 कि.ग्राम रु. 6,500 से कम
रु. 4100 से कम	माल-गाडी के द्वारा 1000 कि. ग्राम

टिप्पणी: रु. 3350/- प्रति मास तथा उससे अधिक के परिवर्तित वेतन प्राप्त करनेवाले कर्मचारी को माल गाड़ी के द्वारा 1500 कि.ग्राम व्यक्तिगत माल-भत्ता का परिवहन करने की अनुमति दी जाएगी।

(ii) सड़क यातायात द्वारा व्यक्तिगत माल-भत्ता का परिवहन :

सिर्फ सडक मार्ग से जुड़े दो जगहों के बीच व्यक्तिगत माल-भत्ता का परिवहन के लिए भत्ते की दरें, दि. 14 नवम्बर 2008 से लेकर, निम्नलिखित प्रकार से रहेंगी:--

वेतन वर्ग	ए-1/ए/बी-1 क्लास शहर (रुपये प्रति कि.मी.)	अन्य शहर (रुपये प्रति कि.मी.)
(1)	(2)	(3)
रु. 8000 और उससे अधिक	रु. 30.00	रु. 18.00
रु. 6500 और अधिक परन्तु रु. 8000 से कम	रु. 15.00	रु. 9.00
रु. 4100 और उससे अधिक परन्तु रु. 6500 से कम	रु. 7.60	रु. 4.60
रु. 4100 से कम	रु. 6.00	रु. 4.00

टिप्पणी-1: स्तंभ (2) में उल्लिखित अधिकता दरों पर भत्ता, अब सिर्फ उनके लिए हो देय रहेगा जो ए-1/ए/बी-1 क्लास शहरों की सीमाओं के अन्दर एक जगह से दूसरी जगह को व्यक्तिगत माल भत्ता का परिवहन करते हैं।

टिप्पणी-2: प्रति महीने रु. 3,350/- और उसके परिवर्तित वेतन में किसी कर्मचारी को रु. 4100 और उससे अधिक परन्तु रु. 6500 से कम वेतन श्रेणी में रहनेवाले कर्मचारियों के लिए निर्धारित भत्ते की दर के लिए अधिकार रहेगा।

टिप्पणी-3: सडक के द्वारा परिवहन के सन्दर्भ में, किसी कर्मचारी को, वास्तविक खर्च (अथवा) रेल दुवारा उच्चतम मान्य परिमाण के परिवहन पर स्वीकार्य रकम तथा अतिरिक्त रकम जो उसकी 25% से अधिक न हो, इनमें जो भी कम हो, प्राप्त करने का अधिकार रहेगा।

व्यक्तिगत माल-भत्ता को, रेल से जुडने वाली जगहों के बीच मालिकों के रिस्क पर माल गाडी के दुवारा परिवहन किये जाने चाहिए। सडक मार्ग पर परिवहन किया जाय तो वास्तविक खर्च-अथवा मालगाडी (रेल) के द्वारा स्वीकार्य रक़म के 1¼ गुना रकम, इनमें जो भी कम हो, मान्य होगा।

"ए" अथवा "बी-1" क्लास शहरों के सीमाओं के अन्दर ही अन्दर एक स्थान से दूसरे स्थान को निजी माल-भत्ता के परिवहन के लिए रोड मील-दूरी की उच्चतर दर स्वीकार्य होगी।

रेल मार्ग से जुडे नहीं गये केन्द्रों के बीच निजी माल-भत्ता के परिवहन के लिए रोड मील-दूरी की निम्नतर दर स्वीकार्य रहेगी।

(उ) यातायात-साधन का परिवहन :

विश्वविद्यालय खर्च पर यातायात साधनों के परिवहन के लिए परिमाण, दि. 14 नवम्बर 2008 से लेकर निम्नलिखित प्रकार रहेंगे :

वेतन वर्ग	अर्हता
रु. 6500 और उससे अधिक	एक मोटर कार, अथवा एक मोटर साइकल/स्कूटर, अथवा एक घोडा
रु. 6500 से कम	एक मोटर साइकल/स्कूटर/मोपेड अथवा एक बाइसैकल

रेल-मार्ग से परिवहन :

(अ)यात्री गाडी के द्वारा : रेलवे के द्वारा प्रभारित किये जानेवाला वास्तविक किराया:

(आ)माल-गाडी से : पैकिंग खर्च, गूड्स शेड के तथा वहाँ से पैक किये गये कार/मोटर साइकल का परिवहन खर्च मोटर कार के क्रेटिंग, लोडिंग, अन्लोडिंग प्रभार, रस्से की लागत आदि. सभी पुनः प्राप्त है। दावा उपर्युक्त (अ) के तहत रकम तक सीमित रहेगा।

(इ) चाफर अथवा क्लीनर को रेल दुवारा जिस स्टेशनों से और को, 'कार' वास्तव में परिवहित किया जाता है, उनके बीच के लघुतम मार्ग के दुवारा द्वितीय श्रेणी किराया प्राप्त करने का अधिकार होगा।

सडक मार्ग से यातायात :

रु. 1.30 प्रति कि.मी. मोटर कार के लिए रु. 0.50 प्रति कि.मी. मोटर साइकल/स्कूटर के लिए, यात्री गाडी के द्वारा माल भाडा दर तक सीमित रहेगा।

रेल के द्वारा जुडनेवाली जगहों के बीच - परिवहन का वास्तविक लागत, यात्री (पैसेन्जर) गाडी के द्वारा माल-भाडा तक सीमित रहेगा।

34. (i) इस्तीफा, पद से निकाल दिये जाना (dismissal) तथा सेवा से निकाल दिये जाना को छोडकर विश्वविद्यालय सेवा से सेवा निवृत्त होने वाला कोई भी कर्मचारी ड्यूटी के अन्तिम केन्द्र के अतिरिक्त किन्हीं जगहों में, जो 20 कि.मी. की दूरी से अधिक दूरी पर रहते हैं, रहते हों तो एक महीने के मूल वेतन के बराबर के संयोजित स्थानान्तरण अनुदान के लिए अधिकारी होगा।

(ii) कर्मचारी, जो सेवा निवृत्ति के बाद उनकी ड्यूटी के अंतिम केन्द्र पर ही ठहरता हो, अथवा 20 कि.मी. के अन्दर हो बसता हो, जहाँ वास्तव में आवास बदलने की स्थिति आई हो, उनके द्वारा प्राप्त किये गये अंतिम वेतन की एक तिहाई के बराबर का संयोजित्त स्थानान्तरण अनुदान के लिए अधिकारी रहेगा।

(iii) अपनी सेवा निवृत्ति पर कर्मचारियों के दुवारा यातायात साधनों के परिवहन के संदर्भ में, उनके सेवाकाल नें ड्यूटी-स्थल पर उनके स्वामित्व में रखी गई गाडी के सार्वजनिक हित में रहने की अपेक्षा पर जोर दिये बिना खर्च की पुनः प्राप्ति की अर्हता रहेगी।

(iv) यात्रा भत्ता का अग्रिम, की गई यात्राओं के सन्दर्भों में इस प्रकार के अग्रिम की मंजूरी के सक्षम अधिकारियों के दुवारा स्वीकृत किया जा सकता है सेवा निवृत्ति की पूर्व तैयारी छुट्टी के दौरान, परन्तु सेवा निवृत्ति के बाद की गई यात्रा के लिए नहीं।

35. कर्मचारी के कार्यरत रहते हुए, कर्मचारी का परिवार, अपने स्वग्राम अथवा किसी दूसरे चयित आवास के स्थान तक, जहाँ उसका परिवार बस जाना चाहता है, बशर्ते कि यात्रा कर्मचारी की मृत्यु के बाद एक साल के अन्दर पूरी की गई हो, मृत कर्मचारी के अंतिम प्रधान कार्यालय से यात्रा भत्ता प्राप्त कर सकता है।

36. वित्तीय अधिकारी, दौरे पर/स्थानान्तरण पर जानेवाले कर्मचारी को उनके व्यक्तिगत यात्रा-खर्च समावेश करने के लिए एक अग्रिम की मंजूरी दे सकते हैं, कुलपति, उनके पक्ष में दौरा-अग्रिम की मंजूरी दे सकते हैं।

37. पहले अग्रिम के लिए जब तक हिसाब नहीं दिया जा एगा, कुलपति के विशेष आदेशों के तहत को छोडकर, दूसरा अग्रिम स्वीकार्य नहीं होगा।

कोई कर्मचारी किसी खास यात्रा के लिए अग्रिम लिया हो, तो वह उक्त अग्रिम के तथा उसके अंश के पूरे हिसाब देने के पहले यात्रा भत्ता बिलों का भुगतान प्राप्त नहीं करेगा।

38. स्वीकृत किया गया अग्रिम दौरा पूरा करने के दिनांक से एक महीने के अन्दर अथवा 31 मार्च के अन्दर इनमें जो भी पहले पड़ता हो, अग्रिम की रकम का समंजन किया जाएगा। मार्च, महीने में प्राप्त किये गये अग्रिम, बहरहाल, दौरे की पूर्ति पर अथवा 30 अप्रैल तक--इनमें जो भी पहले पड़ता हो, समंजित किये जा सकते हैं।

39. यात्रा पूरी करने के 6 महीनों के अन्दर तरजीह नहीं दिये गये यात्रा भत्ता के किसी दावे का भुगतान कुलपति की निश्चित मंजूरी के बिना नहीं किया जाएगा।

40. एक बार प्राप्त किये गये, यात्रा भत्ते का पुनरीक्षण सामान्यतः मान्य नहीं होगा।

41. इन नियमों में शामिल नहीं होनेवाले अन्य सभी मामलों को, उस मुद्दे पर सरकारी नियमों में समरूप प्रावधानों पर विचार करने के पश्चात् कुलपति के सामान्य अथवा निश्चित आदेशों के अनुपालन में निपटाया जाएगा।

42. इन नियमों के प्रचलन से किसी कर्मचारी को अनुचित नुकसान होने अथवा संभाव्यता के बारे में कुलपति संतुष्ट होते हों, तो कुलपति, इन नियमों से उल्लिखित किसी भी व्याप्त से संबंध रखे बिना, उनके लिए न्याय संगत लगने के प्रकार से तथा कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन के बशर्ते न्याय संगत रहने के प्रकार से ऐसे कर्मचारी के मामले में निपटान करेंगे।

43. विश्वविद्यालय समितियां (कार्यकारिणी समिति, उच्च अधिकार समिति, वित्त समिति, कोर्ट, स्कूल बोर्ड, शासक मण्डल, बोर्ड आफ स्टडीज़ (अध्ययन परिषद), शिक्षा परिषद तथा अन्य प्राधिकरण) निम्नलिखित नियमों में उल्लिखित यात्रा भत्ते के लिए अर्हता रखती हैं :--

(i) रेल द्वारा यात्रा : सामान्यतः किसी भी सदस्य को रेलगाड़ी के द्वारा प्रथम-श्रेणी में यात्रा करनी चाहिए। ऐसे यात्राओं के सन्दर्भ में, उस सदस्य को प्रथम श्रेणी के सरकारी कर्मचारी के सममूल्य पर रखा जाएगा तथा वे प्रथम श्रेणी रेल किराये के लिए हकदार होंगे। जहाँ, बहरहाल, कुलपति के विचार से किसी गैर सरकारी अधिकारी को ए.सी. क्लास में यात्रा करनी चाहिए, कुलपति, अपने विवेकाधिकार से, ए.सी. क्लास यात्रा की अनुमति दे सकते हैं; जहाँ वह रियायत, उनकी दृष्टि में, निम्नलिखित शर्तों में एक अथवा एक से अधिक के निर्वाह के द्वारा न्यायोचित ठहरता है।

(1) किसी व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य के कारणों से अथवा बढ़ी हुई उम्र के कारण तथा/अथवा अशक्तता के कारण शयन स्थल के साथ वातानुकूलित यात्रा की आवश्यकता होती है।

(2) उनसे सम्बद्ध अथवा सेवानिवृत्ति के पहले संबद्ध रह सकते हों, संगठन के नियमों के तहत किसी व्यक्ति को वातानुकूलित कोच (यान) में यात्रा करने की अर्हता रहती है।

(3) जब कुलपति को संतुष्टि होती है कि रेल द्वारा एसीसी यात्रा सरकारी ड्यूटी के निष्पादन से संबंध न रखनेवाली यात्राओं के सन्दर्भ में संबंधित गैर-सरकारी अधिकारी के द्वारा की गई यात्रा का रूढ़िगत यातायात है।

टिप्पणी: विश्वविद्यालय संकाय आदि के गैर सरकारी सदस्यगण, वि.वि. संकाय की बैठकों में शामिल होने के लिए यात्रा करते समय द्वितीय श्रेणी ए.सी. 2 टीयर स्लीपर यान के द्वारा यात्रा करने का अधिकार रहता है। बहरहाल, यह छूट राजधानी एक्सप्रेस में द्वितीय श्रेणी, ए.सी., 2 टीयर स्लीपर के द्वारा यात्रा के लिए उपलब्ध नहीं रहेगी।

(ii) सडक मार्ग से यात्रा : रेल से नहीं जुड़े स्थलों के बीच, जब सडक मार्ग से यात्रा की जाती है -- सदस्य को, निजी कार/पूरे टैक्सी नियम 23 के तहत प्रथम श्रेणी अधिकारी को जो सड़क मील दूरी की अर्हता रहेगी, अधिकार रहेगा।

जब रेल मार्ग से जुड़े दो स्थलों के बीच की यात्रा, सड़क मार्ग से की जाती है, रेल द्वारा प्रथम श्रेणी किराये तक रोड मील-दूर सीमित की जाएगी।

बहरहाल, किसी व्यक्तिगत मामले में अगर कुलपति को संतुष्टि हो कि यात्रा लोक-हित में निष्पादित हुई है, पर सड़क मील-दूरी भत्ता, रेल किराये तक सीमित किये बिना ही, स्वीकृत किया जाएगा।

(iii) समुद्री या नदी स्टीमर के द्वारा यात्रा :-- समुद्र अथवा नदी पर स्टीमर की यात्रा के सन्दर्भ में, किसी गैर सरकारी सदस्य को अकॉमडेशन उच्चतम क्लास का न्यूनतम दर (आहार को छोडकर) का किराया देय होगा।

विश्वविद्यालय संकायों के गैर-सरकारी सदस्यों को निम्नलिखित प्रकार की दरों से दैनिक भत्ते की अर्हता रहेगी।

(i) उच्च अधिकार प्राप्त समितियाँ/आयोग		
शहरों का वर्गीकरण	दैनिक भत्ता (बाहर के गैर-सरकारी सदस्यों को) होटल में ठहरने के लिए	यातायात भत्ता (स्थानीय गैर-सरकारी सदस्यों को)
'ए' क्लास शहर	रु. 300 प्रति दिन	रु. 75/- प्रतिदिन की सीमा के
'बी' क्लास शहर	रु. 250 प्रति दिन	साथ वास्तविक गाडी किराया प्रभार
'सी' क्लास शहर	रु. 200 प्रति दिन	रु. 50 प्रति दिन की सीमा के साथ वास्तविक गाडी किराया प्रभार

कोई बाहर ... होटल में नहीं ठहरता हो, तो शहर के वर्गीकरण के अनुसार, उपर्युक्त दर प्रतिदिन रु. 50/- तक घटाई जाएगी।		
(ii)नियमित/काम ... के लिए		
शहर वर्गीकरण	...भत्ता (बाहर के गैर सरकारी सदस्यों के लिए)	यान भत्ता (स्थानीय गैर-सरकारी सदस्यों के लिए)
'ए' क्लास शहर	... के वर्गीकरण से संबंध न रखे बिना-फ्लेट दर रु. ...0/- प्रतिदिन-सदस्य होटल में ठहरते हों, तो तथा ...य होटल में नहीं ठहरने पर रु. 100 प्रतिदिन।	वास्तविक गाड़ी किराया प्रभार-शहर वर्गीकरण से संबंध न रखते हुए रु. 50/- प्रति दिन की सीमा की शर्त पर।

(iii) समिति, ... मंडल में जब किसी गैर सरकारी को नियुक्त किया जाता है, तब इस संबंध में केंद्र सरकार के अथवा किसी राज्य ... आयत्त और योगिक या वाणिज्य उपक्रम या निगम अथवा वैध संकाय अथवा किसी स्थानीय प्राधिकरण जिसमें सरकार ... किया गया हो, अथवा जिसमें सरकार के किसी अन्य प्रकार का हित रहे, के खर्च पर निःशुल्क आवास और भोजना ...ी, इन आदेशों के तहत उनको देय दैनिक भत्ते की एक-चौथाई मात्र के लिए अर्हता रहेगी। अगर आहार (भोजन) ...की अनुमति दी गई हो तो, उनको दैनिक भत्ता, स्वीकार्य दरों की तीन-चौथाई अंश मान्य रहेगा।

दैनिक ... पूरी अनुपस्थिति को सदस्य के सामान्य आवास स्थान से और तक को हिसाब में लिया जाएगा।

(iv) सदस्यों ... भत्ता, उनके द्वारा इसी यात्रा के लिए और ठहरने के लिए किसी अन्य स्रोत से यात्रा भत्ता अथवा दैनिक भत्ता प्रा... में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के बाद ही, देय होगा।

(v) सदस्यों ... और हस्ताक्षरित बिलों पर वित्त अधिकारी के द्वारा प्रति हस्ताक्षर किये जाएँगे। भत्ते के दावे के अंतिम दिन के पहले ...। किसी बैठक में भाग लेने के लिए अगर कोई सदस्य अपने स्थाई आवास स्थल के सिवा अन्य स्थल से यात्रा का ... समाप्ति के बाद वापस आता हो, यात्रा भत्ते का परिकलन, वास्तविक यात्रा की दूरी अथवा स्थाई आवास स्थल त... की दूरी, जो भी कम हो, के आधार पर, किया जाएगा।

(vi) सदस्य ... बैठक में भाग होने के लिए वास्तविक यात्रा भत्ता ले सकते हैं। अगर कोई सदस्य अपने स्थाई निवास के अतिरिक्त ... यात्रा करता है तो इस दशा में उनकी यात्रा भत्ता वास्तविक यात्रा की दूरी या स्थाई निवास की दूरी, जो भी कम हो, दे ...

44\. किसी सदस्य ... कुलपति की मंजूरी से अपने निजी कार/टैक्सी के द्वारा वह यात्रा करता/करती हो, वो, रु. 1.30 प्रति किलो मीटर की ...

45\. किसी यात्रा भत्ते ... अथवा प्रति हस्ताक्षर करने के पहले नियंत्रक अधिकारी की बाह्यता होगी कि--

(अ) यात्रा भत्ते ... यात्राओं की बारंबारिता और अवधि तथा ठहराव की जाँच करना तथा किसी यात्रा के अनावश्यक अथवा अनुचित ... पड़ाव की अवधि के अत्यधिक रहने पर, मात्रा भत्ते के पूरे अथवा किसी अंश को नामंजूर करना।

(आ) ... ध्यान से जाँच करना;

(इ) (i) प्रति ... अतिरिक्त किराया अथवा किराये को छोड़कर रेलवे अथवा स्टीमर द्वारा यात्रा के लिए मील दूरी भत्ते का दावा ... की श्रेणी को लागू होनेवाली दर पर रहता; तथा (ii) यथा संभव जहाँ भी खरीदे गये हों और जब भी खरीदे ... यात्राओं के लिए रियायती वापसी यात्रा टिकटें।

(ई) कार्यकारी ... के द्वारा अपने मार्गदर्शन के लिए किये जाने वाले सहायक नियमों अथवा आदेशों का अनुपालन करना।

(उ) नियम ... देने के पहले अपने को संतुष्ट कर लें कि उस व्यक्ति ने दावे की जानेवाली दर पर वास्तव में थ्रू-टिकट खरीदा ... की सुविधा से यात्रा का अंश उपलब्ध होने पर समुचित श्रेणी अकोमडेशन के लिए मात्र भुगतान करने पर सस्ते दर ... नहीं रहा।

46 जब तक भारती ... अधिनियम में प्रतिकूल नहीं रहता, तब तक विधियाँ, अध्यादेश, मूलभूत नियम और अनुपूरक नियमों के संशोधनों को, ... जिस दिन से ऐसे संशोधन/आदेश अमल में लाये जाते हैं, उस दिन से लेकर इन नियमों के तहत केन्द्र सरकार के द्वारा पहले ... किये जानेवाले इन नियमों अथवा किसी आदेश अथवा किसी प्रशासनिक निर्देश के संबंधित प्रावधानों के संशोधन मान ...

अध्याय --6

... के कर्मचारियों की छुट्टी यात्रा रियायत को शासित करनेवाले अध्यादेश

1 ... विश्वविद्यालय (छुट्टी यात्रा रियायत) नियमावली'' कहा जा सकता है। ये दि. 14 नवम्बर, 2008 से लागू ...

2 (क) प्रस्तुत ... रोजगार में रहनेवाले सभी कर्मचारियों के लिए जिन्होंने यात्रा के प्रारम्भ होने की तिथि को एक से अधिक वर्ष को ...

(ख) एक वर्ष की निरंतर सेवा की समाप्ति पर रियायत के लिए पुनर्नियुक्त अधिकारी पात्र होंगे वशर्ते कि ऐसे कर्मचारियों के मामले में विश्वविद्यालय के अधीन उनके पदभार ग्रहण करने की वास्तविक तिथि से दो/चार पंचांगीय वर्षों के परवर्ती ब्लाक तथा कि विश्वविद्यालय में पदभार ग्रहण करने की तिथि से 2/4 वर्षों की अवधि के लिए प्रस्तुत विश्वविद्यालय के अधीन उनके सेवा में लगे रहने की संभावना है।

3. इन नियमों में अन्यथा उपबंधित को छोड़करः

(क) "परिवार" से तात्पर्य है कर्मचारी की पत्नी अथवा पति जो भी हो कर्मचारी के साथ निवास करें और दो जीवित बच्चे अथवा सौतेले बच्चे साथ रहे तथा कर्मचारी के ऊपर पूर्णतः अवलम्बित रहे, जिसकी सारे स्रोतों से मासिक आय रु. 1500/- से ज्यादा न हो इसमें शामिल है। इसके अतिरिक्त, माँ-बाप, सौतेले माँ, विधवा बहनें, नाबालिग भाई और विवाहित पुत्रियाँ जो अपने पतियों से तलाकित, तिरस्कृत अथवा अलग किये गये हों, यदि कर्मचारी के साथ रहते हों अथवा उसके ऊपर पूर्णरूपेण निर्भर रहते हों। विधवा बहनें भी यदि कर्मचारी के साथ रहती हों अथवा उसके ऊपर निर्भर रहती हों, शामिल हैं। (बशर्ते कि उनके माता-पिता या तो जीवित नहीं हों अथवा वे स्वयं कर्मचारी के ऊपर निर्भर रहती हों।)

टिप्पणी-1:यथा ऊपर संकेतित दो जीवित बच्चों का अवरोध कर्मचारी के वर्तमान बच्चों के संबंध में और अवरोध के लागू होने के एक वर्ष के भीतर पैदा हुए बच्चे पर तथा भूतपूर्व बच्चे के बाद के बहु शिशुओं के मामले में लागू नहीं होगा।

टिप्पणी-2:इन नियमों के प्रयोजन के लिए परिवार की शर्तों में एक पत्नी से अधिक शामिल नहीं है। फिर भी, अगर कर्मचारी के पास वैध विवाहित दो पत्नियाँ हैं और दूसरा विवाह विश्वविद्यालय की विशिष्ट अनुमति के साथ हुआ हो, तो दूसरी पत्नी भी "परिवार" की परिभाषा के अंदर शामिल की जाएगी।

(ख) "गृह नगर" से मतलब है सेवा-पंजी में अथवा दूसरे उचित कार्यालय अभिलेख में यथाप्रविष्ट अथवा अचल सम्पत्ति के स्वामित्व घनिष्ठ रिश्तेदार का स्थाई निवास, आदि, जैसे कारणों द्वारा विधिवत् समर्थित उसके द्वारा यथा उद्घोषित ऐसी कोई दूसरी जगह अथवा ऐसा स्थान जहाँ पर कर्मचारी प्रायः विश्वविद्यालय में सेवा के कारण नहीं रहने पर निवास करता हो। एक बार की गयी घोषणा अंतिम होगी।

(ग) "दो पंचांग वर्षों की अवधि में एक बार" से तात्पर्य है वर्ष 1986 से प्रारम्भ होनेवाले दो पंचांग वर्षों के प्रत्येक ब्लॉक में, एक बार अर्थात् दो पंचांग वर्षों का एक ब्लॉक 1986 व 1987 वर्ष।

(घ) "चार पंचांग वर्षों की एक अवधि में एक बार से मतलब है चार पंचांग वर्ष 1986 की एक अवधि अर्थात् वर्ष 1986, 1987 से 1988 और 1989 चार वर्षों का एक ब्लॉक होगा।

(ङ) "भारत में कोई जगह" में कर्मचारी के "गृह नगर" के अलावा, भारत के प्रशासन के भीतर कोई स्थान चाहे वह भारत की प्रधान भूमि पर हो अथवा समुद्र पार स्थित हो।

(च) "लघुतम मार्ग" वह है जिसके द्वारा यात्री अधिकतम वेग से यात्रा के सामान्य साधनों द्वारा अपने गन्तव्य-स्थान को पहुँच सकता हो।

4. (1) इसी विश्वविद्यालय का एक कर्मचारी अपने और अपने परिवार के लिए अपने द्वारा घोषित गृह नगर को लघुतम मार्ग द्वारा दो पंचांग वर्षों की एक अवधि में जाने-आने छुट्टी यात्रा रियायत का उपभोग कर सकता/सकती है -- दौरे के समान वह मुख्यालय से अपने गृह-नगर को वायु/रेल/सड़क माइलेज, आदि पात्र सवारी से यात्रा करने पर यात्रा के सम्पूर्ण भाड़ा व्यय की सम्पूर्ण प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी, बशर्ते कि रेल द्वारा सम्पर्क स्थापित नहीं किये स्थानों के बीच की सड़क-दूरी दर किसी भी तरह की बस के लिए जिसमें शामिल हैं सूपर डीलेक्स, डीलेक्स, एक्सप्रेस वातानुकूलित बस को छोड़कर।

(2) जब पति-पत्नी दोनों इस विश्वविद्यालय के कर्मचारी होते हों, तो दम्पति को एक ही परिवार एकक के समान समझाना चाहिए और एक ही जगह को उनको अपने "गृह-नगर" के रूप में घोषित करना चाहिए जिसे दोनों के लिए सदा-सदा के लिए वही जगह होनी चाहिए। उपबंधित है कि अगर किन्हीं भी कारणों से पति व पत्नी अलग-अलग रहती हों, तो वे दो अलग-अलग कर्मचारीयों के समान-अपनी-अपनी पात्रताओं के अनुसार स्वतंत्र रूप से रियायत का दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

आगे यह भी व्यवस्थित है कि यदि परिवार अलग-अलग रूप से यात्रा करता हो कर्मचारी द्वारा अलग-अलग दावा प्रस्तुत किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

3. जब एक कर्मचारी की पत्नी/पति इस विश्वविद्यालय से किसी इतर कार्यालय में नियुक्त हो जहाँ पर छु.या.रि. सुविधाएँ उपलब्ध हों अथवा अन्यथा ऐसा नियुक्त नहीं होने पर, पति/पत्नी के दावे को रोजगार/गैररोजगार प्रमाण-पत्र के साथ यथा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. (1) (i) इस विश्वविद्यालय का कर्मचारी चार वर्षों के एक ब्लॉक में एक बार भारत में किसी भी जगह को जाने-आने अपने लिए और अपने परिवार के सदस्यों के लिए छुट्टी यात्रा रियायत का उपभोग कर सकेगा/सकेगी तथा पहले ही कर्मचारी द्वारा यथा घोषित भारत में किसी भी जगह केलिए मुख्यालय से जाने-आने के सम्पूर्ण वास्तविक यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी।

(क) वायु/रेल द्वारा यात्राः

वेतन रेंज	पात्रता
रु.18,400 और ऊपर	उनकी राय पर, राष्ट्रीय वाहन द्वारा एयर इकोनॉमी (राय) क्लास अथवा रेल से एसी प्रथम श्रेणी

रु. 16,400 और ऊपर, परंतु रु. 18,400 से कम	ए.सी. प्रथम श्रेणी
रु. 8,000 और ऊपर, किंतु रु. 16,400 से कम	दूसरी एसी 2-टीयर स्लीपर
रु. 4,100 और ऊपर, पर रु. 8,000 से कम	प्रथम श्रेणी/एसी 3-टीयर स्लीपर/एसी चेयर कार
रु. 4,100 से कम	दूसरी स्लीपर

* सभी सरकारी कर्मचारी जो कि छु.या.रि. पर पहली श्रेणी/एसी 3-टियर स्लीपर/एसी चेयर कार से यात्रा करने के लिए हकदार हैं, अपने विवेक पर, ऐसे मामलों में जहां पर सीधे लघुतम मार्ग द्वारा संबंधित मूल एवं गन्तव्य स्टेशनों के बीच की रेलों में से कोई गाड़ियाँ इन तीनों श्रेणियों के आवास की व्यवस्था नहीं करती हों तो एसी 2-टियर स्लीपर से यात्रा कर सकते हैं।

राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों द्वारा यात्रा

वेतन रेंज	पात्रता
रु. 16,400 और ऊपर	एसी प्रथम श्रेणी
रु. रु. 8,000 और ऊपर, पर रु. 16,400 से कम	दूसरी एसी 2-टियर स्लीपर
रु. 4,100 और ऊपर, पर रु. 8,000 से कम	एसी 3-टियर स्लीपर

शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ियों द्वारा यात्रा

वेतन रेंज	पात्रता
रु. 16,400 और ऊपर	कार्यपालक श्रेणी
रु. 4,100 और ऊपर पर रु. 16,400 से कम	एसी चेयर कॉर

टिप्पणी: राजधानी/शताब्दी एक्सप्रेस की हकदारी तभी लागू होगी जब इन गाड़ियों द्वारा वास्तविक रूप से यात्रा की गयी हो। यात्रा की दोनों छोर, अर्थात् यात्रा की प्रारंभ की जगह और गन्तव्य-स्थल दोनों को राजधानी/शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी से सीधे संबंधित होना चाहिए।

(ख) समुद्र या नदी स्टीमर द्वारा यात्रा

वेतन रेंज	पात्रता
रु. 8,000 और ऊपर	उच्चतम श्रेणी
रु. 6,500 और ऊपर, पर रु. 8,000 से कम	स्टीम में यदि दो ही श्रेणियाँ हों, तो निम्नतर श्रेणी। यदि तीन श्रेणियाँ हों तो, बीच की या दूसरी श्रेणी
रु. 4,100 और ऊपर, पर रु. 6,500 से कम	यदि चार श्रेणियाँ हों, तो तीसरी श्रेणी
रु. 4,100 से कम	निम्न श्रेणी

भारतीय शिपिंग निगम लि. द्वारा प्रचलित प्रधान भूमि और अंदमान एवं निकोबार द्वीप-समूह और लक्षद्वीप समूह के बीच की यात्रा के लिए आवास-पात्रता निम्न प्रकार से होगी:

वेतन रेंज	पात्रता
रु. 8,000 और ऊपर	डीलक्स श्रेणी
रु. 6,500 और ऊपर, पर रु. 8,000 से कम	प्रथम/'ए' कैबिन श्रेणी
रु. 4,100 और ऊपर, पर रु. 6,500 से कम	द्वितीय/'बी' कैबिन श्रेणी
रु. 4,100 से कम	बंक श्रेणी

(ग) सड़क द्वारा यात्रा:

वेतन रेंज	पात्रता
(i) रु. 18,400 और ऊपर	किसी भी प्रकार की सार्वजनिक बस द्वारा वास्तविक किराया, जिसमें वातानुकूलित बस भी शामिल है; अथवा रेल द्वारा संबंधित नहीं किये स्थानों की यात्रा हेतु

	एसी टैक्सी/टैक्सी के लिए निर्धारित दरें (एसी टैक्सी से वास्तविक रूप से निष्पादित यात्रा के लिए एसी टैक्सी) बशर्ते कि पात्र श्रेणी से बस का किराये या वास्तविक रूप से भुगनित किराये जो भी काम हो तक दावा प्रतिबन्धित कर दिया जाएगा।
(ii) रु. 8,000 और ऊपर, पर रु. 18,400 से कम	ऊपर (i) के समान ही इस अपवाद सहित कि एसी टैक्सी द्वारा यात्राओं की अनुमति नहीं है।
(iii) रु. 6,500 और ऊपर, पर रु. 8000 से कम	ऊपर (ii) के समान ही इस अपवाद सहित कि वातानुकूलित बस की यात्राओं की अनुमति नही है।
(iv) रु. 4,100 और ऊपर, पर रु. 6,500 से कम	वातानुकूलित बस को छोड़कर किसी भी प्रकार की पब्लिक बस का वास्तविक किराया अथवा रेल द्वारा संबंधित नहीं किये स्थानों की यात्रा के लिए ऑटो रिक्शा के लिए निर्धारित दर, बशर्ते कि पात्र वर्ग का बस किराया या वास्तविक भुगनित किराया जो भी कम है। दावा प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।
(v) रु. 4,100 से कम	ऊपर (v) के समान इस शर्त सहित कि सामान्य बस के किराये तक दावा प्रतिबंधित का दिया जाएगा।

टिप्पणी: एसी टैक्सी या ऑटोरिक्शा द्वारा की यात्रा के समस्त मामलों में किराये की रसीद का प्रस्तुतीकरण आवश्यक होगा।

2. सड़क द्वारा यात्रा -- (i)

(ii) जहाँ पर यतोपरोक्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विद्यमान नहीं हो, तो स्थानान्तरण पर की जानेवाली यात्राओं के मामले के समान सहायता विनियमित कीजाएगी।

(iii) उप-नियम (1) या उपनियम (2) की धाराओं (i) में निहित के होते हुए जहाँ पर सरकारी कर्मचारी सड़कों से यात्रा करते समय एक बस में सीट या सीटें लेता हो, वैन या दूसरे वाहन जो सार्वजनिक क्षेत्र के पर्यटन विकास निगम, राज्य परिवहन निगम और दूसरी सरकारों या स्थानीय वाहन का वास्तविक भाडा रेल द्वारा लघुतम मार्ग द्वारा यात्रा की गयी हो तो प्रतिपूर्ति की जाएगी। निजी कॉर (स्वामित्व के उधार लिये या किराये पर), या बस, वैन या दूसरे निजी चालकों द्वारा प्रचलित वाहन यात्रा के लिए प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

3. वायु द्वारा -- सरकारी कर्मचारी रेल द्वारा असम्बद्ध स्थानों के बीच की यात्रा वायु द्वारा कर सकता है, जहाँ पर यात्रा के लिए दूसरा और कोई साधन उपलब्ध न हुआ हो अथवा अधिक खर्चीला हो।

4. शिपिंग सेवाओं द्वारा सम्बद्ध भारत के संघशासित क्षेत्र के स्थानों के संबंध में जहाज द्वारा यात्रा हेतु सरकारी कर्मचारी की पात्रता स्थानांतरण पर जहाज द्वारा की जानेवाली यात्रा के मामले की तरह विनियमित की जाएगी।

5. परिवहन के और किसी साधन द्वारा नहीं जुड़े स्थानों के बीच की यात्रा -- परिवहन के और किसी साधन द्वारा नहीं जोड़े स्थानों के बीच की यात्रा हेतु सरकारी कर्मचारी पशु परिवहन जैसे खचरा, हाथी, ऊँट आदि का उपयोग कर सकता है, ऐसे मामले में स्थानांतरण पर की जानेवाली यात्राओं के समान दर पर दूरी भत्ता दिया जाएगा।

1. उपबंधित है कि छु.या.रि. निजी कॉर (स्वामित्व का), उधार लिया (भाड़े पर लिया) अथवा चार्टर्ड बस, वैन, अथवा निजी प्रचालकों द्वारा स्वामित्व किये दूसरे वाहन द्वारा निष्पादित यात्राओं के लिए छु.या.रि. नहीं दी जाएगी। फिरभी, सार्वजनिक क्षेत्र के पर्यटन विकास निगमों, राज्य परिवहन निगमों और सरकार अथवा स्थानीय निकायों द्वारा प्रचालित परिवहन सेवाओं द्वारा प्रचालित वाहनों द्वारा निष्पादित यात्रा के लिए आवास के प्राधिकृत श्रेणी द्वारा रेलवे किराये को वास्तविक व्यय सीमित करके दावा प्रतिबंधित किया जाएगा।

आगे इसका भी प्रावधान किया जाता है कि रेल द्वारा नहीं जोड़े स्थानों के बीच, जहाँ पर एक मान्य सार्वजनिक परिवहन प्रणाली उपलब्ध हो तो ऐसी प्रणाली द्वारा वास्तविक रूप से प्रभारित भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

2. जब कर्मचारी एक उच्चतर श्रेणी में यात्रा करता हो, सहायता उचित श्रेणी के किराये तक प्रतिबंधित की जाएगी और अगर वह निम्नतर श्रेणी से यात्रा कस्ता हो तो वास्तविक भुगतित निम्नतर श्रेणी के किराया की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

3. खरीदे सरकुलर टूर टिकट पर निष्पादित यात्राओं केलिए मुख्यालय और घोषित स्थान के बीच के लघुतम मार्गकी दूरी के लिए वास्तविक भुगतित किराया या पात्र श्रेणी जो भी कम हो, दावा माना जाएगा।

4. पोर्ट ब्लायर की यात्राओं के लिए एम्बार्केशन बंदरगाह तक यात्रा मानी जाएगी। एम्बार्केशन बंदरगाह से पोर्टब्लायर तक कर्मचारी समुद्री यात्रा की लागत को निम्नप्रकार से हकदार होगा:

(क) रु. 5,100 वेतन प्राप्त करनेवाले प्रथम श्रेणी के अधिकारी (पुनरीक्षित) और ऊपर	डीलक्स	कैबिन
(ख) दूसर प्रथम श्रेणी के अधिकारी	I श्रेणी	कैबिन
(ग) द्वितीय वर्ग	II श्रेणी (ए)	कैबिन
(घ) तृतीय वर्ग	II श्रेणी (बी)	कैबिन
(ङ) चतुर्थ वर्ग	बंक	

फिर भी, [illegible] प्रथम वर्ग के अधिकारियों को मेनलैण्ड में निकटतम बिंदु से पोर्ट ब्लायर के वायु से यात्रा करने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं।

6. (1) [illegible] कर्मचारी का वर्ग तय किया जाएगा।

(2) [illegible] या आकस्मिक छुट्टी जिसमें विशेष आकस्मिक अवकाश और प्रसूति छुट्टी शामिल है के दौरान निष्पादित यात्राओं के लिए ग्राह्य [illegible]

(3) भारत [illegible] किसी [illegible] जगह को जाने की रियायत चार पंचांग वर्षों के एक ब्लॉक में उपलब्ध गृह-नगर को होनेवाले दो रियायतों में से एक है।

(4) यदि [illegible] कर्मचारी का गृह-नगर भारत से बाहर हो तो सहायता गृह-नगर के समीपतम भारतीय रेलवे स्टेशन या बंदरगाह तक [illegible]।

(5) गृह-नगर के [illegible] आवास में रहते हुए पढ़नेवाले कर्मचारी के बच्चे/कर्मचारी के मुख्यालय से गृह-नगर भारत में किसी भी जगह की जाने-आने की यात्रा [illegible] जो भी कम हो छु.या.रि. केलिए कर्मचारी के परिवार के सदस्यों के रूप में पात्र होंगे।

(6) जो कर्मचारी [illegible] छुट्टी पर जाता हो और फिर अपने पद के लिए बिना वापस आते ही त्याग-पत्र दे देता हो ऐसे कर्मचारी छु.या.रि. केलिए पात्र नहीं [illegible]

(7) स्थानान्तरण या दौरे पर की यात्राओं के साथ छु.या.रि. जोड़ी जा सकती है।

(8) निलम्बन पर रहने वाले कर्मचारी के मामले में, उसका परिवार ही छु.या.रि. केलिए पात्र होगा।

(9) पंजीकार के [illegible] सहित यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व कर्मचारी यात्रा-स्थान की घोषणा को बदल सकता है।

(10) कर्मचारी या उसके परिवार के सदस्य योजना के तहत या तो उसी स्थान को या विकल्प के विभिन्न स्थानों को भारत में कहीं भी जा सकते हैं।

(11) ब्लॉक के दौरान [illegible] वर्षों के एक अमुक ब्लॉक के लिए ग्राह्य छु.या.रि. का उपभोग नहीं किया गया हो, तो कर्मचारी और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा [illegible] स्वतन्त्र रूप से अगले ब्लॉक के प्रथम वर्ष में उसका उपभोग किया जा सकता है।

(12) वापसी यात्रा की समाप्ति की तिथि के छः महीनों के भीतर अगर दावा नहीं किया जाता हो, तो छु.या.रि. के लिए कर्मचारी का अधिकार रद्द रहेगा अथवा समाप्त समझा जाएगा।

(13) इन नियमों द्वारा [illegible] अप्रावधित दूसरे समस्त मामलों पर इस विषय पर सरकारी नियमावली में संबंधित प्रावधानों का विचार करने के पश्चात् विचार किया जाएगा।

(14) विश्वविद्यालय [illegible] छु.या.रि. का उपभोग करने देने हेतु विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को अग्रिम मंजूर करने के लिए सक्षम होंगे। ऐसे अग्रिम की राशि [illegible] अनुमानित रकम के 4/5 को सीमित होगी जिसकी विश्वविद्यालय को दोनों तरफ़ की यात्रा की लागत के संबंध में परिपूर्ति करनी पड़ेगी।

(15) अगर इन कर्मचारियों का परिवार अलग-अलग रूप से यात्रा करता हो, तो ग्राह्य सीमा तक भिन्न-भिन्न ढंग से अग्रिम का भी आहरण किया जाएगा।

(16) एक कर्मचारी छु.या.रि. केलिए आगे की यात्रा की प्रस्तावित तिथि से 65 दिवस पूर्व अपने परिवार के सदस्यों के लिए अग्रिम का आहरण कर सकता है। फिरभी, यह दिखाने के लिए कि टिकट खरीदने के लिए ही उसने उस अग्रिम राशि का उपयोग किया है सक्षम प्राधिकार के समक्ष अग्रिम के आहरण के दस दिनों के अंदर उसे बाह्य रेलवे टिकटों को प्रस्तुत करना चाहिए। अगर अग्रिम की मंजूरी के 65 दिनों के भीतर यात्रा प्रारम्भ नही की जाती हो, तो इस प्रयोजन हेतु आहरित अग्रिम-राशि को सम्पूर्णतः वापस कर दिया जाना चाहिए।

(17) उस कर्मचारी को जिसने छु.या.रि. केलिए अग्रिम-राशि प्राप्त कर ली हो वापसी यात्रा की समाप्ति के एक महीने के अंदर समायोजन-बिल को प्रस्तुत कर देना चाहिए।

(18) अगर अग्रिम को मंजूरी कि तिथि से एक महीने के भीतर यात्रा शुरू नहीं की हो अथवा वापसी यात्रा की समाप्ति के एक महीने के अंदर समायोजन बिल प्रस्तुत नहीं किया जाता हो, अथवा छु.या.रि. केलिए अग्रिम की मंजूरी के लिए नियमावली के किसी भी नियम का उल्लंघन किया गया हो, तो सहूलियत की खरीद के लिए ब्याज-दर के ऊपर 2½ प्रतिशत ब्याज प्रभारित किया जाएगा।

7. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों में सरकारी कर्मचारियों के लिए किसी विशिष्ट परिवर्तन होने तक केंद्र सरकार द्वारा पहले ही जारी/जारी किये जाने वाले नियमों या आदेशों या प्रशासनिक अनुदेशों के संगत प्रावधानों के संशोधन लागू होंगे तथा इन नियमों के तहत केंद्र सरकार द्वारा लागू किये जानेवाले ऐसे संशोधन/आदेश भी लागू होंगे।

अध्याय-7

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों केलिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति को आच्छादित करनेवाले अध्यादेश

1. इन नियमों को "भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (चिकित्सा उपस्थिति) नियमावली कहा जाता है। ये विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण सभी कर्मचारियों जिनमें पुनर्नियुक्त भी शामिल हैं, के लिए लागू होंगे, वे केंद्रीय या राज्य सरकार के विभागों से प्रतिनियुक्ति पर रहनेवालों के लिए लागू नहीं होंगे।

2. उन नियमों से विषय या संदर्भ में किसी परिवर्तन के होने तक :

(i) "प्राधिकृत चिकित्सक" से तात्पर्य है विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त चिकित्सा अधिकारी।

(ii) "विश्वविद्यालय का कर्मचारी" से मतलब है विश्वविद्यालय के अपने प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन रहनेवाले सभी अधिकारी और कर्मचारी तथा विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन रहनेवाले विभिन्न केन्द्रों के कर्मचारी किंतु अंशकालिक कर्मचारी, आंशिक कामगर, आकस्मिक दैनिक मज़दूर और ठेका के आधार पर रहनेवाले कर्मचारी शामिल नहीं होंगे।

(iii) "चिकित्सा उपस्थिति" से तात्पर्य है प्राधिकृत चिकित्सक का परामर्श-कक्ष या सरकारी अस्पताल या विश्वविद्यालय द्वारा मान्य दूसरा अस्पताल अथवा कर्मचारी का निवास, जिसमें परीक्षण के जैसे पैथोलेजिकल बैल्टीरीयोलोजीकल, रेड़ियोलोजिकल अथवा दूसरे प्रकार डायग्नोसिज़ के प्रयोजनों के लिए अस्पताल में यथा उपलब्ध हों अथवा परामर्श-कक्ष तथा प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा आवश्यक विचार किये जाते हों और यथा प्राधिकृत चिकित्सक ऐसी सीमा एवं तरीके में आवश्यक प्रमाणित करते हों विशेषज्ञ या दूसरे चिकित्सक के साथ ऐसा परामर्श तथा विशेषज्ञ या दूसरा चिकित्सक, प्राधिकृत चिकित्सक के परामर्श से सुदृढ़ निश्चय कर सकता है।

(iv) "एक विशेषज्ञ" से मतलब है सरकारी सेवा में कार्यरत चिकित्सक अथवा निजी सेवारत चिकित्सक जिसने चिकित्सा-विज्ञान की अमुक शाखा में विशिष्ट प्रवीणता प्राप्त की है।

(v) "चिकित्सा" से तात्पर्य है, विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पताल जहाँ पर समस्त चिकित्सा एवं सर्जीकल सुविधाएँ उपलब्ध हों या कोई दूसरा अस्पताल जिसमें कर्मचारी की चिकित्सा होती है और इसमें शामिल हैं;

(क) प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा यथावश्यक समझे जानेवाले जैसे पैथोलोजीकल, बैक्टीरीयोलाजीकल, रेड़ियोलोजीकल या दूसरी प्रविधियों के प्रयोग।

(ख) अस्पताल में यथा प्रायः उपलब्ध जैसी दवाएँ, वैक्सीनें, सीरा या दूसरे थोरापीटीक पदार्थों की आपूर्तियाँ।

(ग) ऐसी औषधियाँ, वैक्सीनें, सीमा या दूसरे थीरापैटिक पदार्थों की पूर्तियाँ जोकि सामान्यतया उपलब्ध नहीं होतीं, फिर भी प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा लिखित रूप से रोगी के चंगे होने के लिए अथवा रोगी कर्मचारी की गम्भीर गिरती स्थिति को देखते हुए प्रमाणित करने पर, निम्नांकित मदों को छोड़कर :--

1. तैयारियाँ जो कि दवाएँ नहीं होतीं किंतु प्रथमः खाद्य, टोनिकें, टॉयलट-तैयारियाँ अथवा क्रिमिनाशिनियाँ; तथा

2. अधिक खर्चीली दवाएँ, टोनिकें, लैक्सैटिवें या दूसरी भव्य तैयारियाँ जिनके लिए समान थीरापीटिक मूल्य की दवाएँ उपलब्ध हैं।

टिप्पणी: मार्किट से दवाएँ खरीदते समय कर्मचारी द्वारा प्रदत्त बिक्री कर प्रतिपूर्तनीय है। बाहरी स्टेशन से विशिष्ट दवाओं की खरीदी पर होनेवाले पैकिंग एवं डाकीय प्रभारों के लिए कर्मचारी द्वारा भुगतित पैसे अप्रतिपूर्तनीय है।

(घ) ऐसा आवास जोकि प्रायः अस्पताल में व्यवस्थित है और उसके ओहदे केलिए उपयुक्त है औरऐसी सेवा जो कि हस्पताल में अंदर के रोगियों को दी जाती है।

3. (1) विश्वविद्यालय का कर्मचारी प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा प्रमाणित किये जाने पर चिकित्सा सुविधाएँ मुफ़्त रूप से विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त अस्पताल में या सरकारी अस्पताल में या अपने घर पर जब प्राधिकृत चिकित्सक की राय में ऐसा कर्मचारी अस्पताल नहीं जा पाता हो, प्राप्त कर सकेंगे।

(2) जहाँ पर कर्मचारी हकदार हो, तो मुफ़्त या प्रभार, चिकित्सा प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा लिखित रूप में जारी प्रमाण-पत्र की प्रस्तुती पर ऐसी चिकित्सा केलिए उसके द्वारा भुगतित किसी भी राशि की विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिपूर्ति करा दी जाएगी।

उपबंधित है कि वित्त अधिकारी प्रत्येक मामले में तथ्यों और परिस्थितियों की सत्यता में स्वयं सन्तुष्ट नहीं पर किसी भी दावे को तिरस्कृत कर सकता है। ऐसा करते समय, वे संक्षेप में, दावे को तिरस्कृत कर देने के कारणों को दावेदार के पास सूचित करा देंगे और दावेदार दावे के तिरस्कृत होने के आदेश की प्राप्ति-तिथि के पैन्तालीस दिनों के भीतर उपकुलपति को अपनी अपील प्रस्तुत कर सकता है।

(3) अगर प्राधिकृत चिकित्सक ऐसा विचार करे कि किसी दूसरे चिकित्सक या विशेषज्ञ द्वारा चिकित्सा प्राप्त करने तक रोगी की स्थिति गम्भीर है, तो कुलपति की अनुमति सहित, ऐसी चिकित्सा हेतु स्टेशन में यथा उपलब्ध ऐसे दूसरे चिकित्सक या विशेषज्ञ के पास उसे भिजवा सकता है। यदि स्टेशन पर विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त और कोई चिकित्सक या विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हो अथवा कर्मचारी द्वारा अपेक्षित विशिष्ट प्रकार की सहायता या सलाह देने में चिकित्सक सक्षम नहीं हो, या विशिष्ट चिकित्सा हेतु सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो, तो दूसरे स्टेशन पर उपलब्ध विशेषज्ञ के पास रोगी को ले जाने या विशेषज्ञ को रोगी के पास ले आने केलिए कुलपति की अनुमति के लिए प्राधिकृत चिकित्सक आवेदित कर सकता है। विशेषज्ञों (मुख्यालय के अन्दर या बाहर) के शुल्कों एवं यात्रा-भत्ता और उसके द्वारा निर्धारित और कर्मचारी द्वारा खरीदी दवाओं की लागत की प्रतिपूर्ती उसे प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा की जाएगी। आपत्कालीन स्थितियों में जब कुलपति मुख्यालय से बाहर है तब रोगी की स्वास्थ्य-स्थिति बहुत गम्भीर हो जाने की सम्भावना है चिकित्सक कुलपति की मंजूरी की प्रत्याशा में बाहरी स्टेशन से विशेषज्ञ या चिकित्सक को बुला सकता है और तत्काल अनुमोदनार्थ उनके पास ऐसे मामलों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है।

4. (i) विश्वविद्यालय का कर्मचारी मुफ्त चिकित्सा के लिए हकदार होगा/होगी।

(क) विश्वविद्यालय द्वारा मान्य अस्पताल या दूसरा सरकारी अस्पताल या उसके अस्वस्थ हो जाने की जगह के पास, उसकी अपनी राय में जिसे उचित समझे, आवश्यक और उचित चिकित्सा प्राधिकृत चिकित्सक दे सकता है। अथवा

(ख) यथा उप-धारा (क) में यथा संदर्भित यदि ऐसा कोई अस्पताल नहीं हो, तो पास के अस्पताल में प्राधिकृत चिकित्सक चिकित्सा दे सकता है।

(ii) अस्पताल में चिकित्सा प्राप्त कर लेने पर प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा लिखित रूप में जारी प्रमाण-पत्र को प्रस्तुत करने पर अपनी पात्रता के अनुसार ऐसी चिकित्सा प्राप्त करने केलिए जो भी राशि उसने अदा की हो उसकी प्रतिपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।

टिप्पणी-1 "वेनीरील रोगों" और "डीलीरियम बीमारियाँ" की चिकित्सा पर कर्मचारी या उसके परिवार के सदस्यों द्वारा किये व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

टिप्पणी-2 "स्टेरिलिटि" की चिकित्सा पर किये व्यय की प्रतिपूर्ति होगी।

टिप्पणी-3 प्रसूति-भंग की चिकित्सा पर किये व्यय की प्रतिपूर्ति इस शर्त पर की जाएगी कि मेडिकल टर्मिनेशन आफ़ प्रेग्नेंसि अधिनियम 1971 के अधीन अनुमोदित सरकारी अथवा दूसरी संस्थाओं/अस्पतालों में प्रसूति-भंग निष्पादित किया गया हो।

उपबंधित है कि वित्त अधिकारी प्रत्येक मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों की सत्यता पर स्वयं संतुष्ट नहीं होने पर किसी भी दावे को तिरस्कृत कर सकता है। ऐसा करते समय वह दावे को तिरस्कृत करने के कारणों को, संक्षेप में, दावेदार को सूचित करा देगा और दावेदार दावे के तिरस्कृत होने के आदेश की प्राप्ति-तिथि से पैंतालीस दिनों के अंदर कुलपति के पास अपनी अपील प्रस्तुत कर सकेगा।

5. (1) अगर प्राधिकृत चिकित्सक विचार करे कि बीमारी की गम्भीरता की वजह से, कर्मचारी अस्पताल तक नहीं पहुँच पाता है, तो वह अपने घर पर चिकित्सा पा सकता है।

(2) अपने घर पर चिकित्सा प्राप्त करनेवाला कर्मचारी विश्वविद्यालय द्वारा मान्य अस्पताल या किसी अन्य सरकारी अस्पताल में ऐसी चिकित्सा के लिए प्राप्त किये जानेवाले चिकित्सा-शुल्क की राशि की प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए हकदार होगा/होगी।

(3) उप-धारा (2) के तहत ग्राह्य राशियों के लिए दावे लिखित रूप में प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के साथ होंगे और उस प्रमाण-पत्र में रोगी के घर में चिकित्सा होने के कारण और अस्पताल में समान चिकित्सा की लागत का जिक्र होना चाहिए।

6. विशिष्ट मामलों में, कुलपति विश्वविद्यालय के कर्मचारी या उसके परिवार की चिकित्सा विशिष्ट अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम में होने की मंजूरी दे सकते हैं। ऐसे मामले में, इन नियमों के अधीन निर्धारित व्ययों के ऊपर की राशि की प्रतिपूर्ति की सीमा कुलपति द्वारा निश्चित की जाएगी।

7. इन नियमों में निर्दिष्ट ऐसे अपवादों और अवरोधों को छोड़कर स्वयं कर्मचारियों के लिए निर्धारित मान एवं शर्तों पर चिकित्सा उपस्थिति और/अथवा चिकित्सा हेतु विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के परिवार पात्र हैं।

परिवार की परिभाषा:

"परिवार" से तात्पर्य है पत्नी या पति जो भी हो, माता-पिता, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ऊपर पूर्णरूपेण अवलम्बित बच्चे और स्टेप-बच्चे।

स्पष्टीकरण:

(क) "परिवार" शब्द भाई, बहन, विधवा बहन आदि जैसे किसी दूसरे अवलम्बित रिश्तों को शामिल नहीं करता। "माता-पिता" शब्द स्टेप माता-पिता को शामिल नहीं करेगा। "बच्चे" शब्द वैध रूप से गोद लिये बच्चों को शामिल करेगा।

(ख) कर्मचारी का पति या पत्नी, जो भी हो, सरकार या किसी दूसरे निगम, केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा आँशिक या पूर्णतः वित्तीय सहायता प्राप्त निकाय, स्थानीय निकाय और निजी संगठन जो चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करते हों जिनमें वह नियुक्त हो।

(ग) प्रस्तुत प्रयोजन के लिए, प्रत्येक कर्मचारी को नियुक्त होने के तुरंत बाद या इन नियमों के प्रारम्भ होते समय यह घोषणा कर देना चाहिए कि उसकी पत्नी/पति नियुक्त है कि नहीं। यदि नियुक्त हो तो एक संयुक्त घोषमा प्रस्तुत की जानी चाहिए कि कौन अपनी पत्नी/अपने पति और बच्चों की चिकित्सा उपस्थिति और चिकित्सा की प्रतिपूर्ति के लिए दावा करेगा/करेगी। उक्त घोषणा को दो प्रतियों में प्रस्तुत करना चाहिए। यह तब तक लागू रहेगा जब वे दोनों पति-पत्नी लिखित रूप से अनुरोध करके पुनरीक्षित करते हों।

(घ) ऐसे माता-पिता को जो साधारणतया संबंधित कर्मचारी के साथ रहते हैं और उनकी मासिक आय रु. 500/- से अधिक नहीं है उन्हें कर्मचारी के ऊपर निर्भर के रूप में समझ लेना चाहिए।

8. (क) चिकित्सा उपस्थित के प्रयोजन के लिए, एक एकली एवं लगातार अवधि की बीमारी के संबंध में चिकित्सा की प्रारम्भ-तिथि से दस दिनों की अवधि के भीतर समाप्त एक दिन एक परामर्श की दर पर चार परामर्शों तक अनुमत।

(ख) चिकित्सा उपस्थिति के संबंध में एक ताजे दावे को न्याय करने के लिए एक बीमारी से अस्वस्थता की पहली बारी की समाप्ति और दूसरी बार के लिए उसी बीमारी की पुनरावृत्ति के बीच एक न्यायोचित फ़ासला होना चाहिए।

(ग) परामर्शों/आवागमनों आदि की संख्या पर निर्धारित सीलिंगों की जाँच करने और दावों की सत्यता के बारे में संतुष्ट होने के लिए, यदि आवश्यक समझा गया तो दावेदारों द्वारा कर्मचारियों से मूल नुस्खों को प्रस्तुत कराने की अपेक्षा की जा सकती है।

(घ) ऐसे मामलों में जो कि निश्चित रूप से लम्बी अवधि के लिए नहीं हैं चिकित्सा (इंजेक्शनों के प्रयोग के लिए सीमित) निर्धारित, जब चिकित्सा उपस्थिति प्राप्त की जाती हो, दस दिवसों से अधिक नहीं की अवधि में प्राधिकृत चिकित्सक के परामर्श-कक्ष में या रोगी के गृह में, ली जा सकती है। ऐसे मामलों में, प्रायः दस दिनों में दस इंजेक्शन पर्याप्त हैं। ये सीमाएँ थोड़ी बढ़ सकती हैं (पाँच से ज्यादा नहीं) अर्थात् रोगी के चंगे होने की स्थितियों पर निर्भर करते हुए प्राधिकृत चिकित्सक की राय में जो भी उचित हो 10 से 15 दिनों की अवधि में 15 इंजेक्शन; निर्धारित दर पर इंजेक्शनों के प्रभारों का भुगतान किया जाएगा।

